सुप्रभात

रांची, गुरुवार

18.05.2023

* नगर संस्करण | पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 302




12 निरहुआ-आम्रपाली के गाना ने तोड़े सारे रिकार्ड

## झारखंड हाइकोर्ट ने गृह मंत्रालय से पूछा- आखिर बॉर्डर इलाके से कैसे आ जाते हैं बांग्लादेशी

# घुसपैठ पर केंद्र चार हफ्ते में जवाब दाखिल करे

›› सीमा से सटे जिलों में बढ़ी मदरसों की संख्या


›› अगली तारीख 19 जुलाई निर्धारित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से पूछा है कि बतायें कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए कैसे घुस जा रहे हैं। अदालत गृह मंत्रालय को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। सुनवाई के बाद अगली तारीख 19 जुलाई निर्धारित की है। बुधवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में घुसने से संबंधित दायर याचिका पर सुनवाई हुई। यह जनहित याचिका है, जिसे डेनियल दानिश ने दायर की है।

### लव जिहाद के मामलों में भी तेजी

बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि संथाल परगना के वैसे जिले जो बांग्लादेश से सटे हुए हैं, उनमें बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन सुनियोजित योजना के तहत झारखंड की आदिवासी लड़कियों से लव जिहाद के तहत शादी करते हैं। इसे रोका जाना चाहिए। उन्होंने अदालत को बताया कि पिछले कुछ वर्षों में संथाल



परगना के बांग्लादेशी सीमा से सटे हुए जिलों में अचानक मदरसों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अदालत को लगभग 46 मदरसों की सूची भी प्रार्थी ने पेश की जो नए बने हैं। डेनियल दानिश की ओर से जो जनहित याचिका दायर की गयी है, उसमें कहा गया है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिये आ रहे हैं। इस वजह से इन जिलों में जनसंख्या पर असर पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्टेबल किये जा रहे हैं। अब स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है।

### मदरसों में हो रहे हैं देश-विरोधी कार्य

प्रार्थी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि इन मदरसों से देश विरोधी कार्य हो रहे हैं। लव जिहाद के नाम पर आदिवासी युवतियों का शोषण हो रहा है, और घुसपैठिये जमीन पर कब्जा भी कर रहे हैं। याचिका में अदालत से इसकी जांच कराने का आग्रह किया गया है।

## अवैध खनन मामले में एजी से मांगा जवाब

**रांची (खबर मन्त्र)।** पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रधान महालेखाकार, झारखंड को मामले में की गई जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पूर्व में कोर्ट ने इस मामले में प्रधान महालेखाकार को प्रतिवादी बनाया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान मामले में गठित 3 सदस्य के कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 5 जुलाई निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सैटेलाइट इमेज से यह पता लगाना चाहिए कि उक्त तीन जिलों में जिन कंपनियों को कितने लैंड पर माइनिंग के लिए लीज मिला है और वे वास्तविक रूप से कितने लैंड पर माइनिंग का कार्य कर रहे हैं। दरअसल, यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपए की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बताई गई है, लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था। प्रार्थी का कहना था पलामू सहित कुछ जिलों में अवैध माइनिंग में अरबों का पैसों का खेल चलता है। इसकी रोकथाम होनी चाहिए। सरकार के जो अधिकारी इस अवैध माइनिंग में संलिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध खनन का मामला

## सिद्धारमैया ही होंगे सीएम आलाकमान ने लगायी मुहर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कर्नाटक के सीएम का नाम फाइनल कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने एक बार फिर सिद्धारमैया के ऊपर भरोसा जताया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सिद्धारमैया के नाम पर मुहर लगा दी है। वहीं कर्नाटक में कांग्रेस के अगले सीएम होंगे। वह गुरुवार शपथ ले सकते हैं। चार दिनों के मंथन के बाद कांग्रेस ने कर्नाटक के सीएम का नाम फाइनल कर दिया। कर्नाटक सीएम की रेस में सिद्धारमैया अपने प्रतिद्वंद्वी डीके शिवकुमार पर भारी पड़े। वहीं, डीके शिवकुमार के सरकार में शामिल होने पर सस्पेंस बना हुआ है।

**कड़ा मुकाबला चल रहा था :** कर्नाटक में सीएम बनने की रेस में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच कड़ा मुकाबला था लेकिन बाजी सिद्धारमैया के हाथ लगी। हालांकि, यह इतना आसान नहीं था। दोनों के बीच सीएम चुनने को लेकर कांग्रेस में



किस तरह से उहापोह की स्थिति थी, इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि नाम फाइनल होने में कांग्रेस को चार दिन लग गये। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 135 सीटों के साथ शानदार जीत दर्ज की है। रविवार को बेंगलुरु में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई जिसमें एक प्रस्ताव पारित कर सीएम चुनने का अधिकार कांग्रेस अध्यक्ष को दिया गया। अगले दिन सोमवार को कांग्रेस के तीनों पर्यवेक्षक दिल्ली पहुंचे और खड़गे से मिलकर उन्हें विधायकों की राय के बारे में बताया। सूत्रों के मुताबिक सिद्धारमैया के पक्ष में ज्यादा विधायकों का समर्थन था जो उनके दावे को ज्यादा मजबूत कर गया। एक बात और सिद्धारमैया के पक्ष में जाती है वह है मास अपील। पूरे राज्य में उनका असर है। (शेष पेज 11 पर)

## गुमला में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, पांच अरेस्ट

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्रांतर्गत एक सुदूरवर्ती गांव में शादी समारोह में शामिल सातवीं कक्षा की एक नाबालिग बच्ची के साथ चीरोडीह निवासी अवधेश चीक बड़ाईक (23), गुलेंद्र उरांव (19), कुलदीप भगत (19), सुनील उरांव (19) एवं अनुज राम (19 ) ने सामूहिक दुष्कर्म किया। बुधवार को गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बिशुनपुर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पिछले सोमवार को नाबालिग पीड़िता अपने गांव में रिश्ते के चाचा के घर में शादी समारोह था। वह समारोह में शामिल होने के लिए गयी हुई थी। वह उसी घर में थी जहां नाच गान हो रहा था। इसी बीच रात करीब 10 बजे पीड़िता के फोन पर उसकी सहेली का फोन आया, तो वह वहां से निकल कर कुछ दूर चली गयी। इसी दरम्यान चीरोडीह के अवधेश चीक बड़ाइक और गुलेंद्र उरांव पीछे से आकर धर दबोचा और मुंह बंद कर सुखवा टोली पतरा ले गये, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद बच्ची अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने बुधवार सुबह बिशुनपुर थाना में सभी आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## झारखंड में प्रचंड गर्मी से अभी राहत नहीं, और चढ़ेगा पारा


# राज्य भर में तेज आंधी-बारिश, ओले भी गिरे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में फिलहाल गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। राज्य के कुछ जिलों में तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया है। गर्मी की वजह से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल है। राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बुधवार की शाम सात बजे के बाद तेज आंधी आयी। आंधी के साथ बारिश और ओले भी गिरे। उपराजधानी दुमका में तो भारी बर्फबारी हुई और बड़े-बड़े ओले गिरे। भीषण गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिली। अपार्टमेंट और कंक्रीट के घरों में बंद बिलबिला रहे लोगों को बारिश और तेज हवा से राहत मिली। गर्जन भी तेज थी। ग्रामीण इलाकों में ओले भी गिरे।

### दुमका में गिरे बड़े-बड़े ओले

**दुमका।** बुधवार को जिले में बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। अचानक आसमान से बड़े-बड़े आकार के ओले गिरने लगे। इससे मौसम तो सुहाना हुआ ही, लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत भी मिली। लेकिन इससे सड़क के किनारे खड़े कुछ वाहनों के शीशे भी टूट गये। अचानक दोपहर बाद आकाश में बादल घिर आये और जमकर ओलावृष्टि होने लगी। दुमका में पिछले 15 दिनों से तापमान काफी बढ़ा हुआ था। रोज का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया जा रहा है।



**तापमान 40 डिग्री पार**

राज्य के अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। आने वाले चार-पांच दिनों तक राज्य के तापमान में कोई बदलाव संभव नहीं है। तामपान में और वृद्धि ही संभव है। कुछ जिलों में लू चलने की संभावना व्यक्त की गयी है। बच्चों और बुजूर्गों को इस मौसम में बचने की जरूरत है। विभाग ने सलाह दी है कि ऐसे मौसम में अधिक से अधिक ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलना जरूरी हो तभी धूप में निकलें, इसके पहले सर, चेहरा और शरीर के अन्य भागों को ढंक लें। नियमित पानी पियें। किसी भी तरह की कमजोरी, थकान, बीपी लो आदि की समस्या होने पर डॉक्टर से संपर्क करने कहा गया है। (शेष पेज 11 पर)

## बिहार में शराब ढूंढने वाला ₹60 लाख का ड्रोन लापता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार का 60 लाख का ड्रोन लापता हो गया। सरकार ने इसे राज्य में शराब ढूंढने के लिए मंगवाया था। अब तक पुलिस उस ड्रोन का पता नहीं लगा पायी है। इसको लेकर बिहार में सियासी बयानबाजी भी शुरू हो गयी है। भाजपा के नेता कह रहे हैं कि जिस तरह ड्रोन गायब हुआ है, उसी तरह सीएम की कुर्सी भी गायब हो जायेगी। इसको लेकर बिहार सरकार के मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने पलटवार किया है। मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि भाजपा को बेचैनी हो रही है। यह तकनीकी गड़बड़ी के कारण हुआ है। हमलोग उसे ढूंढ निकालेंगे। महागठबंधन की सरकार अच्छे से चल रही है, इसलिए उन्हें बैचैनी हो रही है। हमलोग ड्रोन को बहुत जल्द खोज लेंगे। पुलिस भी जांच कर रही है। जैसे ही रिपोर्ट आयेगी, जानकारी दी जायेगी। (शेष पेज 11 पर)

### राज्य में सियासी बयानबाजी तेज

### खोजने वाले को मिलेगा इनाम

ड्रोन गायब होने के बाद इसकी जानकारी छपरा के उत्पाद विभाग को दी गयी थी। छपरा के उत्पाद अधीक्षक रजनीश ने ड्रोन खोजने वालों को इनाम देने की भी घोषणा की है। बिहार सरकार का यह ड्रोन शराब माफियाओं के लिए खतरा पैदा करने वाला था। जब से ड्रोन गायब हुआ है, तब से लगातार खोजबीन की जा रही है। भाजपा नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि इससे पहले रेल का इंजन, पटरी और टावर गायब हो चुका है तो ड्रोन गायब होना कोई बड़ी बात नहीं है। सीएम की कुर्सी भी गायब हो जायेगी तो इसमें आश्चर्य नहीं होगा।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव कड़ी सुरक्षा में लाया गया रांची

# मददगारों की सूची बनी एटीएस कसेगा शिकंजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के छह जिलों की पुलिस के लिए चुनौती बना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को एटीएस ने मुंबई से गिरफ्तार कर बुधवार को कड़ी सुरक्षा में रांची लाया। इस दौरान रांची एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। अमन के बरामद मोबाइल फोन से उसके कई मददगारों के बारे में पुख्ता जानकारी मिली है। इनसे अमन श्रीवास्तव लगातार संपर्क में रहता था। इन मददगारों को एनआइए ने पूर्व में जेल भी भेजा था।

**मददगारों में कई कोयला कारोबारी और व्यापारी :** अमन श्रीवास्तव के मोबाइल से उसके मददगारों के बारे में जो जानकारी मिली है, उनमें रांची में रहनेवाला कोयला कारोबारी, लातेहार के चंदवा के कोयला ट्रांसपोर्टर और रामगढ़ का एक बड़ा कोयला कारोबारी शामिल है। अब एटीएस इन मददगारों पर शिकंजा कसेगी। इसकी सूची बना ली गयी है। इन मददगारों से अमन श्रीवास्तव लगातार संपर्क में रहता था। कई मददगारों को एनआइए ने पहले भी जेल भी भेज दिया था। (शेष पेज 11 पर)



## ड्रग तस्कर-गैंगस्टर-खालिस्तानी टेरर लिंक के खिलाफ कार्रवाई

# लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी समेत दर्जनभर गैंगस्टर्स के यहां एनआइए का छापा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने बुधवार को एक बड़े ऑपरेशन में गैंगस्टरों, ड्रग तस्करों और आतंकवादी समूहों के बीच कथित सांठगांठ पर कार्रवाई के तहत छह राज्यों में 100 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी खालिस्तानी तत्वों के साथ संबंधों की भी जांच कर रही है। दिल्ली-एनसीआर समेत हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में 100 से अधिक स्थानों पर तलाशी चल रही है। दिल्ली एनसीआर में 32, राजस्थान में 18 ठिकानों पर एनआइए ने छापा मारा। पंजाब में भी 65 ठिकानों पर एनआईए की रेड जारी है। गैंगस्टर-टेरर लिंक केस में लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और नीरज बवाना सहित दर्जन भर गैंगस्टरर्स के यहां एनआइए के छापे जारी है। देश में आतंकवादी गतिविधियों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में खालिस्तानी समूहों से जुड़े गैंगस्टरों की संलिप्तता का सुझाव देने वाली खुफिया सूचनाओं के जवाब में एनआइए की कार्रवाई सामने आयी है। एजेंसी का उद्देश्य आतंकवाद को बढ़ावा देने में शामिल नेटवर्क को उजागर करना और उनकी गतिविधियों को बाधित करना है। ऑपरेशन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले आपराधिक नेटवर्क को खत्म करने के एनआईए के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिलहाल एनआईए ने इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। (शेष पेज 11 पर)




# इमरान के घर छिपे हैं 40 आतंकी, पुलिस ने घेरा

**एजेंसी**

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के लाहौर वाले घर में 30 से 40 आतंकियों के छिपे होने की खबरें हैं। बताया जा रहा है कि उनके लाहौर जमान पार्क स्थित घर को पुलिस ने घेर लिया है। वहीं पंजाब प्रांत की सरकार ने उनसे कहा है कि वह आतंकियों को पुलिस को सौंप दें। सरकार ने 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया है। मीडिया के मुताबिक उनके घर में 30-40 आतंकवादियों ने शरण ले ली है। पंजाब प्रांत की सरकार के भेजने पर पुलिस ने इमरान के घर को घेर लिया है। आतंकियों को सौंपने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। पिछले एक हफ्ते से देश में राजनीतिक उथल-पुथल का माहौल है और इस नयी घटना ने अस्थिरता को बढ़ा दी है।

**इमरान को मालूम है सबकुछ :** पंजाब प्रांत के सूचना मंत्री आमिर मीर ने लाहौर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर कहा, इन आतंकवादियों को सौंप देना चाहिए नहीं तो कानून अपना काम करेगा। सरकार को इन आतंकियों की मौजूदगी के बारे में पता था क्योंकि उसके पास विश्वसनीय खुफिया रिपोर्ट्स थीं। मीर ने कहा कि जो खुफिया रिपोर्ट आयी है, वह बहुत ही खतरनाक है। उन्होंने कहा कि एजेंसियां जियोफेंसिंग के जरिए जमान पार्क में आतंकियों की मौजूदगी की पुष्टि कर सकती है। (शेष पेज 11 पर)

### आतंकियों की तरह बर्ताव

मीर ने कहा कि पीटीआइ अब एक 'आतंकियों' की तरह बर्ताव कर रही है। उनका कहना है कि प्रमुख इमरान एक साल से ज्यादा समय से सेना को निशाना बना रहे हैं। मीर का दावा है कि इमरान खान की गिरफ्तारी से पहले हमले की योजना बनायी थी। मीर ने बताया कि आर्मी इंस्टीट्यूट पर नौ मई को हमले एक निर्धारित योजना के तहत किये गये थे। मीर का कहना है कि सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी है। प्रांत के मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि उन्होंने पुलिस को फ्रीहैंड दिया है ताकि उपद्रवियों से निबटा जा सके।



### हो सकता है मेरा यह आखिरी ट्वीट हो : इमरान खान

पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआइ) अध्यक्ष इमरान खान एक बार फिर मुश्किलों में हैं। उन्हें एक बार फिर गिरफ्तार किया जा सकता है। इससे पहले उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि मेरी अगली गिरफ्तारी से पहले शायद ये मेरा आखिरी ट्वीट हो। पीटीआई नेता जानकारी देते हुए कहा है कि पुलिस ने मेरे घर को चारों ओर घेर लिया है। उन्होंने कहा, मुझे आज खौफ कि पाक तबाही के रास्ते पर निकल चुका है। अगर अभी हमने कंट्रोल नहीं किया तो शायद हम वहां न पहुंच जाये, जहां से लौट न पायें। उन्होंने दावा किया कि पिछले एक साल से इमरान खान को रोकने के लिए पूरा जोर लगाया जा रहा है।

## पतरातू में जल शोधन संयंत्र के निर्माण की पीएम ने की सराहना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में पतरातू प्रखंड में जल शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य पूरा होने की बुधवार को सराहना की। कहा कि इससे उस इलाके में महिलाओं का जीवन आसान होगा।

श्री मोदी ने इस संयंत्र के बारे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद जयंत सिन्हा के ट्वीट को टैग करते हुए लिखा कि बहुत ही सराहनीय प्रयास! स्वच्छ पानी की यह सुविधा झारखंड में पतरातू की हमारी माताओं और बहनों के जीवन को बहुत आसान बनाने वाली है। श्री सिन्हा ने इस संयंत्र के चित्रों के साथ ट्वीट किया कि रामगढ़ के पतरातु प्रखंड की पंचायतों में जलापूर्ति हेतु 50 करोड़ रुपये से वाटर फिल्टर प्लांट व जलमीनार के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने इसी ट्वीट में कहा है कि इससे उस क्षेत्र में अब जलापूर्ति में अत्यंत सुविधा होगी। उन्होंने लिखा है, क्षेत्र में जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जलमीनर बनाने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

### मिलेगा स्वच्छ पानी



## न्यूज डायरी

### कार्यपालक अभियंता रांची से गिरफ्तार

**रांची/धनबाद।** एसीबी की टीम ने गिरिडीह में पदस्थापित रहते हुए गबन एवं पद के दुरुपयोग के आरोप में कार्यपालक अभियंता संजय कुमार को रांची स्थित अरगोड़ा, बसंत बिहार कॉलोनी आवास से गिरफ्तार किया है।

### लैपटॉप-पीसी उद्योग के लिए प्रोत्साहन योजना

**नयी दिल्ली।** सरकार ने देश में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) हार्डवेयर विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए 17,000 करोड़ रुपये की उत्पादन से जुड़ी एक और प्रोत्साह योजना (पीएलआई) को बुधवार को मंजूरी प्रदान की।

### खरीफ में 38,000 करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी

**नयी दिल्ली।** मंत्रिमंडल ने चालू खरीफ मौसम के लिए फॉस्फेट एवं पोटास (पी एंड के) वाले उर्वरकों के लिए पोषक-तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की दरों को बुधवार को मंजूरी दी। कहा कि वह खरीफ बुआई सत्र 2023 के लिए उर्वरकों पर किसानों को 38,000 करोड़ की सब्सिडी का लाभ देगी।

### पत्थर खदान में हादसा एक मजदूर की मौत

**गिरिडीह।** धनवार थाना क्षेत्र के परोडीह में बुधवार को पत्थर खदान में पोकलेन मशीन में आग लगने से उसमें दबने से सिकंदर पंडित (30) की मौत हो गयी। मृतक कोडरमा के पूर्णाडीह का रहने वाला था।

### गोइलकेरा : नक्सलियों ने मोबाइल टावर जलाया

**पश्चिमी सिंहभूम।** नक्सल प्रभावित गोइलकेरा में नक्सलियों ने उमवि में लगा मोबाइल टावर को पेट्रोल डालकर जला दिया। ज्ञात हो कि मंगलवार देर शाम हथियारबंद नक्सली पहुंचे। पेट्रोल डालकर टावर के मशीनों में आग लगा दी और पोस्टर छोड़कर चले गये।

### सेना के वाहन में विस्फोट, चार घायल

**सिलीगुड़ी।** नगर निगम के वार्ड-13 अंतर्गत पंजाबीपाड़ा इलाके के गैरेज में सेना के वाहन की एसी में गैस भरने के दौरान बुधवार को विस्फोट में चार के घायल होने की खबर है। जिनमें एक सेना के जवान भी शामिल है।

### 15 लाख का इनामी कृष्णा एनआइए की रिमांड पर

**रांची।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) ने गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के मंडलडीह, लेधवा निवासी 15 लाख के इनामी रीजनल कमेटी सदस्य कृष्णा दा उर्फ कृष्णा हांसदा उर्फ कृष्णा मांझी उर्फ अविनाश दा उर्फ आनंद को रिमांड पर लिया है। एनआइए उससे 20 मई तक पूछताछ करेगी।

### पंचायत विकास के लिए नौ थीमों का प्रशिक्षण

**रांची।** पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज विभाग नौ थीम पर काम कर रहा है। इसी थीम पर योजनाओं का चयन कर कार्य करने के लिए नामकुम प्रखंड कार्यालय में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ।

### बिजली ने भीषण गर्मी में और बढ़ायी परेशानी

**रांची।** झारखंड में बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान हैं। भीषण गर्मी में भी लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। लोकल फॉल्ट का बहाना बनाकर अधिकारी अपना पल्ला झाड़ते दिख रहे हैं। गर्मी आते ही बिजली व्यवस्था चरमरा गयी है। बार-बार बिजली गुल हो जाने से लोग परेशान और आक्रोशित हैं। विभाग ट्रांसफार्मर में फॉल्ट को बिजली गुल का कारण बताकर बचने की कोशिश कर रहा है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

# टिनप्लेट स्टेडियम में राष्ट्रीय नेत्रहीन महिला एवं पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन और दिव्यांग मार्गदर्शन ट्रस्ट जमशेदपुर झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में समारोह पूर्वक उद्घाटन के साथ ही बुधवार को संध्या 4:00 से जमशेदपुर के तीनप्लेट स्थित तीनप्लेट स्पोर्ट्स कंपलेक्स में पहली बार (चार दिवसीय) 17 मई से 20 मई 2023 तक राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेत्रहीन पुरुषों की 7 वीं और 3री नेत्रहीन महिलाओं के फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का शुभारंभ हुआ। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम गोडबोले (हेड) ऑपरेशन एंड मार्केटिंग-जेएफसी, झारखंड) ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर विधिवत टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों सतनाम कौर कपिला प्रेसिडेंट रोटरी क्लब ऑफ झारखंड अरशद हुसैन, ग्रास रूट कोच ऑफिसर सीएसआर एम राहुल राज, ग्रास रूट कोच झारखंड, यूसीआईएल एडिशनल मैनेजर पर्सनल तपा धीर भट्टाचार्य, हेमलता पी शिरोडकर, गाजिया हादसा, बालाकृष्ण सुनील जेमात्सू मुख्य प्रशासक एवं ऑब्जर्वर आई बीएफएफ मिश्रा ने देश के 4 जोन (क्षेत्रों) से आए हुए 15 राज्यों कि टीमें जिनमें मेजबान झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, तेलंगाना, मेघालय, उड़ीसा, अरुणाचल प्रदेश, केरला, तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश मध्य प्रदेश के प्रतिभागी खिलाड़ियों जिनमें महिला वर्ग में 12 और पुरुषों वर्ग में 12 नेत्रहीन फुटबॉल टीमों के खिलाड़ी, टीम प्रबंधक, टीम प्रशिक्षकों, भारतीय नेत्रहीन फुटबॉल फेडरेशन के शीर्ष अधिकारियों पर्यवेक्षकों, निर्णयकों और मेजबान आयोजन समिति के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय नेत्रहीन फुटबॉल खिलाड़ियों से भी विशेष रूप से मुख्य अतिथि ने परिचय प्राप्त किया एवं उनके हालचाल जाना, उनके प्रदर्शन से वे काफी अभिभूत हुई। उन्होंने अपने आशीर्वचन में सफल आयोजन के लिए आयोजकों सभी राज्यों से आए महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों, तकनीकी अधिकारियों एवं सहयोगियों की सराहना करते हुए सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दिया साथ ही विश्व कप में भाग लेने वाली भारतीय नेत्रहीन महिला फुटबॉल टीम के चयन एवं एशिया कप हेतु भारतीय पुरुषों के नेत्रहीन फुटबॉल टीम के भी चयन एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए मंगल कामना किया। उन्होंने कहा यह आयोजन राज्य और जिला के लिए खुशी का विषय है जबकि हमारे बीच विश्व स्तर के भारतीय महिला एवं पुरुष नेत्रहीन खिलाड़ी के खेल कौशल को देखने का मौका मिल रहा है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए अपनी शुभेच्छा दिया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब आफ जमशेदपुर के शीर्ष पदाधिकारी गण, यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया यूनिट 2 के पदाधिकारी गण, लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर के चेयर पर्सन पूर्वी घोष, एवं अन्य पदाधिकारी गण, समाजसेवी शेखर डे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष जे बेहरा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया एवं स्वागत संबोधन दिया वहीं दूसरी ओर आईबीएफएफ के शीर्ष पदाधिकारी सह पर्यवेक्षक सुनील जे मैथ्यू ने भारतीय नेत्रहीन फुटबॉल फेडरेशन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया आयोजन समिति के सचिव राजकुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया मंच का संचालन श्याम कुमार शर्मा एवं शंभू मुखी ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ विजय मोहन सिंह, धीरज कुमार शर्मा, डब्ल्यू रहमान, सुबोध चंद्र चटर्जी, राकेश उरांव, एम अरशद, नरेश कुमार, उपेंद्र बानरा, गोमिया सुंडी, संतोष कुमार, नीलू संवैया, सोनी बानरा, देवकी सामड, के गोपाल राव, शिवा राजू, प्रेम आनंद सामड, शंभू मुखी डूंगरी, सिद्धू सिद्धू सोय, गणेश राम, रेंगो सुंडी, कोंडया पूर्ति, रमेश चंद्र सुंडी एवं अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।


टूर्नामेंट में परिचय सत्र के दौरान एक महिला फुटबॉल टीम।


मैच का एक रोमांचक दृश्य।

**उत्तराखंड की लड़कियों ने ओडिसा को हराया**

उद्घाटन के उपरांत का पहला मैच पुरुष वर्ग में उत्तराखंड बनाम तमिलनाडु के बीच खेला जाना है। इसके अलावा महिला वर्ग में 3 और पुरुष वर्ग में तीन मैच खेले जाएंगे इस टूर्नामेंट में 3 चरणों में प्रतियोगिता के मैच खेले जाने हैं। पहला राउंड लीग मैच का होगा जबकि दूसरा और तीसरा राउंड नाक आउट होगा जबकि दूसरे चक्र में महिला और पुरुष वर्ग में कुल 4-4 टीमों के बीच सेमीफाइनल का मैच खेला जाएगा। अंतिम व चौथे दिन पुरुष और महिला वर्ग के दो फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दिन के मैच में पुरुष वर्ग में उत्तराखंड में तमिलनाडु को तीन गोल से पराजित किया।

स्पीड न्यूज

## बिरसानगर पुलिस ने 48 घंटे के अंदर चोरी के माल बरामद किया



**जमशेदपुर।** बिरसा नगर थाना क्षेत्र की जोन नंबर- 4 में आइसक्रीम फैक्ट्री के पास स्थित घर के अंदर से पिछले दिनों 12 मई को पीतल एवं कांसे के बर्तन की चोरी कर ली गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर गुप्त सूचना के आधार पर बिरसा नगर पुलिस ने जोन नंबर 5 गिट्टी मशीन के पास से अभिषेक पूर्ति, राहुल मुखी, अजय पूर्ति उर्फ गैंडा तथा मुखिया शर्मा को नशा पान करते हुए पकड़ा तथा गहराई से पूछताछ करने पर इन सभी ने कांसे के बर्तन चोरी करने की बात स्वीकार किया और इनकी निशानदेही पर चोरी गए पीतल एवं तांबे के बर्तनों को बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में सभी नशे के आदी हैं एवं नशे के लिए ही चोरी किया करते थे जबकि गिरफ्तार लोगों में से राहुल मुखी का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है।

## जुगसलाई शनिदेव मंदिर में झारखण्ड शांति यज्ञ कल

**जमशेदपुर।** जुगसलाई दु:खु मार्केट के पास रेलवे लाइन किनारे सत्यनारायण मंदिर रोड़ स्थित शनिदेव मंदिर में शुक्रवार 19 मई को झारखण्ड शनि शांति यज्ञ (हवन) का आयोजन दामोदर शनि बाबा के द्वारा किया जायेगा। आमवस्या के शुभ अवसर पर प्रात: काल 7 बजे से नवग्रह पूजा एवं हवन आरम्भ होगा, जो दोपहर एक बजे तक चलेगा। संध्या 5 से 6 बजे तक विशेष नागरिकों के द्वारा हवन पूजन का कार्य किया जायेगा। बुधवार को इस संबंध में दामोदर शनि बाबा ने बताया कि संध्या 7 बजे से संध्या भजन कार्यक्रम होगा, जिसमें बंगाल के कलाकार अपनी भजनों की प्रस्तुति देंगे। इससे पहले दोपहर 11 से तीन बजे तक प्रसाद का वितरण होगा। पूजा के सभी कार्यक्रम पंडित अशोक शर्मा और ज्ञानी शर्मा के नेतृत्व में 11 पण्डितों द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेकर शनि बाबा का आशीष ग्रहण करते हुए पुण्य के भागी बनने के लिए सभी भक्त सादर आमंत्रित हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से राजेश मेंगोतिया (लडडू), मनोज पुरिया, अरविंद मिश्रा (बब्बु), विमल अग्रवाल, विष्णु सोनकर, धर्मेन्द्र शर्मा, दीपक हल्दिया, मुन्ना, अशोक शर्मा और ज्ञानी शर्मा आदि मौजूद थे।

## मानगो नगर निगम ने 8 मोटर को जब्त किया

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम ने जल संयोजन के दौरान लगे आठ बिजली मोटर को जब्त किया गया है। मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत संकोसाई में प्राय: आम नागरिकों के द्वारा पानी से संबंधित समस्या का शिकायत प्राप्त हो रहा था। टीम में सृष्टि दिप्रिया मिंज, संतोष कुमार, पंडित कुमार महतो थे।

## जेएनएसी ने शुरु की नालों की सफाई



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्रांतर्गत बरसात के पूर्व शहर के सभी क्षेत्रों में अवस्थित बड़े एवं मुख्य नालों की विशेष साफ सफाई अभियान विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में प्रारंभ कर दी गई है। इन सभी नालों को हर वर्ष की तरह बारिश के मौसम में होने वाले जाम एवं गंदगी को साफ करने के लिए निकाय के स्वच्छता विभाग को दिशा निर्देश प्राप्त हैं।

## गम्हरिया : अपर उपायुक्त ने अंचल का किया दौरा

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के अपर उपायुक्त सुबोध कुमार के नेतृत्व में गठित एक टीम द्वारा बुधवार को गम्हरिया अंचल कार्यालय का दौरा कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने राजस्व वसूली समेत अंचल क्षेत्र में सरकारी जमीन की अवैध कब्जा पर किए गए कार्रवाई समेत विभिन्न पंजीयनों की जांच किया। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक निर्देश भी दिया।

# बागबेड़ा जलापूर्ति योजना का बनेगा नया फील्टर प्लांट

### 1.82 करोड़ का फंड आवंटित, टेंडर फाइनल होते ही शुरु होगा काम : सुबोध

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना से बरसों से हो रहे गंदे पानी की सप्लाई को लेकर बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता सुबोध झा के नेतृत्व में 2005 से क्रमबद्ध आंदोलन के बाद बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी में पाइप बिछाने का कार्य का शुभारंभ हुआ और फिल्टर पानी विभाग द्वारा उपलब्ध किया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता जेएस होरो ने सुबोध झा एवं प्रतिनिधि को बताया कि नये फिल्टर प्लांट के लिए झारखंड सरकार के द्वारा एक करोड़ 82 लाख रुपया विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता जेएस होरो से आंदोलनकारी सुबोध झा की बातचीत में होरो ने बताया कि विभाग के द्वारा एक करोड़ 82 लाख रुपए लगभग का टेंडर किया गया है। कांट्रेक्टर को ड्राइंग के काम 1 सप्ताह के अंदर पूरा करते ही प्रोजेक्ट आर्डर उन्हें दे दिया गया है। स्वच्छ पेयजल पिलाने के लिए आदित्यपुर मोड़ वोल्टास बिल्डिंग के सामने टाटा स्टील के द्वारा दिए जा रहे वेस्टेज पानी को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग आदित्यपुर प्रमंडल के द्वारा फिल्टर कर उपलब्ध कराने के लिए फिल्टर प्लांट का निर्माण का कार्य 1 सप्ताह में शुरू कर बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के 1140 घरों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। और बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर 3 रोड नंबर 5 में लगभग 80 घरों में पानी नहीं प्राप्त हो रहे हैं।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जेई सत्य प्रकाश पांडे जाएंगे, स्विच बॉल आदि निरीक्षण कर समस्या का समाधान भी यथाशीघ्र कर लिया जाएगा।

# एमजीएम का भव्य भवन तैयार एसएसपी ने लिया हैंडओवर





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में ग्रामीण थाना एमजीएम के आधुनिक भवन का निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर आज पूजा पाठ के साथ नए भवन का हैंडोवर सह तात्कालिक उद्घाटन पूर्वी सिंहभूम के सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने किया। इस अवसर पर उनके साथ ग्रामीण एसपी मुकेश लुनावत और सिटी एसपी के विजय शंकर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने इस अवसर पर पत्रकारों से कहा कि एमजीएम थाना बहुत दिनों से 2 कमरों वाले भवन में चल रहा था और इससे कामकाज करने में काफी दिक्कत हो रही थी। ऐसे में ढाई करोड़ की लागत से मात्र 7 महीने के भीतर नए भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसका हैंडोवर आज लिया गया। इस भवन का विधिवत उद्घाटन झारखंड सरकार की ओर से जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने मजबूत एवं सुंदर भवन निर्माण के लिए विभाग के इंजीनियरों एवं संवेदक की भूरी- भूरी प्रशंसा की। सीनियर एसपी ने बताया कि पुराना थाना भवन से माल खाना एवं अन्य सामानों की शिफ्टिंग करने में थोड़ा समय लगेगा। नए भवन में थाना शिफ्ट होने तक आम नागरिकों को पुराने भवन के साथ-साथ नए भवन में समान रूप से सेवा दी जाएगी। सीनियर एसपी ने उम्मीद जाहिर की एमजीएम थाना के नए भवन के चलते यहां कार्यप्रणाली और त्वरित तरीके से चल सकेगी।

## खबर एक नजर में

### गोलमुरी स्थित हेमकुंड पब्लिक स्कूल मे 6 दिवसीय निशुल्क समर और फिटनेस कैम्प आरंभ



समर कैंप के उद्घाटन समारोह में बच्चों संग निदेशक पारस नाथ मिश्रा।

**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित हेमकुंड पब्लिक स्कूल मे 6 दिवसीय नि:शुल्क समर और फिटनेस कैम्प का उद्घाटन समाज सेवी, शिक्षाविद स्कूल के निदेशक पारस नाथ मिश्रा ने किया। उद्घाटन सत्र मे पारस नाथ मिश्रा ने कहा कि कम उम्र से हि मार्क्स और कैरियर कि चिंता मे बच्चों का बचपन और क्रिएटिविटी गुम हो जाती है, बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने वाले खेल मे निरंतर भाग लेना चाहिए। हेमकुंड पब्लिक स्कूल मे निशुल्क समर और फिटनेस मे मार्शल आर्ट, योगा फुटबॉल, क्रिकेट, नृत्य, संगीत कि ट्रेनिंग समर कैम्प मे दी जा रही है। पारस नाथ मिश्रा ने बताया कि बच्चों के समग्र विकास के लिए यह कैम्प का आयोजन किया गया है और अभिभावक पर आर्थिक दवाब न पड़े इस लिए कैम्प को नि:शुल्क रखा गया है।

### मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा के स्थापना दिवस पर 53 यूनिट रक्तदान




**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा 19वें स्थापना दिवस पर सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें महिलो, पहली बार युवा डोनर एवं सीनियर सिटीजन डोनर्स की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिससे यह वास्तव में एक विशेष आयोजन बन गया। शिविर केवल रक्तदान तक ही सीमित नहीं था बल्कि एसडीपी दान भी था। रक्तदान शिविर एक शानदार सफलता थी जिसमें 53 रक्तदाता रक्तदान करने के लिए आगे आए और जीवन बचाने के नेक काम में योगदान दिया। संस्था उन सभी दानदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करती है जिन्होंने नि:स्वार्थ भाव से जीवन बचाने के लिए अपना रक्त दिया। रक्तदान करने वाले जयंत कुमार भुइया, जिन्होंने 117 बार रक्तदान किया है और जेआरटी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शतरंज के खेल कोच हैं, प्रोफेसर डॉ बीके सिंह द्वारा आज एसडीपी 34 और ब्लड 79 बार उन्होंने डोनेट किया और युवाओं को प्रोत्साहित किया और पहली बार रक्तदान करने वाले 19 वर्षीय शुभम कुमार दास जैसे दानदाताओं के योगदान की विशेष रूप से सराहना की गई। समाज के गणमान्य अतिथियों ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान किया जैसे कि अभिषेक अग्रवाल, सनी संघी, गौरव जवानपुरिया, सीए अंकित कुमार अग्रवाल, विक्रम केडिया,दीपक सिंह, अशोक,सुख देव सिंह एवं अन्य लोग ने दिया।

### नलिनी सिन्हा के सम्मान में कांग्रेस पार्टी है मैदान में



**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी की महिला नेत्री नलिनी सिन्हा के नाम से फेक आईडी बनाकर नलिनी सिन्हा को बदनाम करने की साजिश के खिलाफ बिष्टुपुर साइबर थाना में लिखित आवेदन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव परविंदर सिंह, जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे उपाध्यक्ष रजनीश सिंह, मनजीत आनंद, जोगिंदर यादव, सुरेश धारी, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू, राहुल गोस्वामी, अनिल सिंह रंजीत झा, अनिल सिंह, सुनील प्रसाद, कुमार गौरव, समरेंद्र तिवारी, सनी सिंह राज संध्या दास बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एग्रीको ग्राउंड में एसआरके कमलेश ने लगाया निशुल्क रक्तचाप जांच शिविर



**जमशेदपुर।** वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के दिन बुधवार को प्रात: (सुबह 5.30 बजे) एग्रीको ग्राउंड में पब्लिक अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश की ओर से निशुल्क रक्तचाप जांच शिविर आयोजित की गयी। एग्रिको ग्राउंड में प्रात: काल मॉर्निंग वॉक करने आए (122) लोगो की रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) की जांच लैब टेक्नीशियन द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रभात खबर के संपादक संजय मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक कमलेश ने बताया कि वर्ष 2023 की थीम अपनी रक्तचाप को सटीक रूप से मापे, इसे नियंत्रित करें लंबे समय तक जीवित रहे इस पर जोर दिया गया। हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन का खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरुषों में होता है, इसके अलग-अलग कारण हो सकते हैं जैसे फैमिली हिस्ट्री, तनाव, गलत, खानपान और लाइफ स्टाइल इत्यादि। इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ही हर साल 17 मई को 'वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे' मनाया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सत्यम संजीवन ट्रस्ट के अध्यक्ष कंचन सिंह एवं संस्था के सचिव अमन राज इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गोलमुरी पुलिस ने दुपहिया वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया, 9 गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की गोलमुरी पुलिस ने दुपहिया चोर गिरोह के सदस्यों और चोरी के वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में कुल 9 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। यह जानकारी पत्रकारों को सिटी एसपी के विजय शंकर ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि गत 16 मई को गोलमुरी थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि एक बाइक गिरोह के सदस्य घूम रहे हैं। तत्काल थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक दल का गठन किया गया जिसने सबसे पहले गोलमुरी टुइलाडुंगरी लाइन नंबर 4 से अमित मुंडा को पकड़ा। उसके पास से चोरी की बाइक भी रिकवर की गई। अमित मुंडा से पूछताछ के दौरान गिरोह के सदस्यों के बारे में जानकारी।

# श्रीनाथ विवि में प्राणहौति ध्यान पर कार्यशाला संपन्न

### समापन दिवस पर सभी छात्रों ने सहजता और पूर्णता के साथ आसन और प्राणायाम किया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय आदित्यपुर के स्कूल ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंस ने बुधवार को 'हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान' विषय पर प्राणौति ध्यान पर तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन किया। प्रशिक्षक एस एल नारायण जोनल इंचार्ज और ट्रेनर कल्पेश मेहता (समन्वयक) रंजन गुप्ता, स्वर्णिमा प्रसाद, रूबी सिंह और मालिनी मेहता सभी हार्टफुलनेस संस्थान से थे। एसएल नारायण ने कान्हा शांति वनम में जनवरी और सितंबर के महीने में आयोजित होने वाले ध्यान के दो वर्गों के लिए श्रीनाथ विवि को आमंत्रित किया। श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति गुरुदेव महतो और कुलपति डॉ गोविंद महतो ने अतिथियों को सम्मानित किया। उन्होंने हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट की पूरी टीम को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्रीनाथ विवि के सभी विभागों के सभी संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे। समापन दिवस पर सभी छात्रों ने सहजता और पूर्णता के साथ आसन और प्राणायाम किया।

# जिला एथलेटिक्स संघ का दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता 21 से अपरान्ह 3 बजे से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स संघ का कोर कमिटी का एक इमरजेंसी बैठक गूगल मीट द्वारा दोपहर 12.30 बजे किया गया जिसका अध्यक्षता संघ के उपाध्यक्ष सचिंदर सिंह ने किया। ज्ञातव्य है किपिछले दिनों पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा एक दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता रखा गया था जिसे कुछ तकनिकी कारणों से स्थागित किया गया गया था, इसके पश्चात विगत 15 मई को जे आर डी टाटा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में टाटा स्टील स्पोर्ट्स हेड हेमंत गुप्ता तथा वरिष्ट प्रबंधक ओलिम्पियन आनंद मेंजेज से एक बैठक में जिला संघ के ओर से यह निवेदन किया गया था दो दिनों के लिए एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता हेतु मैदान उपलब्ध कराया जाय। चूंकि टाटा स्टील द्वारा इन दिनों स्कूली बच्चों का समर कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। 12 बजे हेड हेमंत गुप्ता ने दूरभाष द्वारा 21 एवं 22 मई को मैदान उपलब्धता की जानकारी दी गई जिसके पश्चात आज का बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में यह फैसला लिया गया कि उपरोक्त तिथि को गर्मी को ध्यान में रखते हुए 4 बजे से एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता जे आर डी टाटा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, जमशेदपुर में आयोजित किया जायेगा। 'चयन प्रतियोगिता' के रूप में सभी वर्ग बालक/बालिका 14 वर्ष से नीचे, बालक/बालिका 16 वर्ष से नीचे, बालक/बालिका 18 वर्ष से नीचे तथा पुरुष/महिला 18 वर्ष से ऊपर उम्र वर्गों में आयोजित होगा।

# नेत्रहीन फुटबॉल खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेगा बिष्टुपुर का श्रीलेदर्स परिवार


मोमेंट का प्रारुप सौंपते श्रीलेदर्स के शेखर डे।

**जमशेदपुर।** हमारे शहर जमशेदपुर में पहली बार आईबीएफएफ नेशनल ब्लाइंड फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत पुरुषों के लिए सातवीं एवं महिलाओं का तीसरा फुटबॉल प्रतिस्पर्धा का आयोजन टीनप्लेट ग्राउंड में 17 मई से लेकर 20 मई तक आयोजित हो रहा है। नेत्रहीनों को उनके हुनर को प्रोत्साहन करने हेतु, एवं नारी सशक्तिकरण, नारी शक्ति को सम्मान देने के लिए, एक वर्ष व्यापी अपने सभी गतिविधियों को किरणमई जयंती उत्सव के नाम समर्पित करने वाले संस्था प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के विनम्र निवेदन पर, बिष्टुपुर श्रीलेदर्स परिवार ने एवं पार्टनर समाजसेवी शेखर डे की अगुवाई में एक वर्ष व्यापी चलने वाले किरणमई जयंती उत्सव के तहत 20 मई को समापन पर, नेत्रहीन फुटबॉल प्रतिस्पर्धा में खिलाड़ियों के साथ-साथ अन्य को भी मेमेंटो देकर सम्मानित करेगा श्रीलेदर्स परिवार बिस्टुपुर। साथ ही साथ प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के द्वारा खिलाड़ियों के लिए एक- दिन का ब्रेकफास्ट के लिए सहयोग भी संस्था के मार्गदर्शक श्रीमान शेखर डे के हाथों, आयोजन कर्ताओं को प्रदान किया जाना है। इस पावन वेला पर उपस्थित थे श्रीलेदर्स के पार्टनर समाजसेवी शेखर डे, आईवीएफएफ के राजकुमार, श्रीलेदर्स के अभिजीत, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के निर्देशक अरिजीत सरकार एवं कुमारेस हाजरा।

# बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए नाम्या स्माइल फाउंडेशन ने शुरू किया 'माही' अभियान

सभी बड़े शिक्षण संस्थान में वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के मनोविशेषज्ञ करेंगे जागरूक

नो हेल्थ विदाउट मेंटल हेल्थ, जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव : कुणाल षाड़ंगी

खबर मन्त्र ब्यूरो


नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के छात्रों को संबोधित करते कुणाल षाडंगी।

**जमशेदपुर।** मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को इस दशक के लिए बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। वैश्विक स्तर पर वर्ष 2020 के बाद से मनोरोगियों का आंकड़ा काफी तेजी से बढ़ा है। आजकल के युवाओं में चिंता-तनाव और अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इस खतरे को देखते हुए शहर की सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के संयुक्त तत्वावधान में 'माही' (मेंटल अवेसमनेस एंड हेल्थ इनिशिएटिव) अभियान की शुरूआत की है। बुधवार को पोखारी स्थित नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में माही अभियान का शुभारंभ नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने किया। इस दौरान कई योजनाओं में सरकार के साथ काम कर रहे मनोविशेषज्ञ ने यूनिवर्सिटी के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में युवाओं को जागरूक करने और इस खतरे को कम करने के उद्देश्य से संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर की ओर से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार के टीबी उन्मूलन एवं अन्य कार्यक्रमों से जुड़े वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के मनोविशेषज्ञ द्वारा जिले के सभी बड़े शिक्षण संस्थानों में युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं एवं इससे बचाव हेतु जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की लत और तुलनात्मक रवैये के कारण युवा वर्ग अवसादग्रस्त हो रहे हैं। इसके साथ ही, आत्महत्या के मामले में भी वृद्धि देखी जा रही है। इससे पहले, नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर डॉ प्रोफेसर आचार्य ऋषि रंजन ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, कुणाल षाडंगी ने बैलून उडाकर तथा दीप प्रज्वलित कर 'माही' अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार नागेंद्र सिंह, प्रो वाइस चांसलर डॉ प्रोफेसर आचार्य ऋषि रंजन, वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर की स्वाति कुमारी, सुभाष कुमार, बंधन कुमार, सौरभ मोहंती, नाम्या स्माइल फाउंडेशन से तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य डॉक्टर श्रद्धा सुमन, निधि केडिया, सतप्रीत सिंह, रिशु रंजन समेत अन्य व सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सुआ में रेल से कटकर एक युवती की मौत



**मेदिनीनगर।** डालटेनगंज रेलवे स्टेशन के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुआ में ट्रेन से कटकर एक 15 वर्षीय युवती की मौत हो गई। इस घटना को देखकर आसपास के ग्रामीणों ने पहुंचकर युवती की पहचान ग्राम सुआ के निराला टोला निवासी गणेश सिंह की पुत्री लालसा कुमारी के रूप में किया। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दिया। सूचना पाते के साथ सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पंचनामा के आधार पर जप्त किया और अंत्य परीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक युवती मानसिक रोग से ग्रसित थी।

### समाजसेवी व व्यवसायी ने कई जगहों पर करायी नि:शुल्क जलापूर्ति



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के समाजसेवी सह व्यवसायी मोहन कुमार के द्वारा पेयजल संकट को देखते हुए सभी वार्डों में नि:शुल्क जलापूर्ति की जा रही है। छतरपुर सरईडीह मोड़, लक्ष्मी नगर, हेसला, बारा में जलापूर्ति किया गया। कुमार ने बताया कि छतरपुर शहर में पेय जल संकट से जूझ रहे लोगों को यथासंभव पानी भेजवाने का काम कर रहे हैं। क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवश्यकतानुसार टेंकर के द्वारा पानी उपलब्ध कराई जा रही है। मौके पर ग्रामीण क्षेत्र में शादी विवाह के मौके पर भी पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। कुमार ने नगर पंचायत क्षेत्र में ज्वलंत समस्याओं को देखते हुए व्यक्तिगत रूप से सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। विगत दो माह पहले उन्होंने छतरपुर क्षेत्र में अपने माता व पिता के पुण्य स्मृति पर एंबुलेंस प्रदान कर चिकित्सा का बेहतर साधन मुहैया कराया है। उन्होंने कहा कि तीन टैंकर नगर क्षेत्र में भ्रमणशील है।

### छात्र-छात्राओं को मिला प्रमाण पत्र व पुरस्कार




**बिश्रामपुर (पलामू)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचाम्पा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बीते मंगलवार को रिलायंस ट्रेंड्स द्वारा ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों को दो ग्रुप में बांटा कर सम्मलित किया गया था। जूनियर ग्रूप में कक्षा एक से कक्षा पांच तक के जबकि सीनियर ग्रुप कक्षा छः से दशम तक के बच्चे शामिल हुए थे। जिसका परिणाम बुधवार को प्रार्थना सभा मे घोषित किया गया। जूनियर ग्रुप मे अंश प्रथम, अनन्या द्वितीय व आरव तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर ग्रुप मे दिपिका प्रथम, परी द्वितीय और आयुषी तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता छात्र छात्राओं को प्रार्थना सभा में ही प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश मिश्रा, रिलायंस ट्रेंड्स के संजीव कुमार मिश्रा, डीएम बौद्धनाथ यादव, रत्नेश कुमार, विकास चौबे, अजित तिवारी, शैलेश चौबे, सुरेंद्र कुमार, नंदकिशोर, आभा चौबे, चाचंला, प्रतिमा, प्रतिभा, मधु, पियूष सहित कई शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

### राजहरा स्टेशन के पास शव बरामद

**मेदिनीनगर।** रजहारा स्टेशन के पोल संख्या 302/20के पास एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का ट्रेन से कटा हुआ पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना लोगों ने स्थानीय पुलिस को दिया। नावाबाजार पुलिस ने शव को बरामद किया। शव की पहचान नहीं हो पाई है। नावाबाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास सुचना मिलते ही अवसर निरीक्षक नंद किशोर दास, कुणाल राजा, आलोक कुमार सोरेन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की तहकीकात किया। शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया।

### आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है हेमंत सोरेन की सरकार : श्वेतांक

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू जिला के महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने बयान जारी कर राज्य के अकर्मण्य, निरंकुश तथा भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हेमंत सोरेन सरकार को असंवेदनहीन बताया। गर्ग ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार बड़े-बड़े चुनावी वादे करके जब से सत्ता में आई है तबसे राज्य की स्थिति भयावह हो गई है। सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन में नैतिकता नाम की कोई चीज नहीं है। हम झारखंड वासियों के लिए बड़े दुर्भाग्य की बात है। आगामी 1 महीने से भी कम समय में पुनः बरसात का आगमन होने वाला है तथा एनजीटी के द्वारा देश में बालू उठाव एवं अन्य खनन से संबंधित कार्य 4 महीने के लिए बंद करने का आदेश भी आ जाएगा। परंतु इस सरकार द्वारा अभी तक बालू के मुद्दे पर स्थाई समाधान की कोई पहल ना किया जाना एवं सरकार के जनप्रतिनिधि एवं पार्टी नेताओं के द्वारा खुलेआम बालू की बड़े पैमाने पर अवैध तस्करी करना नेतृत्व की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

### बांस में लगी आग, बड़ा हादसा टला



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुवाडा गांव में मंगलवार को बांस की कोठी में अचानक आग लग जाने से बांस की कोठी जल गई। कोल्हुवाडा गांव निवासी सह समाजसेवी रामवृक्ष मस्ताना ने बताया कि कोल्हुवाडा गांव से दक्षिण दर्जनों बांस की कोठी लगा हुआ है। बांस की कोठी से दोपहर में अचानक धुंआ निकलने लगा। जब तक लोग पहुंचते तब तक आग की तेज लपटें निकलने लगी बांस की कोठी धू- धू कर जलने लगी। ग्रामीणों की मदद से घंटों बाद आग पर काबू पाया गया तब तक आधे से अधिक बांस की कोठी जल कर खाक हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अगर यह आग गांव की तरफ बढ़ जाती तो जान माल की काफी क्षति होने की संभावना थी। घटना की सूचना के बाद हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, अजय कुमार सिंह, ग्रामीण रामजन्म मेहता, ऑरेंज कुमार, शिव मेहता, श्यामसुंदर मेहता, चंद्रदेव प्रसाद, राजमोहन मेहता, विजय मल प्रजापति, वीरेंद्र मेहता सहित काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे।

### दो पक्षों में विवाद, हुई हाथापाई



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के लेसलीगज थाना में बुधवार को दो पक्ष थाना अधिकारी के समक्ष हाथापाई करने लगे, धमका धमकी भी दिए और जमकर गाली-गलौज भी। गोली चलने चलाने तक की बात आ गई। बावजूद थाना के ओडी इंचार्ज मनोज कुमार मूकदर्शक बने रहे। हल्ला गुल्ला सुनकर बाद में एसआई राजीव कुमार तथा एएसआई मनोज शर्मा थाना पहुंचकर मामला को शांत कराएं। मामला लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के घुटवा पंचायत से जुड़ा हुआ है। जहां संदीप कुमार यादव नामक एडमिन के द्वारा घुटवा पंचायत के नाम से एक ग्रुप चलाया जाता है। जिस ग्रुप में स्थानीय मुखिया के ऊपर भद्दी भद्दी टिप्पणी भी की जाती है। इसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हुआ था। जिसके बाद दोनों पक्ष थाना में पहुंचे थे। जिसमें एक पक्ष के संदीप कुमार यादव, बृजेश कुमार यादव, अशोक यादव, अशर्फी यादव तथा दूसरे पक्ष के मुखिया मनीता देवी, बबलू कुमार यादव, सोना लाल सिंह, मुकेश कुमार यादव, संजय यादव, सुरेश यादव आदि उपस्थित हुए थे। बात बात पर दोनों पक्ष थाना में उग्र हो जा रहे थे। थाना के एएसआई के समक्ष दोनों पक्षों के बीच हाथापाई, गाली गलौज, हो हल्ला, धमका धमकी तक हो गई।

## हर कठिनाई को दूर करने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध, बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर : जोबा मांझी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आंगनवाड़ी सेविका-सहायिकाएं सरकार द्वारा दी गई जिम्मेवारी का निर्वहन ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि सेविका-सहायिकाएं बच्चों के जीवन संवारने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचायें। ताकि बच्चों को कुपोषण से बचाव किया जा सके। इसके लिए स्थानीय लोगों को जागरूक करें। उक्त बातें राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा मांझी ने टाउन हॉल में पलामू जिले के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में ईसीसीई (अरली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) पाठ्यक्रम के अनुसार डिजिटल लर्निंग के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा का उदघाटन एवं प्रशिक्षण समारोह का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान मंत्री ने डीएमएफटी के तहत 62 करोड़ 55 लाख 58 हजार 638 रुपए की लागत से 173 विभिन्न योजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना सहित राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अच्छादित करने के कार्य में तत्परता दिखाएं। मानदेय देने एवं अन्य कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है। साथ ही आंगनवाड़ी सेविकाओं के बीच टैब, स्कूल किट का वितरण किया। इसके अलावा पलामू जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवा प्रदाताओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पलामू जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सभी के सहयोग से होगा क्षेत्र का विकास, समस्याएं होंगी दूर : मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जनप्रतिनिधियों, आमजनों एवं पदाधिकारियों के सहयोग से क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही आमलोगों की समस्याएं भी दूर होगी। समन्वय के साथ कार्य करने से बेहतर परिणाम आएंगे। यह बातें महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री-सह- जिला योजना समिति की अध्यक्ष जोबा माझी ने कही। वे बुधवार को पलामू जिले में जिला योजना समिति के बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। पलामू के उपायुक्त बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला योजना समिति पंचायतों एवं नगरपालिका द्वारा तैयार की गई योजनाओं को समेकित करने एवं संपूर्ण जिला के लिए विकास योजना जैसे- शिक्षा, लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, महिला बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उर्जा क्षेत्र का प्रारूप तैयार करने हेतु जिला योजना समिति का गठन किया गया है। उपायुक्त ने कहा जिला योजना समिति के सदस्यों की अनुशंसा वाली योजनाओं को इसमें रखते हुए अनुमोदित एवं स्वीकृत की जाएगी। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने जिला योजना समिति के पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। बैठक में मंत्री जोबा माझी, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एवं कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

**पलामू में जिला योजना समिति की बैठक**



## पेंशनर की हर सुविधा का रखा जायेगा ख्याल : रामचंद्र चंद्रवंशी

विश्रामपुर पेंशनर समाज ने समारोह पूर्वक मनाया छठा स्थापन दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड पेंशनर समाज ने समारोह पूर्वक छठा स्थापना दिवस मनाया। नप मुख्यालय के सामुदायिक भवन में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता पेंशनर समाज के अध्यक्ष राम लगन राम व संचालन राम नारायण राम ने किया। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। समारोह के दौरान पेंशनर समाज ने वयोवृद्ध पेंशनधारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्म्मनित किया। समाज के लोगो ने स्थानीय विधायक से पेंशनर भवन बनवाने की मांग की।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी।

चंद्रवंशी ने पेंशनर समाज को आश्वस्त किया कि विधायक मद से विश्रामपुर में पेंशनर भवन बनवाया जायेगा। पेंशनरों के हर सुविधा का ख्याल रखा जायेगा। ताकि पेंशनरों की मांग को सुलभता के साथ उठाया जा सके। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के प्रांतीय सह संयोजक रवींद्रनाथ उपाध्याय, जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष झुबल राम, उपाध्यक्ष जंगाली महतो, सचिव कुलदीप सिंह, शिवशंकर राम, भागेश्वर राम, चतर्गुन राम, कृष्ण कुमार पाठक, पारसनाथ पांडेय, रामध्यान राम, हरेराम सिंह, राधिका कुंवर, बृजनंदन राम, शंभु चंद्रवंशी, रामअवतार राम, रामाधार राम, अमर देवी, मानमती देवी, राधिका देवी, नरेश चौधरी, नागेंद्रनाथ शुक्ला सहित पेंशनर समाज के कई लोग मौजूद थे।

## नामांकन कराने के पूर्व विद्यालय की गुणवत्ता की पहचान करें : अनुग्रह नारायण शर्मा

>> आगामी परीक्षा का परिणाम इससे भी बेहतर होगा : अशलेश

>> पलामू प्रमंडल में दूसरा स्थान लाने पर स्नेहा और कला संकाय का टॉपर पुष्पांकर सम्मानित

>> चैनपुर रोटरी स्कूल में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता






**मेदिनीनगर।** रोटरी स्कूल चैनपुर के प्रांगण में विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा, कार्यपालक निदेशक रो. अवधेश कुमार तिवारी, प्राचार्य अश्लेश कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पलामू प्रमंडल में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली रोटरी स्कूल की छात्रा स्नेहा कुमारी को 98.20 प्रतिशत अंक लाने पर लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। कला संकाय का टॉपर पुष्पांकर जय अजय राज्य स्तरीय ओलम्पियाड में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुष्पांकर ने 84 प्रतिशत अंक लाये। इस समारोह में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र। छात्राओं को स्मार्टवाच, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। 12वीं विज्ञान संकाय में साक्षी गुप्ता 91.80 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में हर्ष कुमार 71.40 प्रतिशत व कला में पुष्पांकर 84 प्रतिशत अंक पाये। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन एएन शर्मा ने कहा कि किसी विद्यालय में नामांकन कराने के पूर्व आप विद्यालय की गुणवता की पहचान करें। विद्यालय की इमारत पर आकृष्ट न हों लेकिन बच्चों के लिए एक अच्छे वातावरण का निर्माण करें। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि अच्छी रणनीति के माध्यम से परीक्षाफल ऐतिहासिक और अविस्मरणीय रहा। मंच संचालन का कार्य विद्यालय के समन्वयक स्मिता सिंह ने किया। मौके पर उपप्राचार्य अभिषेक कुमार सिंह, शिक्षक एस बी पी गुप्ता, उमा कांत मिश्र, गौरी शंकर मिश्र, शशि रंजन ठाकुर, कामेश कुमार मेहता, निरंजन कुमार शुक्ल, मनोज कुमार यादव, अनीता वर्मा, सुषमा कुमारी, सुस्मिता सिंह, प्रियांशु कश्यप, सुमित कुमार, रणजीत कुमार शर्मा, बरुण कुमार, सुधा सिंह, दीपक सोनी, पवन कुमार, सतीश अग्रवाल, रंजित कुमार, हर्शबाला, पूनम पाण्डेय, राहुल भरद्वाज, सुधीर सिंह एवं सभी शिक्षक -शिक्षिका मौजूद थी।


### रांची-सासाराम एक्स. में बोगी घटाये जाने से यात्री परेशान

**मोहम्मदगंज पलामू।** जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह ने राज्य की राजधानी रांची तक चलनेवाली महत्वपूर्ण ट्रेन 18635/36सासाराम रांची एक्सप्रेस में डब्बा की संख्या घटाए जाने से हो रही परेशानियों को लेकर पलामू सांसद, रेलवे के उच्चाधिकारियों को ट्वीट कर समस्या से अवगत कराया है। सिंह ने कहा कि गूगल में रेलवे के विभिन्न साइटों पर कोच की संख्या 14 दिखता है, जो पूर्व में निर्धारित कोच संख्या के साथ उक्त ट्रेन परिचालित होता था। जिसमे 2 एस एल आर, 2 ए सी,व 10 अनारक्षित डब्बा शामिल था। वर्तमान में केवल 10 डब्बा ही रह गया है, 4 डब्बा को हटा दिया गया है, जिस कारण भीषण गर्मी व शादी विवाह लग्न के इन दिनों भीड़ भाड़ की समस्या होने के कारण काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। उक्त ट्रेन का बिहार राज्य के सासाराम, डेहरी ऑन सोन, झारखंड राज्य के जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, उंटारी रोड, गढ़वा रोड, डालटनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी, लोहरदग्गा, पिस्का होते हुए रांची तक जाती है। जो राज्य के पलामू, लातेहार, लोहरदगा जिले के लोगो को रांची जाने के लिए महत्वपूर्ण ट्रेन है। सिंह ने उक्त ट्रेन में यथाशीघ्र पूर्व निर्धारित 14डब्बा करवाने के लिए उचित पहल करने की मांग की है।

## हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में घोर पेयजल संकट के निदान के लिए विधायक कमलेश सिंह ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को पत्र लिखकर समाधान करने का आग्रह किया, पीएमओ ने कार्रवाई से विधायक को कराया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रधानमंत्री को लिखे पत्र पर पीएमओ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से कार्रवाई करने को कहा है। जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार ने पेय जल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार को समस्या का समाधान कर जलशक्ति मंत्रालय एवं विधायक कमलेश कुमार सिंह को अवगत कराने का आग्रह किया है। पीएमओ द्वारा पत्र पर तत्काल कार्रवाई करने पर विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। सिंह ने उम्मीद जताई है कि जलशक्ति मंत्रालय के आग्रह पर पेय जल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में जलसंकट का तत्काल समाधान करेगा। मालूम हो कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र के मध्यम से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संकट का निदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि झारखण्ड प्रदेश के हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया है।

### विधायक व सांसद की वजह से पलामू जा रहा पीछे : राजेंद्र



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रभारी मंत्री सह महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा मांझी के आगमन पर झामुमो पलामू के कार्यकताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत चियांकी के पास किया। मंत्री बुधवार को बीस सूत्री की बैठक और टाउन हाल के कार्यक्रम में भाग ले कर कई करोड़ों के योजनाओं का शिलान्यास कर पलामू की आम जनता को सौगात दिया। टाउन हाल में मंत्री जी का कार्यक्रम हुआ जहां 2599 माडल प्री स्कूल कीट का वितरण हुआ और कई माडल आंगनबाड़ी केंद्र का उदघाटन हुए, परंतु आमंत्रण के बाद भी इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक और सांसद गायब रहे, जिसे ले कर झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा जी ने इसकी कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि यहां के स्थानीय भाजपाई विधायक, सांसद पलामू का विकास नहीं चाहते हैं। मंत्री श्रीमती जोबा मांझी जी पलामू के विकास के लिए समय निकाल पलामू के कार्यक्रम में भाग लेने आई हैं, यह कार्यक्रम किसी पार्टी का नहीं था, आम जनता और पलामू के विकास के लिए था। झामुमो के सभी मंत्री और विधायक लोकतंत्र को मानते हैं और सभी को सम्मान देना जानते हैं, परंतु ओछी राजनीति से भाजपाई बाज नहीं आते हैं, इन लोगों के वजह से ही पलामू आज पीछे जा रहा है। ये लोग सिर्फ धर्म के नाम पर राजनीति करना जानते हैं, परंतु जनता को जिससे फायदा होता है वो काम ये लोग नहीं करते हैं। विकास की बात करना तक नहीं जानते हैं ये लोग। आज पलामू पहला जिला बना जहां से तितली योजना का शुरूवात हुआ, जिसके लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मंत्री जोबा मांझी को पलामू की जनता की तरफ से बधाई दी है।

## शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था को हर व्यक्ति तक पंहुचायेगा मगध फाउंडेशन : केएन त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मगध फाउंडेशन की बैठक में पलामू जिला कमिटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से शैलेश चंद्रवंशी को जिला प्रमुख, नन्दगोपाल त्रिपाठी को महासचिव तथा जीशान खान को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मगध फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि आज देश में जातिपाति, सांप्रदायिक भेदभाव के आधार पर वोटबैंक की राजनीति की जा रही है जिससे देश कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सबसे ज्यादा मजबूत मगध साम्राज्य के समय था। मगध फाउंडेशन का उद्देश्य उसी गौरवशाली अतीत को पुनः स्थापित करना है ताकि भारत पुनः उसी तरह मजबूत और सशक्त हो सके। उन्होंने कहा कि भारत और राज्य सरकारों की तमाम योजनाओं के बावजूद अभी भी देश की बहुत बड़ी आबादी शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। मगध फाउंडेशन बिना किसी भेदभाव के सीएसआर फंड के माध्यम से मगधकालीन भारत के अंतर्गत आने वाले गांवों के वंचित लोगों तक शिक्षा और

## पक्ष में परिणाम आते ही इवीएम अच्छे लगने लगे : अविनाश वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा के झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने कहा कि कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस को मिली अप्रत्याशित जीत राजनीतिक जीवन में चुनावी प्रक्रिया का परिणाम है। इससे संबंधित जीती हुई पार्टियां जश्न मनाती है जो लाजमी भी है व हारी हुई पार्टियां हार की समीक्षा करते हुए आगामी चुनाव की तैयारी और संगठन के कार्यों में लग जाती है। इस बार किसी विपक्षी दल ने ईवीएम मशीन पर कोई आरोप नहीं लगाया और ना ही भाजपा समेत देश और राज्य के चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कोई प्रहार किया, मगर यह परिणाम विपरीत होता और भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ कर्नाटक कि सत्ता में वापसी करती तो आज देश के तमाम नकारात्मक छवि के राजनेता और मुद्दा विहीन राजनीति करने वाले लोग आसमान सर पर उठाए रहते और जीत का श्रेय ईवीएम को देते।

### पदाधिकारी अपनी कार्यशैली में बदलाव लायें : बिट्टू



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक एवं राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि झारखंड सरकार में जेएमएम बड़े भाई के भूमिका में है निश्चित रूप से जेएमएम को बड़ा दिल दिखाना चाहिए और अपने गठबंधन साथियों को कार्यक्रम की पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक देना चाहिए। झारखंड में महागठबंधन की सरकार है झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस और राजद मिलकर इस प्रदेश की प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभा रही है इसका ख्याल सभी को रखना चाहिए। आगे जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू जिला में कुछ ऐसे प्रशासनिक पदाधिकारी बैठे हुए हैं जो भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं और एक षड्यंत्र के तहत महागठबंधन को कमजोर करने का साजिश रचा जा रहा है वैसे पदाधिकारियों को कहूंगा कि अपने कार्य शैली में बदलाव लाएं। बहुत जल्द वैसे भ्रष्ट पदाधिकारियों का नाम उजागर किया जाएगा।

## विश्रामपुर पुलिस ने हुसैनाबाद में फरार अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर/ हुसैनाबाद।** विश्रामपुर पुलिस ने बुधवार को थाना काण्ड संख्या 65/2017 के फरार अभियुक्त व हुसैनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम चौचट्टान निवासी दीपक रजवार पिता स्वर्गीय तपेश्वर रजवार के घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया। इस सबन्ध में विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि दीपक रजवार विश्रामपुर थाना कांड संख्या 65/2017 एवं 17 सीएल एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त पुलिस व माननीय न्यायालय से फरार चल रहा हैं । आगे उन्होंने बताया कि माननीय न्यायलय के द्वरा इश्तेहार निर्गत किया गया था जिसे बुधवार को विधिवत करवाई करते हुए हुसैनाबाद थाना के सहयोग से उक्त अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय डालटनगंज में 16 जून तक आत्मसर्मपण नहीं करते है तो आगे न्यायालय के आदेश पर अग्रिम करवाई की जायेगी।

## कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों ने रोजगार सेवक को पंचायत सचिवालय में घेरा, कार्रवाई की मांग

लाभुकों ने कहा - काम शुरू होने से पहले रोजगार सेवक मांगता है पैसा

अमित चौधरी



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत के रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा के कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को रोजगार सेवक को पंचायत सचिवालय में घेरा। ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा भारत सरकार के सबसे महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा में किसी भी काम को शुरू करने से पहले पैसे की मांग करते है। इतना ही नहीं पैसा नही देने पर काम को रोकवा देता है। जोगा के जरही टोला निवासी बाबूलाल चोधरी ने बताया कि जॉब कार्ड बनाने के दो माह पूर्व रोजगार सेवक के पास सभी कागजात जमा किए हैं लेकिन रोजगार सेवक मुझसे जॉब कार्ड बनाने के लिए एक हजार रुपए की मांग किया है। जोगा के जरही टोला में पईन में काम जारी है लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी महिला मजदूर के खाता में पैसा नहीं आना गंभीर मामलाबना हुआ है। पैसे की आस लगाए महिला मजदूर कभी मेठ तो कभी रोजगार सेवक पास जाकर पैसे के लिए दर दर भटक रही है लेकिन महिला मजदूर को पैसा नहीं मिल रहा है। मनरेगा मजदूर विक्रम चौधरी ने बताया कि जरही टोला में लोकनाथ राम के घर से करकट्टा सिवाना तक मनरेगा से बनने वाली सड़क में कार्य शुरू होने से पहले डेढ़ लाख रुपए की मांग रोजगार सेवक ने किया है जिसका ऑडियो रिकॉर्डिंग भी साक्ष्य हैं। सामाजिक कार्यकर्ता उदेश चौधरी, मिथलेश राम, कमलेश चौधरी, सरिता देवी, यशोदा देवी, कैली देवी,बिरझू राम, सुरेश पाल, बिरझू चौधरी, शिवपूजन चौधरी, रामाशीष प्रजापति, असरेश पाल सहित कई लोगों ने उक्त रोजगार सेवक को जोगा पंचायत से तबादला करने के साथ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं इस संबंध में रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा से पुछे जाने पर उन्होंने बताया कि मैंने किसी भी मनरेगा मजदूर से पैसा कि मांग नहीं किए हैं। मेरे उपर लगाये गये सभी आरोप असत्य है।

### बिना काम किये पुणे में रह रहे युवक के खाते में गया पैसा

आजनवन पोटो हो खेल मैदान समतलीकरण पूर्ण हुए छह माह भी नही बीते है लेकिन कुछ मुद्दा उन मनरेगा मजदूर के मन में यह चल रहा है कि कभी कभी मजदूरों को पैसा खाते में लेट से आता है लेकीन जो मजदूर पुणे में जाकर काम कर रहा हो, एक दिन भी खेल मैदान समतलीकरण में काम नही किया हो और उसके खाते में पैसा चला जाए। यह कही न कहीं उन मनरेगा मजदूरों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। मनरेगा में हो इस तरह के व्याप्त भ्रष्टाचार से मनरेगा मजदूरों में रोष है।

स्पीड न्यूज

## जलसा ए दस्तार बंदी का हुआ आयोजन

**इटकी।** इटकी के कुंदी गांव स्थित मदरसा जामिया अजीजिया में आगामी 21 मई रविवार को एकदिवसीय जलसा ए दस्तार बन्दी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मदरसा के 19 विद्यार्थियों को 'हाफिज' की उपाधि प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में अररिया बिहार के मुफ़्ती अब्दुल्लाह सालिम कमर चतवेर्दी, कटक उड़ीसा के शैखुल हदीस मौलाना मोहम्माद अब्दुल्लाह, शायर शाबान दिलखैराबादी सहित कई अन्य मशहूर ओलमा व शायर शिरकत करेंगे। यह जानकारी मदरसा के मोहतमिम मौलाना जुबैर अशरफ रहीमी ने दी।

## मिनी जलमीनार से जलापूर्ति ठप

**इटकी।** इटकी के तरगड़ी रहमत नगर में पिछले कई महीनों से सोलर युक्त मिनी जलमीनार से जलापूर्ति ठप है। जिससे रहमत नगर में भीषण पेयजल संकट व्याप्त हो गया है। पेयजल संकट से त्रस्त ग्रामीणों ने बुधवार को बीडीओ से भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जलमीनार की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की गयी है।

## एकागुड़ी में मसना घेराबंदी का शिलान्यास

**रातू।** बिजुलिया के एकागुड़ी में बुधवार को आजसू नेता भरत साहू कांसी और भाजपा नेत्री सुमन मिश्रा ने बच्चा मसना में प्रस्तावित चहारदीवारी की आधार शिला रखी। इससे ग्रामीण बेहद उत्साहित नजर आये। लोगों ने बताया कि उक्त मसना स्थल की खाता संख्या 194 और प्लॉट नंबर 526 है। निर्माण कार्य जन सहयोग से किया जायेगा। इस दौरान मदद के लिये सैकड़ों हाथ उठे। मौके पर गोपाल मिश्र, अखिलेश शर्मा, अखिलेश मिश्र, सुभास कुमार, सोनू कुमार, मनोवर अंसारी, सुरज साहू, विकास कुमार व बिनु महतो आदि भी मौजूद थे।

## पेयजल की समस्या को लेकर बैठक

**सोनाहातू/राहे।** विधायक सुदेश महतो ने अपने आवासीय कार्यालय में पेयजल की समस्या को लेकर पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता निरंजन कुमार, सहायक अभियंता तेलेस्फोर मिंज सहित कनीय अभियंता के साथ बैठक किये। बैठक में हर मुहल्ले में पेयजल की समस्या पर चर्चा हुआ तथा हर घर में पेयजल देने की गारंटी पर रूपरेखा तय किया गया। गांव के खराब चापानल को यूद्व स्तर में दुरुस्त करने का निर्देश दिये साथ ही ड्राई जॉन इलाके में गर्मी के मौसम तक टेंकर से पेयजल आपूर्ति करने का निर्णय लिया गया।इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना की समीक्षा किया गया।
सताकी,अम्बाझरिया, होटलो, बारेन्दा, हेसाडीह, लांदुपडीह, तेतला,बसन्तपुर, बंसिया,पंडाडीह, हारिन आदि पंचायत में बन रहे जलमीनार योजना की निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा गया।

## रांची टाटारोड पर जली एसयूवी कोकर के पवन शर्मा की

**नामकुम।** मंगलवार को रांची टाटारोड पर जामचुंआ समीप जलने वाली एसयूभी 500 कोकर के रहनेवाले पवन कुमार शर्मा की थी। मामले में पवन ने नामकुम थाने में आवेदन देकर बताया है कि वे अपने भाई के साथ रात लगभग नौ बजे अपन एसयूभी 500 गाडी संख्या जेएच01डीडी 7000 से जरूरी काम से बुण्डू जा रहे थे। इसी दौरान जामचुंआ समीप बोनेट से धुंआ निकलता देख उन्होने गाडी रोक कर बोनेट उठाया तो काफी तेज गति से धुंआ निकलने लगा और आग लग गयी। आग इतनी तेज थी कि पलभर में ही गाडी पूरी तरह से जलकर राख हो गयी। मामले की जानकारी उनके द्वारा नामकुम पुलिस को दी गयी जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाया पर गाडी पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी। इस घटना में कार सवार दोनो युवक सुरक्षित है।

# विधायक के जनता दरबार से पदाधिकारी गायब

## ओरमांझी से हटाया गया एएनएम से छेड़छाड़ के आरोपी बीपीएम प्रमोद को, जेएसएलपीएस बीपीएम पर जल्द गिरेगी गाज

खबर मन्त्र संवाददाता





बैठक में उपस्थित विधायक राजेश कच्छप व प्रमुख। एएनएम से बात करते विधायक ।

**ओरमांझी।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को विधायक राजेष कच्छप द्वारा जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र से काफी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थें। सभी से आवेदन लेकर उपस्थित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने के लिए कहा गया। बाद में विधायक प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक भी की। प्रमुख अनुपमा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई एएनएम द्वारा बीपीएम द्वारा छेड़छाड़ किए जाने की जानकारी दी। बैठक समाप्ती के बाद विधायक ने अलग से एएनएम से मिले और पुरी जानकारी ली। एएनएम द्वारा बीपीएम के खिलाफ साक्ष्य भी प्रस्तुत किए। जिसके बाद विधायक ने सीएस से पुछा की बीपीएम प्रमोद कुमार काफी पहुंच वाला है क्या, फिर आज तक कार्रवायी क्यों नही हुई। जिसके कुछ ही घंटा बाद ही प्रमोद कुमार को ओरमांझी से हटाने का जिला से लेटर निकल गया। ओरमांझी से हटाकर कांके प्रतिन्यूक्त कर दिया गया। जल्द ही उसे दूसरे जिला भेजा जाएगा। वहीं जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकेष सिन्हा पर भी जल्द कार्रवायी होगी। मुकेष सिन्हा पर प्रखंड में कार्य करने से ज्यादा राजनीति करने सहित कई गंभीर आरोप लगे हैं।

उपप्रमुख रिजवान अंसारी ने बताया कि जेएसएलपीएस के मुकेष सिन्हा पिछले दस वर्ष से ओरमांझी प्रखंड जमें हैं। इस दौरान वे विधायक, प्रमुख, जिला परिसद चुनाव जीताने ठेका लेता है। वहीं पीडीएस दुकान दिलाने के नाम पर पैसे की उगाही भी करता है। यही नही मुकेष सिन्हा पर समुह की दीदियों का सोषण करने का भी आरोप लगा है। हलाकि मुकेष सिन्हा के बचाव में दो पंचायत प्रतिनिधि व जेएसएलपीएस के कई ब्लॉक कर्मी भी सामने आ आए थें। विधायक ने मुकेष सिन्हा पर कार्रवायी के लिए कुछ समय लिया है। वहीं सीएचसी के बीपीएम पर कार्रवायी विधायक राजेष कच्छप की पहल पर हुई है। इससे पूर्व प्रमुख, उपप्रमुख जिप सदस्य व पंसस सदस्यों द्वारा भी बीएपीएम पर कार्रवायी के लिए लिखा गया था। बीपीएम को हटाए जाने से सीएसची के एएनएम ने हर्ष जताया गया है। बैठक में जिप सदस्य कमिष्नर मुंडा, सरिता देवी, सभी पंचायत समिति सदस्य, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूर्व प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा, तुलसी खरवार, सुनील उरावं, दिनेश प्रमाणिक व मुखिया के साथ प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थें।

**पदाधिकरी के नही पहुंचने से नाराजगी :** सूचना मिलने के बाद भी प्रखंड क्षेत्र के कोई भी पदाधिकरी बैठक में नही पहुंचे। पीएचईडी विभाग से प्रतिनिधि के रूप में खलासी, विद्युत विभाग से मिस्त्री व वन विभाग से वनरक्षी को भेज दिया गया था। बैठक में प्रखंड कार्यायल में उपस्थित बीडीओ विजय सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा व सीडीपीओ अनिमा निलम भेंगरा तो उपस्थित हुए।

इसके अलावे सभी विभाग के प्रतिनिधि ही पहुंचे थें। जिसपर विधायक द्वारा काफी नाराजगी जतायी गई। पंचायत प्रतितिनिधियों ने जानकरी दी की जल जीवन मिषन के तहत प्रखंड में चल रहे नल जल योजना के कान्टेक्टर राजेष सिंह ने 10 माह पूर्व कार्य शुरू किया और भाग गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में कार्य अधुरा पड़ा है। पेयजल की भी समस्या है। विधायक ने पीएचइडी विभाग के एसी से बात कर खलासी को प्रतिनिधि के रूप में भेजने पर नाराजगी जताई। जिसके थोड़ी देर बाद विभाग के एसडीओ भागे-भागे पहुंचे, और कार्य जल्द शुरू व समस्याओं का निदान करने का अष्वासन दी।

# शाही हत्याकांड : पुलिस ने पत्नी और साला को किया गिरफ्तार

### संपत्ति की थी लालच दोनों करते थे मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** गोविंद नगर में रहने वाले मांडर नारो के जमीन कारोबारी राजकुमार शाही उर्फ अनिरुद्ध हत्याकांड मामले में उनके भाई त्रिशुल शाही के बयान पर रातू थाने में भादवि की धारा 302 और 120 बी के तहत कांड संख्या 201/23 दर्ज की गयी है। इसमें मृतक की पत्नी सोनी देवी और साला शचींद्र मिश्र को नामजद किया गया है। सोनी देवी पेशे से वकील हैं। पति-पत्नी के बीच आये दिन विवाद होने की खबर है। सोनी उन्हें हमेशा जेल भेजवा देने की धमकी देती थी। पैतृक संपत्ति से मिले हिस्से की जमीन को वह पुत्र अम्बिकेश के नाम करा ली। इसके बाद भाई शचींद्र मिश्र से मिल कर उन्हें मारपीट करती थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सोनी ने जुर्म स्वीकार कर ली है।

**प्रेम विवाह की चुकायी कीमत :** राजकुमार छत्रीय परिवार से थे। उन्होंने मांडर टोटांबी के सुरेंद्र मिश्र की पुत्री सोनी से प्रेम विवाह किया था। ससुराल के लोग इसके खिलाफ थे। साला शचींद्र मिश्र ने उन्हें जान मारने की धमकी दी थी। बहनोई की हत्या में उसे बहन का साथ मिला। सोमवार की शाम उसे सोनी के घर में देखा गया था।

**हत्या की सुबह गये थे रांची**

खाना खाकर अनिरुद्ध सो गये। योजनाबद्ध तरीके से भाई-बहन ने धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी। साक्ष्य छिपाने की नीयत से मंगलवार की सुबह छह बजे दोनों रांची चले गये। शाम में लौट सोनी ने अपने जेठ त्रिशुल शाही को सूचना दी, कि वह घर पर नहीं थी और किसी ने उनके पति की हत्या कर दी। इसके बाद घड़ियालु आंसू बहाते हुये विलाप करने लगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता




राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में अतिथि का स्वागत करते संस्था के प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय।

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के कुदलोंग स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन .एस .एस ) के अंतर्गत पांच दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रामकेश पाण्डेय मुख्य अतिथि प्रो. अशोक कुमार चौधरी , डॉ. शिल्पी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अमर कुमार चौधरी ने दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राँची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. अशोक चौधरी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि देश सेवा के साथ साथ भारतवर्ष के विकास में आप महत्वपूर्ण योगदान देकर मानव सेवा करते हुए उपर उठ जाईए,राष्ट आपका है और आप मेड इन इंडिया की जगह मेक इन इंडिया के सपनों को साकार करें। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता एस.एस.एल.एन.टी. महिला महाविद्यालय, धनबाद के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिल्पी द्वारा आत्मनिर्भर भारत विषय पर उद्बोधन में उन्होंने समृद्ध भारत के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत को विश्वगुरू की यात्रा के प्रमुख बिन्दु किसान और मजदूरों की सहायता, कृषि में निर्भरता, इंफ्रास्ट्रक्चर और बाजार की उपलब्धता एवं क्वालिटी ऑफ प्रोडक्टिविटी पर केंद्रित की । झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अमर कुमार चौधरी ने कहा कि झारखण्ड बदल रहा है, जिसमें युवाओं की भूमिका बारिश की पहली बूंद के रूप में होगी। मौके पर एन.एस.एस. कार्यक्रम की प्रस्तावना देते हुए कॉर्डिनेटर रामजी यादव ने बताया कि इसमें युवाओं को जोड़कर कार्य करना है। समुदाय को जोड़ना तथा उसे सशक्त बनाना जिससे देश सबल हो सके। दुसरे सत्र के अतिथि के रुप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम और शहीद शेख भिखारी इ.ए कॉलेज के प्राचार्य डॉ सपना त्रिपाठी ने भी संबोधन किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक वागीश दुबे संचालन मोहित कुमार तिवारी द्वारा किया गया। समापन शांति मंत्र के साथ किया गया । कार्यक्रम में बी एड के सभी छात्र छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के कर्मचारी शामिल थे ।

# रातू : सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** रातू-ठाकुरगांव रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप 12 मई की शाम सात बजे 125 सीसी की पल्सर मोटर साइकिल जेएच 01 डीएच 2856 के धक्के से आइसक्रीम विक्रेता मो सलीम की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। जबकि, मलमाडू निवासी और घायल बाइक चालक 30 वर्षीय सुनिल उरांव को झखराटांड़ स्थित कमलेश मेमोरियल ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया था। बुधवार की दोपहर उसकी हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन, रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया।

कैसे घटी थी घटना

मो सलीम होचर में लगने वाले साप्ताहिक शुक्रवार बाजार आइसक्रीम बेचने गया था। वह शाम साढ़े छह बजे बाजार से ठेला लेकर चला। जैसे ही वह पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा, समान दिशा से आ रहे सुनिल उरांव ने उसे अपनी चपेट में ले लिया था। इससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आयी थी।

# तीन दिवसीय समर कैंप का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



समर कैंप में मौजूद विद्यार्थी व फाउंडेशन के अधिकारी।

**इटकी।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वाधान में मोरो स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का बुधवार को समापन हो गया। मौके पर वृक्षो की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। स्कूल परिसर में स्थित सखुआ सहित अन्य पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधे गये। कैम्प के क्रम में विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये शिक्षा पर आधारित चित्रांकन,आर्ट व विज्ञान से संबंधित कला की प्रदर्शनी लगायी गयी।

विद्यार्थियों ने कैंप में प्राप्त अनुभवों को साझा भी किया। कैंप में मोरो के अलावा बोड़ेया व सियारटोली स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन के मौके पर फाउंडेशन के गुरु प्रसाद, अभिषेक मित्रा,राजेश कुमार, सोनालिका, नंदलाल महतो, आशा खलखो, बिनोद साहू, प्रमोद शाही, संध्या, सुमति, फगनी व नीलम सहित अन्य शामिल थे।

# भाजपा नेता ने मृतक के सतकर्म में पहुंचकर परिवार को दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के सलगाडीह चौक निवासी बुधु लोहरा (उम्र 26 वर्ष) की बीते 07 मई को आकस्मिक मौत हो गयी थी। बुधु लोहरा की 24 वर्षीय पत्नी गुरुवारी देवी जो कि गर्भवती है। बुधु लोहरा जमशेदपुर में मजदूरी कर अपने परिवार को भरण पोषण करते थे। मृतक का एक 4 वर्षीय बेटी भी है। इस हालत में देख ना केवल परिवार बल्कि पूरा गांव की आंखें नम है। मृतक के सतकर्म में ईचागढ़ विधानसभा के भाजपा नेता सह भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद राय पहुंचकर परिवार को इस दुख की घड़ी में ढांढस बांधा। उन्होंने कहा कि एक परिवार का जवान बेटा का यूं अचानक छोड़ जाना पीड़ा को कोई नहीं कम कर सकता। लेकिन परिवार वालों के हिम्मत बनते हुए कहा कि इस बेटी वह आने वाले बच्चे के लिए आप लोगों और हम लोगों को डट कर खड़ा रहना होगा। ताकि आपकी बेटी इस लायक बनी की बड़ी होकर पूरे परिवार का देखभाल करने में सक्षम हो। मौके पर विनोद राय ने परिवार को आर्थिक सहयोग भी किया और सरकार से उचित मुआवजा एवं अविलंब विधवा पेंशन चालू करवाने की बात कही साथ ही साथ हमेशा बच्चों के परवरिश में सहयोग करने की भी भरोसा दिया। मौके पर अमित राय, युवराज सिंह, कैलास पाठक, पार्वती देवी आदि उपस्थित रहे।

# विधायक ने जल मीनार निर्माण का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता




शिलान्यास करते विधायक व साथ में अन्य।

**बेड़ो।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने बुधवार को बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत व करांजी पंचायत सचिवालय भवन के समीप जल जीवन मिशन अंतर्गत जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ग्रामीणों से मिलीं और पंचायत भवन के सभागार में बैठक किया। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के लाभ के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि किस तरह डीप बोरिंग करके पम्प के माध्यम से कैसे शुद्ध पेय जल घर घर तक पहुँचाया जायेगा ? जिसे पानी की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही अन्य नये योजनाओं के बारे मे भी विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, जिपस पूर्वी बेरोनिका उरांव, जिपस पश्चिमी पार्वती कुमारी, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय, प्रमुख विनीता कच्छप, उप प्रमुख मोदस्सीर हक,मुखिया कुंवारी कुमारी खलखो, फ्रांसिस्का मिंज, प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव,जगरनाथ भगत, विशेश्वर उरांव, राजीव रंजन अधिकारी, मनकु कुजूर, सुलेमान तिर्की, मार्टिन तिर्की, सरोज लकड़ा व जल सहिया एवं ग्रामीण आदि मौजूद थे।

# चबूतरा निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता




चबूतरा निर्माण के शुभारंभ के बाद उपस्थित मुखिया व ग्रामीण।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नेहालू मण्डा टांड़ में बुधवार को चबुतरा निर्माण कार्य का गांव के पहान तथा ग्रामीणों ने विधिवत शुभारम्भ किया। चबुतरा नहीं होने के कारण शिवभक्तों तथा ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पडता था। इस चबुतरा के बनने की से सभी ग्रामीण काफी खुश हैं। इस संदर्भ में मुखिया विरेंद्र भगत ने बताया कि ग्रामीणों के मांग पर इसका निर्माण मुखिया फंड से करीब डेढ़ लाख की लागत से किया जाएगा। वहीं मौके पर मुखिया विरेन्द्र भगत, पहान सोमरा प्रधान,प्रदुमन प्रधान, बिजला महली,भौरा उरांव, अंगद प्रधान, करमबीर प्रधान, विकास प्रधान, आकाश प्रधान, रंजीत प्रधान, नारायण स्वांसी, राजेन्द्र स्वांसी, जगदीश प्रधान, जगन्नाथ साहू, यमुना साहु, किस्को साहू, घाटी प्रधान, बीरबल प्रधान, बिनोद प्रधान, करमनाथ स्वामी, दीपक प्रधान, बिल्कुल प्रधान,रंजीत प्रधान शिवशंकर प्रधान,पवन साहू ,सबिता देवी ,बसन्ती देवी,शान्ति देवी, रौशनी देवी, चन्द्रा देवी, चरिया देवी ,हीरा देवी, गौरी देवी ,सनिचरिया देवी, अंगनी देवी, कामना देवी, मुनी देवी ,सौहबईत देवी,धिराज देवी ,तेतरी देवी, राधिका देवी, दुखनी देवी, सुरजमुनी देवी,कुवारी मुनी देवी व सुनिता देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नकद और जेवर सहित घरेलू समान उड़ा ले गये

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो बिजली पावर सबस्टेशन के क्वाटर में बुधवार की रात में चोरों ने घर का ताला तोड़कर लगभग 45 हजार नगद, सोना चांदी के ज्वेलर्स व घरैलू उपयोग के समान को चोरी कर ली। घटना के संदर्भ में दैनिक बिजली कर्मी असलम मिंया ने बताया कि परिवार के साथ 13 मई की सुबह सात बजे घर में ताला बंद कर शादी समारोह में शामिल होने रिस्तेदार के यहाँ अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ चले गये थे। वहीं बुधवार की सुबह करो 9.30 बजे पढोसी ने फोन पर बताया कि घर के दरवाजा का ताला टुटा हुआ है। शाम में जब घर वापस आया तो अंदर जाकर देखा तो कमरा का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था सामानों को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में 45 हजार नगद रुपये, सोने व चांदी की ज्वेलर्स एलएडी टीबी, कुलर, नये कपड़े व घरेलु उपयोग के समान चुरा कर ले गए। संभवतः चोरों ने घात लगाकर के बंद घर को अपना निशाना बनाया।

# प्रखंड कार्यालय नामकुम में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम

## पंचायतों के विकास के नौ थीम पर दिया गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड कार्यालय में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने बताया कि नौ थीम में गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका,गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैशी गांव,जल पर्याप्त गांव,स्वच्छ और हरित गांव,गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव,सुशासन वाला गांव तथा महिला और बाल हितैशी गांव की थीम पर योजनाओं का चयन कर उस पर जमीनी स्तर पर कार्य किया जाएगा। श्रीमती उरांव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निदेशक श्रीमती उरांव ने कहा कि इस प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षु अपने पंचायत,गांव को विकसित करने हेतु योजनाओं का चयन कर सकते हैं एवं गांव के लोगों को प्रशिक्षण देकर विकास में भागीदार बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम नामकुम से ही दस राज्यव्यापी प्रशिक्षण की शुरूआत की गई है। चूंकि नामकुम प्रखंड रांची जिले से सबसे नजदीक का प्रखंड है और यहां की स्थिति सबसे बेहतर है ।

मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी बीरेंद्र चौबे ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव,बीडीओ ज्ञान शंकर जायसवाल, प्रमुख आशा कच्छप तथा उप प्रमुख वीणा देवी सहित राज्यस्तर के प्रशिक्षक तथा सभी 24 जिलों के डीपीएम, शिक्षा विभाग ,चिकित्सा विभाग, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन के प्रतिनिधि समेत सहायक अभियंता, कनीय अभियंता,सहित सभी मुखिया और पंचायत सचिव तथा संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्तरीय शिक्षा पर ध्यान

**झा**रखंड में अलग-अलग जिलों में स्थापित 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। दिल्ली सरकार की तर्ज पर इन स्कूलों में अत्याधुनिक आधारभूत संरचना, लाइब्रेरी, सांइस लैब, डिजिटल स्मार्ट क्लास, लैंग्वेज लैब, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, कमर्शियल ट्रेनिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सभी स्कूल सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दावा किया कि इन सभी स्कूलों में कॉन्वेंट स्कूलों की तर्ज पर पढ़ाई होगी। मकसद यह है कि सरकारी स्कूलों से पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं आज के प्रतियोगी दौर में किसी से पीछे न रहें। इनके अलावा प्रखंडों में 325 लीडर स्कूल और 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। राज्य सरकार के मुताबिक इन विशिष्ट स्कूलों में 15 लाख से छात्र-छात्राओं को प्राइवेट स्कूलों की तरह स्तरीय शिक्षा मिलेगी। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है। इन्हें अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। जनवरी माह में प्रधानाध्यापकों को आईआईएम की ओर से स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग भी दी गई है। इन उत्कृष्ट विद्यालयों के बच्चों को व्यवसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बच्चों को एग्रीकल्चर, आईटी, आईटीईएस, अपारेल एण्ड मेडअप एण्ड होम फर्निशिंग, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, ऑटोमोटिव, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटालिटी समेत अन्य ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबंधित ट्रेड से जुड़े राज्य स्तरीय प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों के साथ इंडस्ट्रियल फील्ड विजिट की व्यवस्था की जा रही है ताकि भावी जीवन में उनके रुचि के अनुसार रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सके। हेमंत सरकार का यह सराहनीय कदम है।

# बिन पानी सब सून

**हि**मालय के ग्लेशियर पिघलने की दर तेज होने से आकलन के मुताबिक 2050 तक हिमालय के ग्लेशियर लगभग समाप्त हो जाएंगे,। इससे भूजल पर निर्भरता बढ़ेगी। भूजल का दोहन बढ़ा तो समूची दुनिया को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। इस समय देश में 61.6 प्रतिशत भूमि सिंचाई के लिए भूजल पर निर्भर है, केवल 24.5 प्रतिशत ही नहरों से सिंचित है। शेष पर अन्य पारंपरिक साधनों से सिंचाई होती है। हाल यह है कि देश के लगभग एक तिहाई जिलों में स्थाई भूजल भंडार भी समाप्त हो गए हैं। इसलिए हमें उतना ही भूजल निकालना चाहिए जितना हर वर्ष पुनर्भरण से इकठ्ठा होता है। इस आसन्न संकट को देख कर ही हमें भूजल विकास कार्यक्रम बनाने चाहिए और उनका अनुश्रवण करना चाहिए।भूजल के मामले में एक तो हमारे पास वर्तमान तकनीकों से मेल खाने वाले कानूनों का भी अभाव था दूसरे व्यवस्थित अनुश्रवण व्यवस्था भी नहीं थी। 2005 के कानून ने इस कमी को कुछ हद तक पूरा किया है। उससे पहले 1882 का एक कानून था जिसके अनुसार कोई भी अपनी जमीन के नीचे से भूजल दोहन कर सकता था। जाहिर है उस समय ऊर्जा चालित गहरे कुआं बनाने की तो कोई सुविधा ही उपलब्ध नहीं थी। लोग रेहट, कुओं आदि से भूजल दोहन करते थे, जिससे भूजल स्तर पर कोई प्रभाव पड़ने की संभावना ही नहीं रहती थी। आज जब एक डेढ़ हजार फुट नीचे तक से भूजल का निकास संभव हो गया है तो सोचना जरूरी हो गया है। जल की समस्या लगातार बड़ी होती जा रही है। चैन्नई से बंगलूरू तक रांची से लेकर पटना तक हर शहर में भूमिगत जल कम होता जा रहा है। मानसून की अनिश्चितता भी लगातार बढ़ती जा रही है जिससे स्थिति विषम हो रही है।

# आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से डर केवल जॉब गंवाने का नहीं




**ज्योफ्रे** हिंटन ने हाल ही में गूगल छोड़ने की घोषणा की और जब उनसे पूछा गया कि वह ऐसा क्यों कर रहे हैं तो उन्होंने जवाब दिया, मैंने इसलिए छोड़ा ताकि मैं आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के खतरों के बारे में बिना यह सोचे बात कर सकूं कि इसका गूगल पर क्या असर होगा। उनकी इस बात ने हम सभी को यह सोचने पर विवश कर दिया कि आखिर हमारे सामने क्या कुछ आने वाला है। हम सभी हिंटन की टिप्पणी को इसलिए बहुत गंभीरता से लेते हैं क्योंकि उन्हें वैज्ञानिक हलकों में एआई के संरक्षक के तौर पर जाना जाता है। न्यूट्रल नेटवर्क के पीछे उन्हीं का दिमाग है।

यह एक गणितीय अवधारणा है जो इंसानी भाषाओं के भारी-भरकम डेटाबेस से खास किस्म के रुझानों को अलग करती है। ऐसे में आप कह सकते हैं कि चैटजीपीटी जैसे कार्यक्रम बिना न्यूट्रल नेटवर्क के अस्तित्व में नहीं आ सकते थे और हिंटन ने इसे इस्तेमाल लायक बनाने में योगदान किया है।

ज्योफ्रे हिंटन की बातों और उनके कदमों का शायद वही प्रभाव हो जो उस समय होता अगर होमी भाभा ने सन् 1950 के दशक में यह कहते हुए परमाणु ऊर्जा आयोग छोड़ दिया होता कि, ह्यमैंने इसलिए छोड़ दिया ताकि मैं बिना यह सोचे परमाणु ऊर्जा के खतरों के बारे में बात कर सकूं कि इन बातों का भारत के परमाणु कार्यक्रम पर क्या असर होगा?अगर वैसा होता तो भारत शायद परमाणु ऊर्जा को लेकर अपने बड़े-बड़े सपने पहले ही त्याग देता। या फिर मानो ईएमएस नंबूदरीपाद मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी छोड़ते हुए यह कहते, ह्यमैंने इसलिए पार्टी छोड़ी ताकि मैं मार्क्सवाद के खतरों के बारे में बात कर सकूं..वगैरह।

आमतौर पर तकनीकी क्षेत्र में किसी भी नई पहल के समय कुछ लोग आशंका जताते हैं कि इससे नौकरियों को नुकसान होगा। इस बार रहस्यमय बात यह है कि एक नई तकनीक के सह रचयिता ने चेतावनी दी है। ऐसे में हमारे लिए जरूरी है कि हम उसकी बात सुनें।

तकनीक पर अगर निगरानी न रखी जाए तो वह मुश्किल हालात पैदा कर सकती है। उदाहरण के लिए भोपाल में सन 1984 में यूनियन कार्बाइड (एवरेडी बैटरी की निमार्ता) के कारखाने में घटित भोपाल गैस त्रासदी को याद कीजिए। तीन दिसंबर, 1984 को करीब 45 टन खतरनाक मिथाइल आइसोसाइनेट गैस इस कीटनाशक संयंत्र से रिसी और करीब 15,000 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। तकरीबन पांच लाख बचे हुए लोग दृष्टिहीनता तथा कई प्रकार की अन्य बीमारियों के शिकार हुए क्योंकि वे विषाक्त गैस के संपर्क में आए थे।



-अजित बी कृष्णण

> ज्योफ्रे हिंटन की बातों और उनके कदमों का शायद वही प्रभाव हो जो उस समय होता अगर होमी भाभा ने सन् 1950 के दशक में यह कहते हुए परमाणु ऊर्जा आयोग छोड़ दिया होता कि, ह्यमैंने इसलिए छोड़ दिया ताकि मैं बिना यह सोचे परमाणु ऊर्जा के खतरों के बारे में बात कर सकूं कि इन बातों का भारत के परमाणु कार्यक्रम पर क्या असर होगा?अगर वैसा होता तो भारत शायद परमाणु ऊर्जा को लेकर अपने बड़े-बड़े सपने पहले ही त्याग देता।

इनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका के अनुसार इस बात पर सहमति बनी कि कमतर परिचालन और सुरक्षा प्रक्रिया की कमी के कारण यह त्रासदी घटित हुई। दूसरे शब्दों में कहें तो यह मामला बिना समुचित निगरानी के तकनीक के इस्तेमाल का था। हिंटन ने सार्वजनिक रूप से जो चिंताएं जताईं उनमें एक प्रमुख चिंता यह थी कि बुरे काम करने वाले एआई का इस्तेमाल करके गलत काम कर सकते हैं।

ऐसे काम जो मासूम नागरिकों को प्रभावित करें। वह उदाहरण देते हैं कि अधिनायकवादी नेता कृत्रिम ढंग से तैयार भाषणों और लेखन का उपयोग करके मतदाताओं को प्रभावित करते हैं। कुछ ऐसे उदाहरण भी हैं जिन्हें कहीं अधिक आसानी से समझा जा सकता है। एक उदाहरण है चालकरहित बस का एक यातायात संचालित पथ पर घुस जाना या सैन्य ड्रोन का मासूम लोगों पर हमला कर देना।

सवाल यह है कि ऐसे में केवल चिंतित होने के अलावा हम नीतिगत स्तर पर क्या कदम उठा सकते हैं? हाल के सप्ताहों में कई शोधकताओं और सिलिकन वैली के कई थिंकटैंक्स ने दुनिया भर के लोगों से यह अपील करनी आरंभ की है कि वे एक ऐसे खुले पत्र पर हस्ताक्षर करें जो जीपीटी4 (चैटबॉट जीपीटी के निमार्ताओं द्वारा निर्मित) से अ?धिक श?क्तिशाली एआई प्रयोगों को छह माह के लिए रोकने की मांग करता है।

फ्यूचर ऑफ लाइफ इंस्टीट्यूट ने 28,000 लोगों से ऐसी एक अपील पर हस्ताक्षर कराए। हस्ताक्षर करने वालों में टेस्ला के संस्थापक और ट्विटर के मालिक ईलॉन मस्क, ऐपल के सह-संस्थापक स्टीव वोजनियाक और डीप लर्निंग और टूरिंग अवार्ड विजेता यो?शिओ बेंजियो शामिल थे।

इन लोगों की कुछ अनुशंसाएं इस प्रकार हैं:

ऐसे तरीके निकालें जो एआई से तैयार सामग्री को पहचान सकें, एआई से होने वाले नुकसान की जवाबदेही तय हो, एआई प्रणाली के लिए तीसरे पक्ष द्वारा अंकेक्षण और प्रमाणन की व्यवस्था हो (पूरी रिपोर्ट ह्यएफएलआई रिपोर्ट: पॉलिसी मेकिंग इन द पॉजह्ण)।

हम खुद को जिस ?स्थिति में आते हैं वह सन 1990 के दशक के इंटरनेट के शुरूआती समय की याद दिलाती है। उस समय भी ऐसी ही चेतावनी दी जाती थी और कहा जाता था कि इंटरनेट तकनीक के कारण लोग घृणा फैलाने वाले या अश्लील संदेशों का प्रसार करेंगे या सूचनाओं की चोरी करेंगे। कहा जाता था कि इंटरनेट नवाचार के कारण मानवता का नष्ट होना तय है। हमने उन चिंताओं को दूर करने के लिए कानून बनाए और मध्यवर्ती प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जो ऐसे मंच मुहैया कराते थे जहां लोग सामग्री तैयार कर सकते थे और अन्य लोग उन पर टिप्प?णियां कर सकते थे।

इसके चलते रचनाकारों और टीकाकारों को गलत व्यवहार से जुड़ी तमाम तरह की कानूनी जवाबदेहियों से मु?क्ति हासिल हुई और मध्यवर्ती कंपनियों और प्लेटफॉर्म को निरंतर नवाचार करने का अवसर मिला। इस क्षेत्र में भी वि?भिन्न प्रकार के कानून लाकर जवाबदेहियों को इसी प्रकार बांटा जा सकता है।

इन तमाम विषयों पर विचार करते हुए यह संभव है कि उन शोधकताओं, निवेशकों और उद्यमियों के लिए कठिनाई पैदा हो जाए जो अपने काम को बढ़ाचढ़ाकर बताने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की अभिव्यक्ति का इस्तेमाल कर बैठते हों। क्या ऐसी तकनीक को ह्यमशीन लर्निंग का नाम देना अधिक उचित होगा?

## खास बात
## प्रवासी भारतीय

आरके सिन्हा

**अब** लगभग हर रोज मीडिया में भारत से बाहर बसे भारतीयों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर खबरें होती हैं। विश्व बैंक का अध्यक्ष बनने से लेकर किसी देश का राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री, सांसद वगैरह बन रहे हैं भारतीय। बात यहां तक ही सीमित नहीं है। संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने पैसे से लबालब भर दिया है। रिजर्व बैंक के फरवरी, 2023 तक के आंकड़े बता रहे हैं कि रिजर्व बैंक का एनआरआई डिपाजिट 136 अरब रुपये हो चुका है। एनआरआई का मतलब है नॉन रेजीडेंट इंडियन (अप्रवासी भारतीय) है। साफ है लगभग तीन करोड़ भारतवंशी तथा एनआरआई अपने वतन को खुशहाल करने का ठोस काम कर रहे हैं। इसलिए यह समझना गलत होगा कि वे सात समंदर जाते ही भारत को भूल जाते हैं।

ऐसा नहीं है। वे कहीं भी चले जाएं, पर रहते भारतीय ही हैं। उनकी पहचान भारतीय के रूप में होती है। वे भी गर्व करते हैं कि उन्हें कई पीढ़ियों बाद भी भारतीय ही माना जाता है। एक बार केन्या के हॉकी के महान खिलाड़ी अवतार सिंह सोहल बता रहे थे कि अफ्रीका में 125 से भी ज्यादा सालों से भारतीय बसे हुए हैं। अब वहां उनकी चौथी-पांचवीं पीढ़ी आबाद है। अफ्रीका से अनेक भारतीय परिवार यूरोप, कनाडा, अमेरिका वगैरह भी जाकर बस गए। पर वे जहां भी जाते हैं खुद को भारतीय ही बताते हैं। सोहल ने केन्या का चार ओलंपिक खेलों में प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने चंडीगढ़ में एक फ्लैट भी खरीदा है। कुछ अफ्रीकी देशों में बसे भारतीय कहते हैं कि अगर कभी संकट पैदा हुआ तो वे भारत का रुख कर सकते हैं। इसलिए वे भारत में भी अपनी संपत्ति रख लेते हैं देश की मजबूत आर्थिक सेहत में उन अनाम भारतीयों का भी कम बड़ा योगदान नहीं है जो हर साल भारत पैसा भेजते हैं। आमतौर पर मीडिया में उन्हीं की चर्चा होती है जो बड़े इनवेस्टर होते हैं। कोई भी राज्य जब अपने यहां निवेश आमंत्रित करता है तो उसकी निगाह बड़ी कंपनियों पर ही रहती है। मानता हूं कि उनका निवेश भी जरूरी होता है पर अगर अपने देश के नागरिक ही अपने देश में निवेश

# निडरता

## विचार-प्रवाह

प्रेम प्रकाश

**वह** आस्था और निर्भीकता दिखाने वाले लोगों के साथ आज भी खड़ा है। उनकी अपील का असर हुआ और देखते-देखते स्थिति में तेज सुधार देखने को मिला। आज भी तकरीबन ऐसी ही स्थिति है। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर बीते वर्ष आई पहली लहर के मुकाबले ज्यादा भयावह है। इंसान से ज्यादा खबरों में लाशें हैं। मनुष्य के लिए मृत्यु का सच ऐसी भयावहता लेकर आया है कि प्रेम, सद्भाव और सहयोग जैसे सामाजिक सरोकार सिरे से गायब हैं। मानवीय करुणा अभी भी बची है, इसके लिए साक्ष्य जुटाने पड़ रहे हैं। ऐसे में न सिर्फ महामारी से बचाव की चिंता है बल्कि इस बात की भी चिंता है कि आदमी एक-दूसरे से दूर होकर, भयभीत होकर क्या अपनी हिफाजत कर पाएगा। जाहिर है जवाब होगा नहीं। पर इस नहीं को हम अपने अमल में कैसे लाएं। कैसे यह दिखेगा कि इतिहास में महामारियों के कई दौर और दो-दो विश्वयुद्ध के बाद हम यह सबक सीख गए हैं अपने देशकाल को प्रेम और करुणा से दूर होते देखना कुछ और नहीं बल्कि इंसान के लिए अपने मौलिक दरकारों-सरोकारों से दूर होना है। इसलिए जब कोविड-19 के रूप में महामारी ने पूरी दुनिया में मौत को पहाड़ जैसे आंकड़ों में बदला तो सामाजिक अध्ययन से जुड़े कई विद्वानों ने इस बात की प्रस्तावना दुनिया के आगे रखी कि यह सेहत से ज्यादा सभ्यता का संकट है। जीवन की हिफाजत की चुनौती पर हम तभी खरे हो पाएंगे जब मनुष्यता और उसकी सामाजिकता को भी साथ-साथ बचाएं।

ऐसे में हमें करना क्या है, इस बारे में कई लोगों ने कई तरह के सुझाव दिए हैं।

**भीषण** गर्मी के बावजूद बुक बैंक में बच्चों का आना, पुस्तकें प्राप्त करना जारी है। आज भी कई बच्चे बुक बैंक आए। अपने उपयोग की पुस्तकें लेकर गए। बुक बैंक में पुस्तकों का संग्रह बच्चों के चेहरे पर बहुत खुशी का एहसास कराता है। बच्चों की खुशी ही बुक बैंक सफलता है।
**-संजय सेठ, सांसद रांची**

## आपके ट्वीट

**नई** दिल्ली में झारखण्ड भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा निर्माण कार्य में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं। 15 दिन में भवन निर्माण को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों एवं सलाहकारों की भूमिका से संबंधित जांच रिपोर्ट पेश करें। - हेमंत सोरेन,





**ट्रेन** और प्लेन सुविधाओं में पिछले सालों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई-पर मांग भी बढ़ी है। यह परिणाम है बदलते भारत के सकारात्मक बदलाव का, एकभारतश्रेष्ठभारत का। दिक्कत तो है पर रेल मंत्री और उड्डयन मंत्री की अगुआई सजग है। **-महेश पोद्दार**

## कार्टून वर्ल्ड



साभार ट्विटर डॉट कॉम

# सोचना होगा बिन भूजल, कैसा होगा कल

## पर्यावरण

कुलभूषण उपमन्यु

**हाल** ही में दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केपटाउन को जलविहीन घोषित किया गया है। प्रकृति का यह बदला रूप सारी दुनिया के लिए भयावह संदेश है। जलवायु परिवर्तन के दौर में पूरी दुनिया में जल आपूर्ति अपने आप में एक चुनौती के रूप में उभरती दिख रही है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है। कुल उपलब्ध जल का 97 प्रतिशत भाग सागरों में है, जो खारा है। केवल तीन प्रतिशत जल ही प्रयोग के योग्य है, जिसमें 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों में है। केवल 0.6 प्रतिशत जल ही नदियों, झीलों आदि में है। पृथ्वी पर कुल 32 करोड़, 60 लाख खरब गैलन पानी है। सागरों से पानी भाप बन कर बादलों के रूप में बरसता है। उसमें से कुछ ही ग्लेशियरों और बर्फ, नदी जल, भूजल के रूप में धरती पर रुक जाता है, बाकी बह कर फिर समुद्र में चला जाता है। जो पानी धरती पर रुक गया, वही हमारे उपयोग के योग्य बचता है। जलवायु परिवर्तन से जमीन पर गर्मी बढ़ रही है और इससे ग्लेशियर और बर्फ के रूप में रुकने वाला जल ग्लेशियर और बर्फ के पिघलने की गति बढ़ने के कारण घटता जा रहा है।

भूगर्भ विज्ञान के विकास के साथ हमें पता चल गया है कि भूजल भंडार तो मीलों तक आपस में जुड़े हो सकते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि भूजल को निजी भूमि से जुड़े व्यक्तिगत अधिकार के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती। भूजल सामुदायिक संसाधन है। इसलिए सामुदायिक हितों के दृष्टिगत ही इसका प्रबंधन होना चाहिए। वर्तमान कानून में इस दिशा में रास्ता बना है किन्तु मौके पर कानून के प्रावधानों को लागू करने की लचर व्यवस्था से काम चलने वाला नहीं है।

हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में इसे समझते हैं। हिमाचल में दोहन योग्य भूजल 0.97 बिलियन घन मीटर वार्षिक है, जिसमें से 0.36 बिलियन घन मीटर ही निकाला जा रहा है। 2019 तक प्रदेश में 39085 हैंड पंप जलशक्ति विभाग द्वारा लगाए गए हैं और 8000 सिंचाई कुओं का निर्माण किया गया है। किन्तु यह आंकड़ा विश्वसनीय बिलकुल भी नहीं है, क्योंकि बिना मंजूरी और पंजीकरण के कितने हैंडपंप और सिंचाई कुआं हैं इसकी कोई जानकारी किसी के पास नहीं है। नियमों का उल्लंघन करके ट्यूबवेल लगाने के लिए पांच साल जेल और 10 लाख रुपये तक जुमार्ने का प्रावधान 2005 के कानून में था। इसे संशोधित करके जेल की सजा को हटा दिया गया है। यह अच्छा कदम है। किन्तु जुमार्ने के साथ अवैध लगाए गए भूजल दोहन संयंत्रों को बंद करवाने का प्रावधान होना चाहिए।

गैर पंजीकृत ठेकेदारों की चर्चा भी जरूरी है। 2019 में नए बोर करने पर अगले आदेशों तक प्रतिबंध लगा था, किंतु इसके बावजूद बोर लगाने का काम ऐसे ही लोगों द्वारा चलता रहा। घटते भूजल स्तर से भटियात तहसील में लगे 50 प्रतिशत से ज्यादा हैंडपंप सूखे पड़े हैं। अन्य जगहों में भी ऐसा है। अति दोहन से कई जगह प्राकृतिक जलस्त्रोत सूख गए हैं।

इसका असर छोटे नदी-नालों के जलस्तर पर भी पड़ेगा। यह भी समझ से परे है कि 2017 में कांगड़ा का इंदौरा, सिरमौर का काला अंब, सोलन का नालागढ़ और ऊना क्षेत्र में भूजल दोहन स्तर पुनर्भरण क्षमता से ज्यादा था। 2020 के बाद के आकलन में इन क्षेत्रों को भी सुरक्षित घोषित किया गया है। जब कि उसके बाद दोहन का स्तर तो बढ़ता ही गया है। आशा की जानी चाहिए कि सरकार इस दिशा में गंभीर पहल करेगी।

(लेखक, पर्यावरणविद् हैं।)

# वास्तु कला का नायाब उदाहरण है आगरा का किला

## विरासत

निशांत कुमार चौबे

**देश** में कई दर्शनीय स्थल हैं लेकिन इसमें सबसे सुप्रसिद्ध अकबर द्वारा निर्मित आगरा का किला कई रहस्यमय जानकारियों को समेटे है। आगरा का किला अकबरी शैली का सर्वप्रथम उदाहरण है। आगरा किला का निर्माण कार्य अकबर दरबार के प्रधान कारीगर कासिम खॉं की देखरेख में हुआ था। इसका निर्माण कार्य 1565 ई में प्रारंभ हुआ और लगभग 15 वर्षों में पूर्ण हुआ। इसके निर्माण कार्य में लगभग 35 लाख रूपया व्यय हुआ था। यह किला यमुना नदी के दायें किनारे पर लगभग डेढ़ मील के घेरे में स्थित है। इसकी दीवारों के संबंध में कहा जाता है कि उपर से नीचे तक आग जैसे लाल पत्थरों को लोहे की रिंग्स से इस बारीकी से जोड़ा गया है कि उनके जोड़ में एक बाल भी नहीं जा सकता है। इसमें दो प्रवेश द्वार है। इसके पश्चिम का प्रवेश द्वारा 1566 ई में बनकर तैयार हुआ था, इसे दिल्ली दरवाजा कहते हैं। यह अकबर के प्रारंभिक काल की स्थापत्यकला का परिचय प्रदान करता है। इसके मुख्य प्रवेश द्वार पर दोनों और दो बुर्ज स्थित है जो इसके कलात्मक रूप प्रदान करते हैं। यह बुर्ज अठपहले हैं और इनमें आपस में अनुरूपता है। इसमें कोष्ठकों तथा बाल्कनियों का भी बड़ा सुंदर प्रयोग किया गया है। प्रवेश द्वार को सुसज्जित करने का ड्डी बड़ा सराहनीय प्रयास किया गया है। मेहराबों को संगमरमर तथा उस पर विभिन्न डिजाइनों के



निर्माण द्वारा सुसज्जित एवं मनोहारी बनाने का प्रयास किया गया है। इन पर फूल-पत्तियों एवं पशु-पक्षियों का निर्माण हुआ है। इस मुख्य प्रवेश द्वार दिल्ली दरवाजा के अतिरिक्त एक दूसरा छोटा प्रवेश द्वार था जो सभी लोगों के उपयोग के लिये न होकर बादशाह के निजी उपयोग के लिये था। किले के चारों ओर खाई की योजना थी। किले के अंदर अकबर ने लाल पत्थरों से पॉंच सौ से अधिक भवनों का निर्माण करवाया था। इनमें से कुछ भवनों का निर्माण बंगाल तथा गुजरात की स्थापत्यकला शैली पर हुआ था। किन्तु इनमें से अधिकांशतः भवनों को अकबर के पौत्र तथा ताजमहल के निमार्ता शाहजहां ने गिरवाकर उनके स्थान पर संगमरमर के भवनों का निर्माण करवाया था।

अकबर द्वारा निर्मित भवनों में कुछ भवन अभी शेष है। वर्तमान समय में आगरा के किला अपने सौंदर्य से देश ही नहीं विदेशी लोगों को भी आकर्षित करता है। इस किले को लोग केवल देखने ही नहीं जाते बल्कि इससे जुडे जानकारियां भी हासिल करते हैं। (लेखक नयोदय स्कूल के प्राचार्य हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### गृहयुद्ध जैसी स्थिति

**पाकिस्तान** में बीते दिनों इमरान खान को जिस तरीके से गिरफ्तार किया गया उसे लेकर जनता सड़कों पर उतर आई। पहले ही कंगाली से जूझ रहे पाक में दंगे भड़कने से गृहयुद्ध की स्थिति उत्पन्न होती नजर आयी। यदि ऐसे ही पाकिस्तान की सड़कों पर अराजकता जारी रही तो सेना को सत्ता हथियाने का मौका मिल सकता है। पाकिस्तान में सेना प्रभावी है।

**-सुभाष सिंह, जमशेदपुर**

### आदर्शों का हनन

**कर्नाटक** विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने का वर्णन करने वाला था। इन विधानसभा चुनावों में सत्तापक्ष द्वारा ध्रवीकरण करने का यत्न किया गया। कांग्रेस ने भी बजरंग दल पर पाबंदी लगाने का आश्वासन दिया। दरअसल बात सिर्फ चुनाव जीतने की नहीं है बल्कि देश की एकता, अखंडता, तथा भाईचारे को बचाए रखने की भी है। **- रवि, रांची**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गिरिडीह से रांची जाने के क्रम में बाबूलाल मरांडी पंहुचे हजारीबाग

## सदर विधायक कार्यालय से संगठन की ऑनलाइन मीटिंग में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी अपने गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड स्थित पैतृक आवास खोदईबाग से राजधानी रांची जाने के क्रम में हजारीबाग में रुके। हजारीबाग के विशेश्वर दयाल पथ अवस्थित हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के आवास पहुंचे जहां उनके पुराने राजनीतिक साथी रहे पूर्व जिला परिषद ब्रजकिशीर जायसवाल से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। ब्रजकिशोर जायसवाल ने बाबूलाल मरांडी का पुष्पगुच्छ भेंटकर और हाथ जोड़कर अभिनंदन किया। सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके दैनिक राजनीतिक दिनचर्या और स्वसंचालित योजनाओं की जानकारी ली।

विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा जानकारी दिए जाने के उपरांत उनके द्वारा क्षेत्र की बहन- बेटियों को दिए जा रहे लहंगा के सौगात के सकारात्मक पहल की स्वतंत्र कंठ से खूब सरहना की। तत्पश्चात विधायक मनीष जायसवाल के सभाकक्ष से केंद्रीय स्तर के संगठनात्मक ऑनलाइन मीटिंग में शामिल हुए ।

**कार्यकताओं से मिले बाबूलाल मरांडी :** बाबूलाल मरांडी भाजपा कार्यकताओं के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। हजारीबाग पंहुचते ही उनसे मिलने भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों का एक बड़ा हुजूम जुट गया। बाबूलाल मरांडी ने भाजपा कार्यकताओं से बड़े ही आत्मीय भाव से मुलाकात की और उनके अभिवादन को स्वीकार किया। पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के जैसा परिणाम कर्नाटक विधानसभा चुनाव का रहा। झारखंड के विधानसभा चुनाव और लोकसभा सीटों पर कर्नाटक विधानसभा के परिणाम का कोई असर नहीं होगा।

अपना बूथ सबसे मजबूत के तर्ज पर झारखंड में सभी लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी और एक बार फिर झारखंड में भारतीय जनता पार्टी अपना सरकार बनाने की वजूद कायम करेगी। मौके पर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, खेलकूद विभाग के विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी, समाजसेवी नारायण गुप्ता, जयप्रकाश, सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## स्पीड न्यूज

### एयर कूल्ड टीएमटी बार ग्रेड 40 और ग्रेड 60 को क्वायल में किया रोल

**बासल (रामगढ़)।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर पतरातु ने पहली बार एयर कूल्ड टीएमटी बार ग्रेड 40 और ग्रेड 60 को कइल फर्म में रोल किया है। जेएसपी पतरातु के प्लांट हैड आरके अजमेरिया के कुशल नेतृत्व में जेएसपी पतरातु भारत की पहली कंपनी बन गई हैं जिसने एयर कूल्ड टीएमटी बार का उत्पादन किया।

### रजरप्पा मंदिर में हुआ सैकड़ों बच्चों का मुंडन संस्कार

**रजरप्पा।** रजरप्पा स्थित सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में बुधवार को मुंडन मुहूर्त होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। इस दौरान सैकड़ों बच्चों का चूल मुंडन कराया गया। मुंडन मुहूर्त के कारण कोने कोने से पहुंचे लोगों ने बकरों व नारियल की बलि देकर मुंडनशाला में अपने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार करवाए। जहां बच्चों की किलकारियों से मुंडनशाला गुलजार रहा। इस दौरान बकरों की बलि भी दी गई।

### महायज्ञ को लेकर पूरजोर तैयारी

**कुजू।** आगामी 26 मई से नगर परिषद क्षेत्र के दिगवार में सप्तदिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। इन सात दिनों में श्रद्धालुओं के बीच भक्ति की बयार बहेगी। इसके लिए समिति के लोग अभी से हीं पुरजोर रूप से तैयारी में लगे हुए हैं।

### युवक को सांप ने काटा इलाज के क्रम में हुई मौत

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के कोषमांडू बाबा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के पास बबलू बॉडी गैरेज में सो रहे युवक को बीती रात में एक जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे उसकी मौत इलाज के क्रम में हो गयी। जानकारी के अनुसार बबलू बॉडी गैरेज का मालिक बबलू शर्मा का छोटा भाई डब्लू शर्मा (35 वर्ष ) पिता इंद्रदेव मिस्त्री मंगलवार रात में अपने गैरेज में सोया हुआ था। इसी बीच रात करीब तीन बजे के आसपास एक जहरीले सांप ने उसके हाथ एवं पैर में काट लिया। जब युवक को एहसास हुआ तो इसकी जानकारी परिजनों को दिया। जिसके बाद परिजन तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ ले जहां।

### जनसेवक संघ का धरना 9वें दिन भी जारी

**रामगढ़।** मांगों को लेकर जन सेवक संघ द्वारा आयोजित धरना बुधवार को 9वें दिन भी जारी रहा। संघ के जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार ने बताया कि विभागीय मंत्री से सकारात्मक पहल की गई है । उन्होंने उम्मीद जताया की सरकार उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान देगी और सकारात्मक पहल करेगी। मौके पर रविंद्र कुमार महतो, विकास प्रसाद, उमेश कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, बिमल कुमार बेदिया, विनीता सिंह, आलोक मित्रा, परमानंद कुमार, ज्ञानी प्रताप भारती, जितेंद्र प्रसाद, विकास कुमार, संदीप कुमार, आनंद कुमार, जॉर्ज टुडू, रवि सागर पांडेय आदि उपस्थित थे।

## प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार को ले ग्रामीणों ने की बैठक



धर्मशाला परिसर में बैठक में मौजूद भुरकुंडा के स्थानीय लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर सह धर्मशाला परिसर में मंगलवार की शाम स्थानीय लोगो की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी और संचालन सतीश मोहन मिश्रा ने किया। बैठक मे सर्वसम्मति से खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया। साथ ही धर्मशाला को और बेहतरीन ढंग से बनाने और सुचारू रूप चलाने पर सहमति जताई गई। बैठक में आगामी जून माह में आयोजित होने वाले श्री संकटमोचन हनुमान महायज्ञ को सफल बनाने की सहमति बनी।

## आंगनबाड़ी केंद्र गरजामो में बच्चों के बीच पोशाक वितरण



बच्चों के बीच पोशाक वितरण करते जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामो स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के बीच पोशाक वितरण किया। उन्होंने कहा कि बच्चें देश के भविष्य है।

इसलिए बच्चों के परवरिश में किसी प्रकार कु कोताही नही होनी चाहिए।उन्होंने बच्चों के अभिभावकों एवं उनके माता पिता को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा किसी के जीवन का आधार है।इसलिए बच्चों को शिक्षित करें। बच्चे न सिर्फ देश का भविष्य, बल्कि वर्तमान भी है।

## करांटे शारीरिक व मानसिक विकास के साथ अनुशासन की भी देता है सीख : हरिनाथ

### पतरातू बीडीओ ने अंतरराष्ट्रीय कराटेकार कंचन दास को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे कोच सह अंतरर्राष्ट्रीय कराटेकार सेंसाई कंचन दास को क्षेत्र में कराटे का बेहतर प्रशिक्षण देने को लेकर बुधवार को पतरातू बीडीओ हरिनाथ महतो ने मेमेंटो देकर सम्मानित किया है। ज्ञात हो कि कंचन दास से कराटे, योग व खेल-कूद का प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ी प्रखंड व डिस्टिक ही नहीं स्टेट तथा ईस्ट जोन एवं राष्ट्रीय और अंतरर्राष्ट्रीय एथेलेटिक्स व कराटे प्रतियोगिता में मेडल जीतकर कोयलांचल भुरकुंडा का नाम रोशन किया है। यहां बताना लाजमी होगा कि कंचन दास के सफल मार्गदर्शन में 10 से 12 वर्ष के बच्चों ने पिछले वर्ष उड़ीसा में आयोजित नेशनल कराटे में दो सिल्वर एवं एक ब्रांउज मेडल जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया था। वहीं अप्रैल माह में रांची खेलगांव में आयोजित इंडियन स्कूल कराटे चैम्पियनशिप में 5 गोल्ड व 1 सिल्वर और 3 ब्रांउज मेडल जीतकर जीतकर अपने माता-पिता, स्कूल व प्रशिक्षण को गौरवान्वित कराया था। जबकि पिछले वर्ष ही भाला फेंक में भी एक गोल्ड मेडल जीता है। इधर दो बच्चों का जमशेदपुर में स्टेट लेबल की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वहीं पिछले 7 मई को एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चार बच्चों को चयन हुआ है। चयनित चारो खिलाड़ी आगामी 27 और 28 मई को रजरप्पा डीएवी मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन्हीं उपलब्धियों को लेकर पतरातू बीडीओ हरिनाथ महतो ने खेल प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए उनका हौसला आफजाई किया है। मौके पर बीडीओ हरिनाथ महतो ने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए कराटे व योग काफी लाभदायक होता है। उन्होंने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन तो है ही, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। श्री महतो ने कहा कि बच्चों को बेहतर भविष्य देने में कंचन दास अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही प्रशिक्षक कंचन दास को बधाई देते हुए खेल-कूद में अपनी ओर से हर संभव सहयोग करने की भी बात कही है। मौके पर कंचन दास ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी कैरियर बनाया जा सकता है। उन्होंने बीडीओ हरिनाथ महतो को बताया कि मैं और मेरे कराटेकार छात्र-छात्राओं ने नेपाल कठमांडू में आयोजित अंतरर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। जो की क्षेत्र के लिए काफी गौरव की बात है।



अंतरराष्ट्रीय कराटेकार कंचन दास को सममानित करते बीडीओ।

## अपराधियों को संरक्षण दे रही ऋत्विक कंपनी, घटना को दिला रही अंजाम

एक नजर में

समशाद अंसारी

**केरेडारी (हजारीबाग)।** एनटीपीसी की आउटसोर्सिंग कंपनी ऋत्विक द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने के साथ उनकी मदद से कोल ट्रांसपोर्टेशन में खलल डाला जा रहा है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि ऋत्विक कंपनी के जीएमएल भास्कर सिंह ने अपनी ही कंपनी में अपराधियों की मदद से दहशत फैलाने का काम किया है। मकसद कोयला ट्रांसपोर्टेशन पर एकाधिकार जमाना बताया जा रहा है। एनटीपीसी के अधीन ऋत्विक कंपनी कोल ट्रांसपोर्टेशन करती है। ट्रांसपोर्टिंग का टेंडर लेने के लिए कंपनी में ही हंगामा कराया गया। हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि ऋत्विक कंपनी के जीएमएल भास्कर सिंह के निर्देश पर षड्यंत्र के तहत 8-9 मई की रात प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। केरेडारी थाना क्षेत्र के चट्टी बरियातू कोल माइंस में एक सफेद स्कॉर्पियो पर सवार छह अज्ञात अपराधियों ने ऋत्विक कंपनी में ट्रांसपोर्टेशन का कार्य कर रही कंपनी के वाहन चालकों को डरा-धमका कर ट्रांसपोर्टेशन कार्य को बाधित करा दिया था। इसे लेकर केरेडारी थाना में एफआईआर (कांड संख्या 116/23) दर्ज हुई थी। हजारीबाग एसपी ने बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष दल का गठन किया था। मामले को लेकर सभी छह संदिग्ध अपराधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो खुलासा हुआ कि आरोपियों ने प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

**रामचंद्र सोनी उर्फ रामा सोनी के खुलासे से कंपनी में खलबली :** हिरासत में लिए गए आरोपी रामचंद्र सोनी उर्फ रामा सोनी ने खुलासा किया कि ऋत्विक कंपनी के जीएमएल भास्कर सिंह के निर्देश पर षड्यंत्र कर घटना को अंजाम दिया गया था। तकनीकी शाखा के माध्यम से भी भास्कर सिंह की इस घटना में संलिप्तता की पुष्टि हुई है। इस खुलासे के बाद एनटीपीसी और ऋत्विक कंपनी में खलबली मच गई है। वहीं हजारीबाग पुलिस ने इस मामले को लेकर विशेष तहकीकात भी शुरू कर दी है।

**कई बिन्दुओं पर उठ रहे सवाल :** जीएमएल भास्कर सिंह ने आखिर किसके इशारे पर घटना को अंजाम दिलाया।भास्कर ऋत्विक कंपनी में नौकरी करते हैं, तो उन्होंने अपराधियों की मदद क्यों ली।अपराधियों को माइनिंग कंपनी ही क्यों खुद संरक्षण दे रही है।आए दिन अपराधियों द्वारा धमकी देने की बात सामने आती रही है।

पीएनएम कंपनी बड़कागांव में कोल ट्रांसपोर्टेशन का काम कर रही है।कंपनी रांची के एक व्यवसायी की है, जिसे हटाने के लिए षड्यंत्र रचा गया है। प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर हत्याकांड में जीएमएल पर घूम रही शक की सूई।

**इन आरोपियों की गिरफ्तारी :** रामचंद्र सोनी, विवेक कुमार सोनी, संजय राणा, आदित्य सोनी, मो. शहजाद और मो. शमशेर आलम शामिल है।

**पकड़े गए आरोपियों की खंगाली जा रही कुंडली :** विवेक कुमार सोनी उर्फ विवेक वर्मा का आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर बड़कागांव कांड संख्या 139/13 के तहत धारा : 341, 323, 325, 34, कांड संख्या 82/19 के तहत धारा :302/12बी/34आर्म एक्ट बड़कागांव कांड संख्या 42/20 धारा : 302/34 एवं 27आर्म एक्ट, कांड संख्या 196/20 के तहत धारा : 386, 406, 419, 420, कांड संख्या 214/ 20 धारा : 386,387,120बी और कांड संख्या 2/21 के तहत धारा : 385, 386 और 387 दर्ज हैं

### प्रखंड के 10 से अधिक बेटियों को सदर विधायक ने उपहार स्वरूप भेंट किया लहंगा

**कटकमसांडी।** सदर विधायक मनीष जयसवाल के द्वारा निरंतर भाई यानी सदर विधायक के तरफ से बहनों को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया। विधायक प्रतिनिधि स्वयं बहनों के बीच जा जा कर कर के लहंगा भेंट किया।कटकमसांडी के विभिन्न गांवों में 10 से अधिक बेटियों को उनके विवाह के लिए उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। विधायक मनीष जायसवाल की ओर से कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने लोगों को लहंगा अपने हाथों सौंपा।

### फरार व्यक्ति को चरही पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के बहेरा निवासी रंजन कुमार पिता विष्णु महतो को चरही पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर हजारीबाग न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध कांड संख्या 11/23 चरही-घाटो सड़क जाम करने तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने को लेकर चरही थाना में मामला दर्ज किया गया था।तब से यह अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस ने फरार अभियुक्त को गिरफ्तार करने को लेकर छापेमारी अभियान चला रखी थी।

### गर्मी से राहत नहीं, लोग हलकान

**चरही।** चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में एक सप्ताह से भीषन गर्मी पड़ने से ग्रामीण हाल से बेहाल हैं। इतना ही नहीं जंगली जानवर, पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। नदी-नाले अहरा, पोखर, तालाब और कुएं सूखते जा रहे हैं। गावं के ग्रामीण सुबह उठकर पानी के तलाश में जुट जाते हैं। मवेशी जंगली जानवर और पशु पक्षी भी पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। तेज धूप और गरम हवा चलने के कारण ग्रामीण इससे बचने के लिए अपने-अपने घरों में दुबक जाते हैं।

### विभिन्न योजनाओं के निरीक्षण में पहुंची संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर

**चरही।** ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर के अनुसमर्थन दल द्वारा जिले के चुरचू प्रखंड पहुंची। निरीक्षण दल को विकास कार्यों के निरीक्षण हेतु जरबा पंचायत लाया गया,जहां विभिन्न विकास कार्यों को दिखलाया गया। तीन सदस्यीय दल के साथ चुरचू बीडीओ इंदर कुमार, जेई अरुण कुमार,बीपीओ असीम और स्थानीय मुखिया सुनीता देवी उनके साथ थे। उन्हे अवगत कराया गया कि यह पंचायत सांसद के आदर्श गांव से जुड़ा है। निरीक्षण के क्रम में अमृत सरोवर योजना से बनी तालाब,स्वास्थ्य उप केंद्र,मनरेगा से किया गया समतली करण मैदान दिखाया गया।

### विधायक ने किया बंदर बेला में पक्की सड़क मरमत कार्य का शिलान्यास

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बंदर बेला में पहले से बनी सड़क का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मरमती कार्य का शिलान्यास बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने फीता काटकर किया गया। यह सड़क आर इ ओ पथ जीहु से ग्राम बंदर बेला तक 3600000 लाख के लागत से 1800 मीटर तक सड़क मरम्मत्ती होना है। यह सड़क अत्यंत ही जर्जर अवस्था में था सड़क बन जाने से लोगों को गांव से हजारीबाग आने जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मैं जल्दी ही इसी गांव में जल नल योजना का शुभारंभ करने आऊंगा। झारखंड सरकार गांव के विकास के लिए कृत संकल्प है। मौके पर मुख्य संघ के अध्यक्ष अनिल मेहता बंदर बेला पंचायत के मुखिया विजय मेहता, पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी, भुनेश्वर प्रसाद मेहता, अशोक राणा सुनील राणा, राजेंद्र प्रसाद मेहता, दामोदर साव, मोहम्मद लतीफ मियां, राजकुमार मेहता, संजय मेहता इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## स्थापना समिति की बैठक में 132 शिक्षकों के पदस्थापन पर लगी मुहर

### रांची में मुख्यमंत्री बाटेंगे नियुक्ति पत्र

संदीप सिन्हा

**हजारीबाग।** बीते पांच वर्षों से नियुक्ति की आस में बैठे राज्यभर के स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को कल रांची में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र दी जाएगी। इसी कड़ी में जिले के 132 शिक्षकों के पदस्थापन पर मंगलवार को स्थापना समिति की मुहर लग गई। रिक्त पदों के विरुद्ध विषयवार स्कूलों का आवंटन कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात तक तमाम जरूरी प्रक्रियाएं निपटा ली गईं।विभागीय सूत्रों के अनुसार कुल छह अभ्यर्थी कॉउंसलिंग के दौरान अनुपस्थित रहे। वहीं पांच अभ्यर्थियों के संदर्भ में जेएसएससी से मंतव्य मांगा गया है। तीन फेज के कॉउंसलिंग में कुल 118 व इससे पूर्व के कॉउंसलिंग में 14 अभ्यर्थियों को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में विद्यालयों का आवंटन किया गया। बता दें कि ये 14 अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले पिटीशनर थे। मालूम हो कि पूर्व सरकार की नियोजन नीति के तहत शेड्यूल व नॉन शेड्यूल जिले में नियोजन को लेकर पेंच फंसा था। इस नीति को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने 13 शेड्यूल जिले की नियुक्ति को रद्द कर दिया था।इन जिलों के नियोजित शिक्षकों ने मामले को स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) के तहत सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने माध्यमिक शिक्षक नियुक्ति संबंधी सभी मामलों को टैग करते हुए फैसला दिया कि सरकार नियुक्ति प्रक्रिया जारी रखते हुए शेष पदों पर बहाली पूर्ण करे। इस फैसले पर कोई कार्यवाई नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में झारखंड सरकार के विरुद्ध कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट का मामला दाखिल किया। जिस पर बीते वर्ष 15 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सभी को बहाल करने का फरमान सुनाया। बहरहाल इस नियुक्ति से एक बार फिर झारखंड के माध्यमिक विद्यालयों की स्थिति सुधरने की उम्मीद जगी है। ऐसा माना जा रहा है कि शिक्षकों की कमी से जूझ रहे इन विद्यालयों के बच्चों के दिन एक बार फिर से बहुरेंगे।

## अत्यधिक गर्मी के कारण भुरकुंडा साइडिंग के कोयला भंडार में लगी आग

### बुझाने में जुटे कर्मी, हर समस्या को निपटने के लिए मैंनेजमेंट ने बोरिंग, टैंकर आदि की कर रखी है संपूर्ण व्यवस्था



कोयले में लगी आग को बुझाता कर्मी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** अध्यधिक गर्मी के कारण भुरकुंडा साईडिंग स्थित कोल भंडार में आग लर्ग गई। गर्मी के दिनो में तापमान बढ़ने से कोयले में आग लगने की घटना कोई नई नहीं है। वर्तमान में भदानीनगर क्षेत्र के भुरकुंडा रेलवे साईडिंग के कोल भंडारा में पुनः आग लग गई है। जिसे टैंकर व बोरिंग पंप के माध्यम से बुझाने का कार्य चल रहा है। वहीं समस्या को पाटने का प्रयास रेलवे साइडिंग मैनेजमेंट कर रही है। मामले पर साईडिंग संचालक धनंजय यादव ने कहा कि भंडार में कोयला स्टोक के रख-रखाव पर पैनी नजर रखी जाती है, बावजूद इसके गर्मी के दिनो में अमूनन आ लग जाती है। जिसे हर संभव प्रयास कर बुझा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कोयले में लगी आग को कोल स्टोक से उठाकर साईडिंग के सुनसान जगह पर ले जाकर प्रतिदिन बुझाने का कार्य टैंकर के माध्यम पानी डालकर किया जाता है। ताकि किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। मालूम हो कि कोल स्टोक में किसी भी तरह की परेशानी होने पर समस्या को पाटने का प्रयास बखूबी रेलवे साइडिंग मैनेजमेंट करती आई है। प्रदूषण की समस्या को पाटने के लिए भी साइडिंग मैनेजमेंट द्वारा सड़को व कोल भंडार क्षेत्र में नियमित रूप से जल का छिड़काव किया जाता है। श्री यादव ने बताया कि बोरिंग, टैंकर, स्प्रींगल आदि की संपूर्ण व्यवस्था रेलवे साईडिंग में है ताकि किसी भी हाल में आग लगने पर उसे बुझाया जा सके। ज्ञात हो कि पूर्व में भी तापमान बढ़ने के कारण यहां आग लगी थी, जिसे टैंकर के माध्यम से बुझाया गया था।

## प्रचंड गर्मी से लोग हुए बेहाल, दोपहर में सड़कों पर चहल-पहल हुई कम

**रामगढ़।** लगातार बढ़ रहे तापमान से जिले वासियों की परेशानी बढ़ गई है। बढ़ते तापमान की वजह से जिले के सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसरा रहता है। क्योंकि लोग गर्मी की तपिश से बचने के लिए दोपहर में अपने घरों में रहते हैं। ताकि खुद को गर्मी से बचाए रख सकें।

**सड़कों पर पसरा सन्नाटा:** जिले में तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे लोगों को अपने दैनिक कार्य निपटाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिससे लोग काफी परेशान दिखे और अपने घरों में ही दुबके रहना बेहतर समझा।

### 17 मई को तापमान 40 डिग्री तक पहुंचा

**शीतल पेय और सत्तू के शरबत की बढ़ी मांग :** इधर, गर्मी की बढ़ती तपिश से जिले में शीतल पेय और सत्तू के शरबत की मांग काफी बढ़ गई है। गर्मी से बेहाल लोग इससे राहत पाने के लिए शीतल पेय और सत्तू के शरबत का जमकर प्रयोग कर रहे हैं। जिस कारण शीतल पेय और सत्तू के शरबत की बिक्री करने वाले काफ ी खुश दिख रहे हैं। साथ ही गर्मी के कारण बाजार में खीरा, तरबूज, नींबू आदि की भी बिक्री काफी बढ़ गई है।

**बढ़ती गर्मी से लोग पड़ रहे बीमार :** वहीं, बढ़ती गर्मी के प्रभाव में आकर जिला में लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। बीमार लोगों को चिकित्सकों के पास इलाज करवाने के लिए नंबर लगवाते देखा जा रहा है। चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है की जब तापमान बढ़ जाता है , उस दौरान वे घरों में रहें। कहा की यदि जरूरत पड़ने पर बाहर जाएं तो चेहरे को गमछा, तौलिया आदि से ढंककर रखें। साथ ही पीने के लिए पानी भी साथ में रखें।

## स्पीड न्यूज

### लोहरदगा ने रांची को चार विकेट से हराया



**लोहरदगा।** स्थापना दिवस युवा सद्भावना मंच ने बुधवार को बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में 25-25 ओवर का एक मैच लोहरदगा बनाम रांची के बीच खेला गया। रांची ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर 8 विकेट खोकर 165 रन बनाये। विवेकानंद ने 55, सार्थक ने 35 तथा सोनू ने 25 रन बनाये। लोहरदगा के जय जीत ने 3 विकेट तथा सिवा और सुमित ने दो-दो विकेट लिये। जवाबी पारी में लोहरदगा की टीम ने 23 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सुमित ने नाबाद 45, प्रेम ने 30 तथा शमशाद ने नाबाद 25 रन बनाये। रांची के सोनू ने 3 तथा प्रशांत ने दो विकेट लिया। उद्घाटन में डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, एसडीओ अरविंद और डीएसओ अमित बेसरा सहित कई खिलाड़ी थे।

### गोबर-धन योजना को लेकर कार्यक्रम



**कैरो।** प्रखंड के हनहट लिप्ट्स बगान में बुधवार को जिला कृषि कार्यलय आत्मा लोहरदगा के तत्वावधान में केंद्र प्रायोजित गोबर-धन योजनांतर्गत मिट्टी की उर्वरता बरकरार रखने को लेकर फोम/एलफॉम कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमरेंद्र वर्मा ने पंचायत के किसानों को जैविक तरीके से खेती करने, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी का प्रयोग करने, मोटे अनाज मडुवा, बाजरा की खेती करने को लेकर प्रशिक्षण देते हुए जागरूक किया। साथ ही खेतों में चुना का प्रयोग एवं बीजोपचार सहित कई बिंदु पर जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जुगल मुंडा, कृषक मित्र राजनारायण सिंह, वार्ड सदस्य नौसाद अली, अंगनु उरांव, नईम अंसारी, सुरेश उरांव, बजरंग साहू, दिलेश्वर भगत, खेलो उरांव, महादेव उरांव, बुदा उरांव, एजाज खान भी थे।

### सर्पदंश से वृद्ध ग्रामीण जख्मी

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी निवासी रामचरण टाना भगत (70) सर्पदंश से बुधवार को जख्मी हो गये। परिजन पहले उसे झाड़ फूंक कराने ले गये। करीब दो घंटे तक झाड़ फूंक के बाद जब रामचरण की स्थिति बिगड़ने लगी तो उसे गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

### कई कार्यालयों का होगा उद्घाटन



**गुमला।** जिले के 40वें स्थापना दिवस पर नव निर्मित कई कार्यालय भवनों का उद्घाटन होगा। जिसमें अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय भवन, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड सह अंचल कार्यालय गुमला, रागी मिलेट कैफे एवं नगर स्थित नव निर्मित पीएचसी सेंटर का उदघाटन किया जायेगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने अनुमंडल स्तरीय लाइब्रेरी, अंचल सह प्रखंड कार्यालय एवं अनुमंडल कार्यालय के तैयारियों की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण कर जायजा लिया एवं निरीक्षण के दौरान पाए गए कमियों को आज शाम तक दूर करते हुए सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले के 40 वें स्थापना दिवस को धूम धाम से मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर जिले वासियों को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से कई तोहफे दिए जाएंगे। जिसके तहत पीएचसी सेंटर, अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय एवं प्रशासनिक भवनों का उदघाटन किया जायेगा।

### पंक्षियों को दाना-पानी दिलाने के लिए सर्वेश्वरी समूह ने चलाया अभियान



**गुमला।** प्रचंड गर्मी को देख श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह शाखा गुमला ने बुधवार को पंक्षी को दाना, पंक्षी को पानी उपलब्ध कराने को लेकर जन जागरुकता अभियाना समूह के गुमला शाखा उपाध्यक्ष अजय प्रसाद की अगुवाई में शहरी क्षेत्र के मेन रोड, जशपुर रोड, डीएसपी रोड सहित मुख्य पथों पर चलाया गया। इस दौरान लोगों के बीच हुए पंक्षियों को पानी देने के लिए मिट्टी का पात्र व दाना का वितरण किया गया। समूह के सदस्य ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से तत्संबंधी स्लोगनों से इस भीषण गर्मी में पंक्षियों को दाना-पानी देने के लिए प्रेरित भी कर रहे थे। अभियान में समूह के संजय महापात्र, अजय प्रसाद, अशोक यादव,कृष्ण कुमार गुप्ता, विजय सिन्हा, आश्रम कुमार, विजय केसरी, अजय सिन्हा, श्यामा कांत मिश्र, अभय कुमार, कुमार दिपांकर, पप्पू चक्रवर्ती, मुन्ना दास, विनोद कुमार, मनोज गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, कंचन कुमार, सोहन बड़ाईक, अनिल आदि थे।

### गुमला शहर में दो दिनों से जलापूर्ति बाधित, प्रचंड गर्मी में लोग हैं परेशान

**गुमला।** रूह को झकझोर देने वाली गर्मी से जिलेवासी परेशान हैं। पूर्वाह्न 11 बजे के बाद सड़कों पर गर्मी के कारण निकलना मुश्किल हो गया है। गर्मी का प्रभाव इतना व्यापक है कि लोगों के जीवन पर असर डाल रहा है। ऐसी विषय परिस्थिति के बाद भी गुमला शहर में पिछले दो दिनों से जलापूर्ति बाधित है। लोग पानी के लिए पानी-पानी होने को विवश हो गये हैं। गुमला शहर में हर दस से पंद्रह दिन में किसी न किसी कारण से जलापूर्ति बाधित हो जाती है। विभाग कभी भी जलापूर्ति को लेकर सचेत नजर नहीं आया है और न ही कभी कोई वैकल्पिक व्यवस्था ही कर पायी है। पानी लोगों की सबसे बड़ी जरूरत है और गुमला के अधिकांश परिवार के लोग जलापूर्ति के ही पानी पर निर्भर हैं। ऐसी स्थिति में पेयजल आपूर्ति बाधित होना लोगों के परेशानी का सबसे बड़ा सबब है। प्रचंड गर्मी होने के बाद भी जलापूर्ति नहीं होने से सुबह से ही लोग पेयजल को लेकर परेशान नजर आये। सबसे बुरा हाल तो ड्राई जोन वाले इलाके के लोगों की है। क्योंकि ड्राई जोन क्षेत्र के कुंए भी सुख चुके हैं और लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में पानी की अहमियत हर व्यक्ति जानता है लेकिन दुर्भाग्य है गुमला शहर वासियों का कि उन्हें हमेशा पेयजल आपूर्ति की समस्या से जूझते रहना पड़ता है।

## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री का लोहरदगा में स्वागत

# जिला कार्यसमिति की बैठक आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के लोहरदगा आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद,राजकिशोर महतो, जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकु, सूरज मोहन साहू, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, सजल कुमार ने संगठन महामंत्री को पुष्प देकर लोहरदगा आगमन पर स्वागत किया। मौके पर जिला कार्यसमिति की बैठक में विषय वस्तु को लेकर चर्चा हुई।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बक्शीडिप्पा में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक आज 18 मई को दिन के 11 बजे आयोजित की गई है। इस बैठक में जिला भाजपा के सभी पदाधिकारी गण, सभी मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री एवं जिला कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, लोहरदगा जिला के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष गण एवं लोहरदगा जिला में निवास करने वाले सभी राष्ट्रीय और झारखंड प्रदेश के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य झारखंड प्रदेश के सातों मोर्चा के पदाधिकारी गण एवं कार्यसमिति सदस्य भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने सभी लोगो से बैठक में उपस्थित होने की अपील की गयी है।



संगठन महामंत्री का स्वागत करते भाजपाई।

# भुइंहर मुंडा आदिवासी समुदाय को दिलायेंगे उनका संवैधानिक अधिकार : सुखदेव भगत

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ने विशुनपुर प्रखंड के दुर्गम व पहाड़ पर बसे गांवों का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत ने बुधवार को विशुनपुर प्रखंड के दुर्गम व पहाड़ी क्षेत्र में बसे गांवों का दौरा किया। इस क्रम में डुमरपाठ, काटोपाना, अंबाकोना, गोरा पाठ, सुखआ पानी, गुदरी व अमतीपानी क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं से श्री भगत अवगत हुए। ग्रामीणों ने भुंइहर मुंडा समुदाय को आदिवासियों को सूची में शामिल नहीं करने और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की जानकारी श्री भगत को दी।



दौरे के क्रम में ग्रामीणों संग बैठक करते सुखदेव भगत।

**खास बातें :** श्री भगत ने कहा कि मैं इस पीड़ा से अवगत हूं और जनजातीय सलाहकार परिषद में भी यह बात मैंने उठाया था। कांग्रेस इस मुद्दे पर अत्यंत संवेदनशील है। मैं शीघ्र ही सभी तकनीकी एवं संवैधानिक पहलुओं का अध्ययन कर आदिवासी सूची में शामिल कराने का हर संभव प्रयास करूंगा। हिंडालको कंपनी द्वारा बॉक्साइट खनन से उत्पन्न दुष्परिणाम से भी ग्रामीणों ने अवगत कराया। ग्रामीणों ने श्री भगत को बताया कि गरीब आदिवासी एवं आदिम जनजाति लोगों का हिंडालको द्वारा शोषण किया जा रहा है। सड़क, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी सुविधा भी कंपनी लोगों को उपलब्ध नहीं करा रही है। वहीं कंपनी के द्वारा किये जाने वाले ब्लास्टिंग से घर को काफी क्षति पहुंच रहा है। खनन कार्य करने के बाद भूमि का समतलीकरण नहीं किया गया है। हिंडालको बाहर की कंपनी को काम देती है जो सरकारी प्रावधानों का खुलकर उल्लंघन करती है। गरीब आदिवासी जनों को प्रशासन से धमका कर एग्रीमेंट साइन भी करा लेती है।

## जिला स्थापना समिति सह जिला अनुकंपा समिति की बैठक

# सामान्य अनुकंपा के पांच आश्रितों की नियुक्ति के प्रस्ताव का अनुमोदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्थापना समिति सह जिला शिक्षा स्थापना समिति सह जिला अनुकंपा समिति की बैठक की हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त के स्क्रीनिंग समिति में लिए गए निर्णयों के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस दौरान सामान्य अनुकंपा के आलोक में 5 मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों के नियुक्ति के प्रस्ताव को उपायुक्त द्वारा अनुमोदित किया गया।



बैठक में निर्देश देते डीसी व उपस्थित अधिकारी।

चौकीदार अनुकंपा के आलोक में 5 आश्रितों की नियुक्ति के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। एमएसीपीएस के तहत विमला देवी अनुसेविका को द्वितीय एमएसीपीएस की स्वीकृति दी गयी। चौकीदारों के कुल 48 प्रस्तावों में से 41 प्रस्ताव निर्धारित प्रक्रिया के तहत सही पाए गए हैं। उनकी सेवा संपुष्टि हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। शिक्षा विभाग द्वारा नव नियुक्त उच्च विद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति पत्र निर्गत करने एवं पदस्थापन के संबंध में शिक्षा पदाधिकारी गुमला द्वारा रखे गये प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

**खास बातें :** गुमला एसडीओ को निर्देशित किया गया कि पदस्थापन प्रस्तावों को पुनः एक बार समीक्षा कर लें। विभिन्न कर्मियों द्वारा स्थानांतरण संबंधित प्राप्त आवेदनों पर जिला स्क्रीनिंग समिति की अनुसंशा पर निर्देशित किया गया कि सभी बिंदुओं पर एक बार बीडीओ से मंतव्य प्राप्त कर संचिका के माध्यम से प्रस्ताव उपस्थापित किया जाये। जिला शिक्षा अधीक्षक गुमला को निर्देशित किया गया कि पारा शिक्षकों के नियुक्ति, पदस्थापन एवं सेवा से संबंधित मुख्य बिंदुओं को बीआरसी एवं पंचायत सचिवालय भवनों पर अंकित करना सुनिश्चित करें।

# लोहरदगा : जिला स्थापना दिवस पर विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला स्थापना दिवस के 40 वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडी पाड़ा लोहरदगा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक अरुण राम के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने व अपने लोहरदगा जिला की हरियाली बनाये रखने का संदेश दिया। अरुण राम ने लोहरदगा वासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामना देते हुए कहा कि लोहरदगा जब जिला बना था पेड़ पौधे से आच्छादित यह क्षेत्र खूबसूरत एवं हर भरा था।

जंगलों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ना शुरू हो गया है। बचाव के लिए वृक्षारोपण करना आवश्यक है। हम सभी को लोहरदगा जिला के विकास में अपना सहयोग देना चाहिए। इस के लिए शिक्षा के अधिकार को हरएक बच्चों तक पहुंचाना होगा, सभी बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैय्या कराना होगा। ज्ञान रूपी हथियार से विकास के सारे दरवाजे खुलते हैं।

विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने कहा की विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण से विद्यालय की सुंदरता तो बढ़ती हीं है साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा भी होती है। हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि विशेष आयोजनों पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम अवश्य करें। इस अवसर पर अजय कुमार, नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष कुमार के साथ-साथ माता समिति के सदस्य किरण देवी, सुमन देवी, पुष्पा देवी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



लोहरदगा जिला स्थापना दिवस को लेकर पौधरोपण करते लोग।

### डुमरी : खस्सी चोरी का अभियुक्त गिरफ्तार

**डुमरी।** थाना कांड संख्या 14/2023 के प्राथमिकी अभियुक्त सलमान खान (26) पिता स्व गुलाम रशुल ग्राम तिगरा थाना जारी को गिरफ्तार कर डुमरी पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया। उसपर खस्सी चोरी का मामला दर्ज था।

### मवेशी तस्करी मामले में दो युवक गिरफ्तार, जेल

**गुमला।** जारी थाना क्षेत्र में मवेशी तस्करी मामले में 6 मई को दो लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसमें चैनपुर आजाद बस्ती के यासीन खान का 25 वर्षीय पुत्र जाकिर खान व सरवर आलम खान का 25 वर्षीय पुत्र बोधा खान के नाम पर एफआईआर दर्ज की गई थी। जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी 6 मई को देर शाम 18 मवेशी को कुछ लोग हांक कर ले जा रहे। जिसकी रेकी की गई और 18 मवेशी को पकड़ा गया। जहां रात का अंधेरा का फायदा उठाकर मवेशी हांकने वाले लोग घटनास्थल से फरार हो गये थे। जिसको लेकर दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसे गिरफ्तार करते हुए आज जेल भेजा जा रहा है।

### शिविर में भाग लेने 50 सदस्यीय दल दिल्ली रवाना

फोटो कैप्शन4 रवाना होते लोग

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय दयानंद सेवाश्रम संघ के तत्वावधान में 40 वां वैचारिक क्रांति शिविर आगामी 19 मई से 28 मई 2023 तक आर्य समाज मंदिर, रानी बाग दिल्ली में आयोजन हेतु झारखंड से 50 प्रशिक्षु भाग लेने के लिए बुधवार को रवाना हुए हैं। टीम का नेतृत्व गुरुकुल शांति आश्रम के संचालक एवं आर्य वीर दल झारखंड प्रदेश के प्रांत प्रभारी आचार्य शरचचंद्र आर्य कर रहे हैं। शिविर में चतरा, लोहरदगा एवं लातेहार के प्रतिनिधि भाग लेंगे। जहां बच्चों को आगामी 10 दिनों के शिविर में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय प्रेम एवं चरित्र निर्माण की भावना जागृत करने हेतु अपनी संस्कृति और गौरव की रक्षा आदि विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से इन्हें संस्कार एवं संस्कृति व चरित्र निर्माण बौद्धिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया जायेगा।

### प्रशासनिक गंभीरता से दुर्घटना में कमी : रमेश

**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता प्रकट की है। उन्होंने कहा है कि प्रशासनिक गंभीरता और चालकों की सजगता से ही हादसों पर नियंत्रण संभव है। उन्होंने अभिभावकों से कम उम्र के बच्चों को गाड़ी नहीं देने का अनुरोध किया है। अक्सर देखा जाता है कि स्कूली बच्चे और नाबालिग बिना लाइसेंस और अनुभव के सरपट गाड़ी दौड़ाते हैं और असमय काल के गाल में समा जाते है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो। इसके लिए अभिभावकों के साथ स्कूल प्रबंधन को भी गंभीर होना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे गाड़ी लेकर स्कूल नहीं आएं। उन्होंने सड़क सुरक्षा के अधिकारियों से नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया है। साथ ही नशे के सेवन के बाद चालकों से वाहन नहीं चलाने की अपील की है।

# लोहरदगा: 6 एचएससी निर्माण कार्य में जांच को समिति गठित

- डीसी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक जिला में 17 स्थानों पर स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के संबंध में सदर प्रखंड, सेन्हा, भण्डरा और कुडू प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल 6 एचएससी निर्माण कार्य में डुप्लीकेसी पायी गयी है। उपायुक्त द्वारा तत्काल छह सीएससी में कार्य रोकने का निदेश दिया गया।

साथ ही उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन किया गया। जिसमें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी और कार्यपालक दण्डाधिकारी पूजा कुमारी रहेंगी। समिति द्वारा जांच रिपोर्ट उपायुक्त के समक्ष समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, उन स्थानों के बदल अन्य छह स्थानों पर प्रस्ताव समर्पित किये जाने का भी निर्देश दिया गया।

# कुरकुरा थाना के नवनिर्मित भवन का गुमला एसपी ने किया निरीक्षण

- निर्माणाधीन कुरकुरा रेलवे स्टेशन व पुल निर्माण कार्य का भी लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिव ने बुधवार को कामडारा प्रखंड स्थित कुरकुरा थाना के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। एसपी ने भवन का निरीक्षण करने के बाद कहा कि भवन बनकर तैयार है। जल्द इसका उद्घाटन होगा। नये थाना भवन बनने से पुलिस कर्मियों को काम करने में असानी होगी। जिसके बाद एसपी ने निर्माणाधीन कुरकुरा रेलवे स्टेशन व गुरजनडीह पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य करा रहे संवेदक को एसपी ने कई निर्देश दिये। निरीक्षण में एसपी ने साथ चल रहे पुलिस पदाधिकारियों को विकास योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण करने व अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर एसडीपीओ बसिया विकास आनंद लागुरी, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, बसिया थाना प्रभारी, पालकोट थाना प्रभारी, कुरकुरा थाना प्रभारी व कामडारा थाना प्रभारी उपस्थित थे।



## वार्ड नंबर 10 और 11 में सुलभ रास्ता नहीं है : मिशन बदलाव

- समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त, विधायक व सांसदों को करेंगे पत्राचार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव की बैठक वार्ड के सवाल वार्ड की सरकार अभियान के तहत कुम्हार ढलान के समीप वार्ड 10 और 11 के मुहल्लेवासियों के साथ नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुहल्लेवासियों ने बताया कि वार्ड 10 और 11 में आम लोगों को बहुत कठिनाई हो रही है। यहां के लोगों के आवागमन के लिए रास्ते एवं पुल नहीं हैं और बरसात में पूरा मुहल्ला बंद हो जाता है। कोई भी व्यक्ति आकस्मिक परिस्थितियों में भी एक जगह से दूसरे जगह जाने के लिये सोचता है और कई बार पगडंडियों में चलने से स्कूली बच्चे गिर चुके हैं। मुहल्लों के मरीजों को अस्पताल पंहुचाना बहुत बड़ी चुनौती होती है।



### जंगल से लकड़ी लाने के क्रम में गड्ढे में गिरी महिला, पैर टूटा

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के नवागांई की ज्ञानमुनी लकड़ा (45) पति अंधरियस लकड़ा बुधवार को जंगल से लकड़ी लाने के क्रम में एक गड्ढे में गिरकर घायल हो गयी। महिला का पैर टूट गया। साथ गये लोगों ने उसे गड्ढे से निकालकर इलाज के लिए चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह घर से करीब तीन किमी दूर महिला कुछ लोगों के साथ जंगल लकड़ी लाने गयी थी।

## शहर में पेयजलापूर्ति एक सप्ताह से ठप, लोग बेहाल

- विभागीय अधिकारी अलग अलग अलाप रहे हैं राग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र में भीषण गर्मी में एक सप्ताह से जलापूर्ति व्यवस्था ठप रहने से लोग बेहाल है।शरीर को जला देने वाली गर्मी में लोग पानी के लिए पानी पानी हो रहे हैं।इधर, जलापूर्ति नहीं होने के कारण बिजली की समस्या और शंख और कोयल नदी में पानी की कमी बताई जा रही है। वही पेयजल आपूर्ति ठप्प रहने का कारण दो विभाग के बीच आपसी समन्वय की कमी भी एक वजह बतायी जा रही है। दोनों विभाग अलग ही राग अलाप रहे है। इस संबंध में शहरी जलापूर्ति योजना के संवेदक कुमार संदीप ने बताया की बिजली की कमी और लो वोल्टेज के कारण शहर में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। वोल्टेज कम होने के कारण पानी मशीन नहीं चल पा रहा है। इधर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया की न तो संवेदक और नही नगर परिषद से ऐसी कोई शिकायत मिली है।

# आंदोलनकारियों को पहचान और सम्मान देने में राज्य सरकार विफल : राजू महतो

- हजारों आंदोलनकारियों का चिह्नि तीकरण कार्य अधर पर : कयूम खान
- चिह्नि तीकरण आयोग का दल पहुंचेंगे लोहरदगा : अश्विनी कुजूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्रीय समिति के अध्यक्ष राजू महतो, महासचिव कयूम खान, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, केन्द्रीय सदस्य इसरार अहमद, सीता उरांव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान और सम्मान सहित अन्य लाभ देने के मामले में झारखंड सरकार अभी तक विफल रही है। आगामी 09 जून को राज्य स्तरीय सम्मेलन में आगामी रणनीति बनाकर आंदोलन कारियों को लेकर जबरदस्त आंदोलन कर झारखंड सरकार को विवश किया जाएगा। श्री महतो ने सरकार से मांग करती है कि जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए तय सीमा के अंदर सभी आंदोलनकारियों को चिन्हित करते हुए व्यवस्था का लाभ सुनिश्चित करें। केंद्रीय महासचिव कयूम खान ने ने भी लोगों को संबोधित किया।



आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक में उपस्थित लोग।

संबोधित करने वालों में जिला संयोजक प्रोफेसर विनोद भगत, केंद्रीय महिला संयोजिका सीता उरांव, सचिव विशेषण भगत, चैतू मुंडा, इसरार अहमद, जिला प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, दशरथ उरांव, अमर किन्डो, नगर अध्यक्ष रूस्तम खान, दीपक वर्मा, जगदीश उरांव, कृष्णा ठाकुर, तरामनी मिंज, अजित खाखा, सुशीला लकड़ा, प्रिसका कुजूर आदि शामिल थे। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता अनिल कुमार भगत ने की। मौके पर नगर सचिव दिनेश साहू, सुखदेव उरांव, सूरज मोहन लकड़ा, आरिफ खान, खुर्शीद आलम, आनंद भगत, मनोज उरांव, अशफाक खान, असगर खान, हाजी सुलतान अंसारी, ललिता भगत, छोटन विश्वकर्मा, अनुभा टोप्पो, खुर्शीद आलम आदि सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 14 जून को होगी।

# पुस्तकालय में शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन का लक्ष्य हासिल करें विद्यार्थी : अगुस्टीन

- पुस्तकालय के सफल संचालन को लेकर हुई कमेटी की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुस्तकालय के सफल संचालन को लेकर बुधवार को बीडीओ विष्णु देव कच्छप की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम नव चयनित अध्यक्ष अगस्टिन महेश कुजूर, सचिव अनिरुद्ध चौबे, कोषाध्यक्ष विजय कुमार साहू को शॉल ओढ़ाकर बीडीओ सीओ, प्रखंड प्रमुख ने स्वागत किया।

मौके पर अध्यक्ष अगस्टिन महेश कुजुर ने कहा कि पुस्तकालय खुलने से प्रखंड क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल रहा है। बच्चे बच्चियां मन लगाकर पढ़ाई करें और नौकरी के क्षेत्र में अपना परचम लहरायें। सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि पुस्तकालय की मर्यादा बनाये रखते हुए आप बच्चे बच्चियां शिक्षा ग्रहण करें। नौकरी की तैयारी करें और मुकाम तक पहुंचे।



बैठक को संबोधित करते बीडीओ विष्णुदेव कच्छप व उपस्थित अन्य।

**कार्यक्रम की खास बातें :** प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने बच्चों को उत्साह के साथ शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप और सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा कि उपायुक्त व अन्य अधिकारियों के पहल से पुस्तकालय का शुभारंभ क्षेत्र के बच्चों के लिए किया गया है। कई बच्चे गरीबी के अभाव में नहीं पढ़ पाते हैं वैसे लोग पुस्तकालय में अपना भविष्य बनाएं और बेहतर तैयारी कर सरकारी नौकरियों में जाएं। इससे पूर्व बैठक में बच्चों को बेहतर सुविधा देने, अधिक से अधिक बच्चों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से पुस्तकालय से जोड़ने आदि पर चर्चा हुई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजीव उराव, चंद्रदेव उराव, अमित ठाकुर, विनोदानंद पाठक, कृष्णा कुमार लोहरा, शीला कुजूर, मनोज सिन्हा, गौतम साहू, शहजाद खान सहित कमिटी के कई सदस्य व बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## जीएन कॉन्वेंट में समरकैम्प का समापन

**गढ़वा।** स्थानीय ज्ञान निकेतन कॉन्वेन्ट स्कूल में समरकैम्प कार्यक्रम के चौथे दिन कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रकार के गतिविधियों में शामिल हुए। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि समरकैम्प एक पर्यवेक्षित कार्यक्रम है, जो आमतौर पर किशोरों और बच्चों के लिए व्यवस्थित किया जाता है। जिसका एक मात्र उद्देश्य बच्चों को पाठ्यचर्चा जैसी गतिविधियों से जोड़ना है। बच्चे इस कैम्प में विभिन्न गतिविधियों से सामाजिकता की बात सीखते है।

## शोक सभा का आयोजन

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा प्रखंड कार्यालय के सहायक सुनील कुमार सिंह की तमिलनाडु के वेल्लोर में इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके निधन पर बुधवार को डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पतीला मोड़ के समीप से बुधवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी अजय कुमार दास एवं थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने खरौंधा घाट के कोयल नदी से अवैध तरीके से बालू उठाव कर परिवहन के दौरान दो ट्रैक्टर को पकड़ लिया। साथ ही स्वराज एवं महिंद्रा ट्रैक्टर को पुलिस बल के द्वारा थाना ले जाया गया।

## प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना कांड संख्या 96/23 धारा 376/506 भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त 21 वर्षीय मिथुन कुमार उर्फ मिथुन कुमार दास पिता बालेश्वर दास ग्राम बैरी साल थाना बरही जिला हजारीबाग निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## विद्यालय में चला जागरूकता अभियान

**जयनगर (कोडरमा)।** एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर थाना पुलिस द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं के बीच बुधवार को जयनगर पुलिस ने प्लस टू उच्च विद्यालय में छात्र छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।

## 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिजन मोहल्ला में 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार तस्कर हरिजन मोहल्ला निवासी शेखर रविदास पिता दुखी दास को बुधवार को जेल भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई हेतु उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया गया है।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी दोषी करार

**कोडरमा।** महिला थाना कांड संख्या 02/2019 एसटी-117/2019 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को कांड के अभियुक्त सुभाष पासवान पिता स्व.श्यामलाल पासवान ग्राम कांको जयनगर, तिलैया डैम ओपी निवासी को 376 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया है तथा सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 मई मुकर्रर की है।

## पुलिस बाल भवन का हुआ उद्घाटन

**टंडवा।** बुधवार को एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा, टंडवा में नवनिर्मित पुलिस बाल परिसर का उद्घाटन मुख्य अतिथि चतरा एसपी राकेश रंजन एवं विशिष्ट अतिथि एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक तजिन्दर गुप्ता ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर किया। राकेश रंजन उनके जनहितैषी दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है और वे अपने कार्यकाल के दौरान चतरा को सभी पहलुओ चाहे वो नक्सल हो या ड्रग्स और नारकोटिक्स तथा कानून बनाए रखने की स्थिति में शांति एवं सद्भाव पुरे क्षेत्र में कायम रखने में उनकी अहम भुमिका है।

# ढिबरा के बहाने माइका का हो रहा था अवैध उत्खनन, 6 जेसीबी व 7 ट्रक जब्त, मचा हड़कंप

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** वन विभाग के अधिकारियों व कर्मियों की मिलीभगत से कोडरमा थाना अंतर्गत वन्य प्राणी आश्रयणी में लंबे समय से ढिबरा के नाम पर माइका का अवैध उत्खनन चल रहा था। मामला प्रकाश में आया तो वन विभाग ने बुधवार को कार्रवाई की और वन्य प्राणी आश्रयणी स्थित लोमचांची (चितरपुर) जंगल से जेसीबी और ट्रक जब्त किया। उस इलाके में बड़े पैमाने पर माईका को निकालने के लिए खदान बना लिए गए थे और भारी मात्रा में माईका का उत्खनन कर स्थानीय माइका पाउडर और माईका पेपर प्लांट में बेचा जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार अवैध खनन की सूचना राज्य सरकार के साथ ही आला अधिकारियों को दी गई और तब बुधवार को वन्य प्राणी आश्रयणी के डीएफओ अवनीश चौधरी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान काफी संख्या में अवैध खनन में लिप्त वाहनों को जब्त किया गया पर एक भी व्यक्ति गिरफ्त में नहीं आ सका। यह भी जानकारी है कि छापेमारी के पहले इस कार्य में लगे लोगों को इसकी सूचना मिल गई थी, जिसके कारण सभी व्यक्ति वहां से फरार हो गए थे। हालांकि इस बड़ी कार्रवाई, वाहनों की जप्ती के बाद अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

ढिबरा मजदूरों के नाम पर संगठित गिरोह अवैध उत्खनन कर मजदूरों के पेट पर लात मार रहा है। कोडरमा में लाखों मजदूर ढिबरा चुनकर दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करते हैं। मगर ढिबरा मजदूरों की आड़ में बड़े बड़े गिरोह जंगल में मशीन लगाकर अवैध माइनिंग कर रहे। जिसके वजह से गरीब ढिबरा मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त बातें ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ (डीएसएमएस) के जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने कही। उन्होंने कहा कि कोडरमा में ढिबरा चुनने वाले गरीब मजदूर हैं, जो दिनभर कड़ी मेहनत कर 10-12 किलो ढिबरा चुनते हैं। इसी ढिबरा को बेचकर घर परिवार चलता है। लेकिन इन्ही मजदूरों के नाम पर जंगल में भारी मशीन लगाकर अवैध उत्खनन कर मजदूरों को आफत में डाला जाता है। भारी मशीन लगाकर ढिबरा माइका निकालने वालों पर प्रशासन कार्रवाई करती है, लेकिन इसमें माफिया बच जाते हैं और छोटे छोटे स्तर के ढिबरा मजदूर पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया जाता है। श्री कृष्णा घटवार ने कहा कि बड़े पैमाने पर ढिबरा उत्खनन किया जाएगा, तो वन विभाग कार्रवाई करेगी ही। कोडरमा में ढिबरा उद्योग को बचाना है तो बड़े बड़े माफियाओ को गरीब ढिबरा मजदूरों के हित में मशीनों का इस्तेमाल से परहेज करना पड़ेगा। श्री घटवार ने कहा कि ढिबरा को लेकर नीति अबतक अमल में नही आया है। छोटे स्तर पर ढिबरा चुनकर गरीबों का जीवनयापन हो रहा, लेकिन वन विभाग की कार्रवाई बता रहा है कि जंगल में बड़े स्तर पर अवैध उत्खनन की जा रही है। जिसका खामियाजा ढिबरा मजदूरों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि ढिबरा को लेकर ठोस नीति लागू किया जाए। ताकि ढिबरा कारोबार को वैध रूप दिया जा सके। ढिबरा लाइफ लाइन है, इस लाइफ लाइन के लिए गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

# बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को दिए कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता




बैठक करते मंत्री अन्य पदाधिकारी

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री सह गढ़वा जिला के प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख एवं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की एवं अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से 15वें वित्त, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आपूर्ति, खनन, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों से संचालित योजनाओं की जानकारी लिया। बैठक में पेयजल विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने गढ़वा जिला में पेयजल की समस्या को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह एवं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार से जिलावासियों को हो रहे जलापूर्ति की जानकारी ली। मंत्री ने जल मीनार, चापाकल, पानी टैंकर समेत अन्य माध्यमों से किए जा रहे जलापूर्ति की रिपोर्ट सौंपने को कहा। साथ ही चापाकल मरम्मती के लिए विभिन्न प्रखंडों में प्रतिनियुक्त गैंग की जानकारी लिया। उन्होंने शतप्रतिशत लोगों को जलापूर्ति को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जन प्रतिनिधियों एवं 20 सूत्री सदस्यों ने सड़क पर अतिक्रमण एवं जाम की समस्या को लेकर भी अपनी बातों को रखा । इस पर मंत्री ने जिला एवं पुलिस प्रशासन को तत्काल मुहिम चलाकर शहरी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने नव निर्मिति केतार स्थित कस्तूरबा गांधी बलिका विद्यालय में जल्द पठन पाठन प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। जिला में कृषि विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी से उपलब्ध हुए बीज की जानकारी ली गई।

## वाहन चेकिंग अभियान में 20 वाहनों पर कार्रवाई

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स द्वारा टंडवा और सिमरिया क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान विगत देर रात चलाया गया था। ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्रों में पिछले छह महीनों में कुल 18 लोगों ने सड़क दुर्घटना में प्राण गवाएँ हैं। इन बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु प्रशासन प्रयासरत है और इसी के क्रम में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था जिसमें कुल 20 वाहनों के कागजात को जब्त कर लिया गया हैं। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, टंडवा थाना बल एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# सहोदया कॉम्प्लेक्स स्कूल की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतिलैया में एफिलिएटेड स्कूलों ग्रुप कोडरमा सहोदया कॉम्प्लेक्स स्कूल की एक बैठक मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें पिछले मीटिंग की पुष्टि के उपरांत सत्र 2023-24 के लिए इंटर स्कूल प्रतियोगिताओं का भी रूप-रेखा तैयार किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से सीबीएसई दशवीं बोर्ड व बारहवीं में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सचिव सह कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सह सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार, निदेशक प्रमोद कुमार, मीडिया प्रभारी सह विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार, मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी के प्रशासक रामप्रवेश पांडेय, ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता व प्राचार्या अर्पणा सिन्हा, जीएस पब्लिक स्कूल के निदेशक नितेश कुमार, झारखंड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अब्दुल रहमान, इकरा पब्लिक स्कूल के निदेशक मकसूद आलम, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक मनोज कुमार सिंह, शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य रमेश उपाध्याय, अप्रिसिबल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य कामिल कुजूर एवं नेशनल पब्लिक स्कूल के शिक्षक ऋतुराज कुमार आदि मौजूद थे। वहीं सभी अतिथियों का स्वागत सेक्रेड हार्ट स्कूल के निदेशक प्रमोद शर्मा के द्वारा किया गया।

### प्रतिबंधित पशु के मांस से फैली दुर्गंध, अंतिम संस्कार में परेशानी

# डीसी को ज्ञापन, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता



श्मशान घाट पर विरोध करते लोग



डीसी को ज्ञापन सौंपते

**गढ़वा।** जिला मुख्याल के उँचरी कर्बल्लाह के निकट स्थित तिलैया नदी श्मशान घाट पर प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष मांस के टुकड़े के दुर्गंध से लोग परेशान हैं। आए दिन वहां पर प्रतिबंधित पशु के मांस व हड्डी फेंकी जाती है। इस बात से जिले के आलाधिकारियों के अलावा मंत्री मिथिलेश ठाकुर को भी अवगत कराया गया है। वहीं नगर परिषद को भी आवेदन देकर पहल करने की मांग की गई है। मगर सभी चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि विभिन्न पर्व-त्योहार को लेकर थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में भी इस मामले को उठाया जाता है। बावजूद कार्रवाई कुछ नहीं होती है। विदित हो कि तिलैया नदी श्मशान घाट पर सैकड़ों वर्ष से शहर के करीब एक दर्जन मोहल्लों के लोग दाह संस्कार करते आ रहे हैं। मुक्ति धाम होने के बाद भी वहां पर किसी प्रकार की सुविधा नहीं है। वहीं प्रतिबंधित मांस फेके जाने से लोगों में रोष व्याप्त है। इसकी तत्काल निदान करने की मांग लोग लगातार करते आ रहे हैं। इतना हीं नहीं दबंगों ने श्मशान घाट की भूमि में अतिक्रमण भी करना शुरू कर दिया है। गलत तरीके से भूमि की जमाबंदी का कार्य भी दबंगों की ओर से किया गया है। श्मशान घाट के आसपास गैर मजरूआ भूमि है। जिसका अतिक्रमण धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिला प्रशासन की मौन साधने से दबंगों का हौसला भी बुलंद है। वहीं जिला प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से भी स्थिति भयावह होते जा रही है। तिलैया नदी श्मशान घाट पर शहर के वार्ड नंबर एक, दो, तीन, पांच, सात, आठ व दस के लोग दाह संस्कार के लिए पहुंचते हैं। दुर्गंध के कारण वहां पर एक मिनट भी रहना मुश्किल हो जाता है।

# जिला स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल समीक्षा, नीलाम पत्र, निबंधन, अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स की बैठक की गई। इसमे मुख्य रूप से खनन विभाग, परिवहन विभाग, निबंधन विभाग, विद्युत विभाग, मतस्य विभाग, अंचलवार राजस्व संग्रहण, परिशोधन योजना, अवैध जमाबंदी, इ-कोर्ट में लंबित मामले सहित अन्य विषयों पर क्रमवार समीक्षा की गई। बैठक में जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पिछले बैठक में मोटरसाइकिल से कोयला उठाव की रोकथाम के निर्देश के अनुपालन की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि विभिन्न परियोजनाओं के प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर इसपर अंकुश लगाया जाए। ई-परिवहन चालान की उपयोगिता और उसके अनुपालन की भी जानकारी ली तथा काँटाघर की भी जानकारी लेते हुए उन्होंने उसके निरीक्षण प्रतिवेदन हेतु निर्देश दिया। प्रदूषण नियंत्रण अंतर्गत किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी प्रदूषण नियंत्रण की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया। अवैध बालू ढुलाव व बगैर ई-चालान पत्थर ढुलाई के विरुद्ध दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी सरकारी बालू घाटों को सक्रिय करने का निर्देश दिया और कहा कि अगर संबंधित अधिकारी उक्त निर्देश का पालन यथाशीघ्र नही करते हैं तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। औचक छापेमारी अभियान अंतर्गत किये गए अनुपालन की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि पुनः सभी स्थलों को सत्यापित करें जो विगत अभियान में नियमों की अवहेलना के दोषी पाए गए थे। उपायुक्त द्वारा बैठक में राजस्व संग्रहण सहित अन्य संबंधित मामलों के विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए संबंधित मामलों पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिया। विभिन्न विभाग यथा खनन विभाग, विद्युत विभाग, निबंधन विभाग, नगर परिषद, विद्युत विभाग, मतस्य विभाग समेत अन्य विभागों के राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। अंचल की समीक्षा में म्यूटेशन, दाखिल-खारिज मामले, जीएम लैंड सर्वे रिर्पोट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, परिशोधन पोर्टल समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शत प्रतिशत निष्पादन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, भू:अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, प्रभारी पदाधिकारी जिला खनन कार्यालय दरोगा राय समेत सभी अन्य पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व परियोजनाओं से सभी संबंधित उपस्थित थे।

एक नजर में

## राज्य सरकार जिले के दो स्थानों को जिला स्तरीय पर्यटन सूची में किया शामिल

**कोडरमा।** जिले में पहले से पर्यटक स्थलों के रूप में चिन्हित प्रमुख केंद्रों में दो नए नाम जोड़े गए हैं। इनमें चाराडीह स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के अलावा डोमचांच स्थित मांकोमारो पहाड़ धार्मिक स्थल में शामिल किया गया है। इन दोनों स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में शामिल करने के लिए जिला स्तर से विभाग को स्वीकृति के लिए भेजी गई थी। इन दोनों स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में स्वीकृति मिलने के बाद अब इसके विकास को लेकर आगे कार्य करने का रास्ता साफ हो गया है।

## वन विभाग की मिली भगत से हो रही पेड़ों की अवैध कटाई, उजड़ रहे जंगल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र में वन विभाग की मिली भगत से सांठगांठ कर लकड़ी ठेकेदार रात दिन हरे पेड़ काट रहे हैं। वहीं वन विभाग की टीम हजारों रुपये लेकर गाडी पास कराते है। ताजा मामला थाना क्षेत्र के ग्राम धुबाडीह का है, जहां सोमवार की रात एक 407 वाहन में लिप्ट्स लदा वाहन को पकड़ा गया और पास कराने के एवज में वन विभाग के कर्मियों ने तस्कर से 60 हजार रुपए का डिमांड किया गया जो अंततः बत्तीस हजार में फाइनल हुआ। जहां ऑन स्पॉट सत्ताइस हजार रुपया कर्मियों को दिया गया और शेष बकाया पांच हजार दो दिन के बाद देने की बात कहते हुए गाडी को छोड़ दिया गया।

## युवा उत्सव नृत्य प्रतियोगिता में बीआर इंटरनेशनल स्कूल को मिला तीसरा स्थान

**कोडरमा।** भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केन्द्र कोडरमा द्वारा एक दिवसीय कोडरमा युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बीआर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिये। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पेंटिंग एवं अन्य प्रतियोगिता में भाग लिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आरुषि कुमारी, आर्या आराध्या, दिव्या, शीतल एवं पायल ने झारखंड की संस्कृति को दर्शाते हुए नृत्य प्रस्तुत किये, जिसमें इन्हें तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा प्रिंसेस, भव्या, प्रथम एवं प्रिंसेस ग्रेसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस युवा उत्सव में सफल हुए सभी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूल एसेम्बली में सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक ओपी राय नवलकिशोर, सुनील कुमार, अभिजीत सिंह, विजय प्रकाश, नागेंद्र सिन्हा, लक्ष्मी कुमारी, रिया बोस समेत विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन बुधवार को कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। वहीं जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं उसके निष्पादन को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। वहीं जनता दरबार में बलदेव यादव ग्राम असनाबाद ने अपनी जमीन को ऑनलाइन करने एवं रसीद काटने का आदेश देने और बबीता कुमारी ग्राम बंगाली ने अपने बच्ची का कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन कराने को लेकर आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगायी। वहीं उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिये। इसके साथ ही मार-पीट और गली गलौज करने, जमीन हड़पने समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्याएं सुनी एवं यथाशीघ्र समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

## जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने डीसी अबु इमरान के प्रति जताया आभार

**चतरा।** डीसी अबू इमरान की प्रयास से जिले के चार प्रसिद्ध स्थलों को पर्यटन स्थल की मिली मंजूरी शीर्षक खबर के बाद जिला परिषद वाइस चेयरमैन बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी ने डीसी अबू इमरान का आभार व्यक्त किया। डीसी की कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले के जिन चार इतिहासिक स्थलों को राज्य सरकार ने पर्यटन स्थल के लिए अधिसूचित किया है, इसका श्रेय डीसी श्री इमरान को जाता है। जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने डीसी अबु इमरान के इन कार्यों को सराहा और कहा कि इनका कार्य करने का अंदाज ही कुछ अलग है। इनका 24 का 24 घंटा जिले वासियों के लिए समर्पित रहता है।

## दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन

**इटखोरी।** साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल इटखोरी में बुधवार को दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अशोक कुमार, प्राचार्य हरगोविंद तिवारी तथा योग प्रशिक्षक मुस्कान राणा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों को योग प्रशिक्षक ने योग का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षक ने कहा कि स्कूलों में नियमित रूप से योग की पढ़ाई के साथ प्रतिदिन विद्यार्थियों को योगासन का अभ्यास कराना चाहिए। योग से शरीर निरोग रहता है। विद्यार्थी मानसिक रूप से काफी मजबूत हो जाते हैं। जिससे उन्हें शिक्षण के क्षेत्र में भी काफी लाभ प्राप्त होता है।

## मगध- संघमित्रा के जीएम के नाम सीओ एवं बीस सूत्री अध्यक्ष को किया पत्र प्रेषित

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को मगध संघमित्रा कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित मासिलौंग गांव के भुरैयतों ने अपनी मांग को लेकर मगध-संघमित्रा के जीएम के नाम सीओ विजय कुमार दास एवं बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव को पत्र प्रेषित किया गया। पत्र के अनुसार के अनुसार 23 सूत्री मांग मांगी गई जो इस प्रकार से है, जैसे सीसीएल द्वारा 2003 में अधिग्रहित गैर मजूरवा जमीन का अभी तक बकाया मुवाबजा एवं नौकरी की मांग, सीसीएल द्वारा 2014 में विस्थापित मासिलौंग गांव में स्वास्थ्य केंद्र खोलकर बंद कर दिया जिसे अभिलब चालू करवाने की मांग, इस प्रकार से अन्य मांगे शामिल है।

## क्षेत्र में शीघ्र होगा पेयजल की आपूर्ति : किशुन

**चतरा।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव डॉ मनीष मुलाकात की है। विधायक किशुन कुमार दास ने सचिव को बताया कि एशिया महादेश का सबसे बड़ा कोयलरी क्षेत्र होने के बावजूद भी इस क्षेत्र के ग्रामीणों को पीने के पानी भी नहीं मिल पा रहा है। हालांकि विभागीय सचिव डा मनीष रंजन ने आवश्वत किया है कि टंडवा,गाड़ीलौंग में शीघ्र ही प्रत्येक घरों में पीने का पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा।गौरतलब है कि माननीय विधायक किशुन कुमार दास ने बजट सत्र के दौरान भी विधान सभा में इस मामले को उठाया था।

## अच्छादित विद्यालय में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को मिले अवसर: उपायुक्त

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आदर्श विद्यालय योजना के अंतर्गत जिले के तीन स्कूल यथा राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय चतरा, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय चतरा एवं परियोजना बालिका उत्क्रमित +2 विद्यालय सिमरिया में चल रहे नामांकन प्रक्रिया की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय चतरा में 464 आवेदन, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय चतरा में कुल 68 आवेदन और परियोजना बालिका उत्क्रमित +2 विद्यालय सिमरिया में कुल 369 आवेदन प्राप्त हैं।

## स्पीड न्यूज

### मनिका थाना क्षेत्र से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए एक टीम का होगा चयन

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 10 जून 2023 से पुलिस लाइन में आयोजित लातेहार पुलिस अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में एक टीम का चयन कर उनको जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु भेजा जाएगा। बताते चलें कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लातेहार पुलिस अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है। जिसमें लातेहार जिला अंतर्गत सभी थानों से एक-एक टीम भाग लेगी। लातेहार पुलिस के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में मनिका थाना क्षेत्र से भी एक टीम का चयन कर उनको जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु भेजा जाएगा। क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ होने से पूर्व मनिका थाना क्षेत्र की टीम को चिन्हित कर उनको क्रिकेट किट उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे वह अच्छी तरह से प्रैक्टिस कर क्रिकेट टूर्नामेंट में पूरी तैयारी के साथ भाग ले सकें। क्रिकेट अभ्यास के दौरान मनिका पुलिस कर्मी एवं पुलिस आफिसर भी खिलाड़ियों के साथ मैदान में रहेंगे। जिनके नेतृत्व में खिलाड़ियों का चयन किया जा सकेगा। वहीं मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु सभी इच्छुक खिलाड़ियों से निवेदन किया है कि अपना नाम इस टीम में सम्मिलित करने के लिए दिनांक 18 मई 2023 तक मनिका थाना आकर लिखवाए। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की योग्यता उम्र 16-19 वर्ष, मनिका थाना क्षेत्र के निवासी, खिलाड़ी जिसने ड्यूज क्रिकेट बॉल से खेला हो, नो एंट्री फीस, 15 खिलाड़ी की एक पूरी टीम होनी चाहिए।

### एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक रांची में 21 को

**लातेहार।** राज्य सरकार के लगभग तीन वर्ष से ज्यादा सता का सुख भोगने के बाद भी पारा शिक्षकों से किया वादा पूरा नहीं किया गया। जिससे आक्रोशित पारा शिक्षको ने आगामी 21 मई 2023 को प्रदेश स्तरीय बैठक मोरहाबादी रांची में आहूत की है। इसकी जानकारी देते हुए मोर्चा के अध्यक्ष अतुल कुमार एवं महासचिव अनूप कुमार ने बताया की सभी जिलों के जिला अध्यक्ष सचिव उक्त बैठक में भाग लेंगे और आगे की रणनीति बनाते हुए। आंदोलन का निर्णय लेंगे। मोर्चा के राज्य स्तरीय नेता ऋषिकेश पाठक एवं संजय दुबे ने सभी जिला कमिटी से अनुरोध किया है की उक्त बैठक में ससमय रांची पहुंचे और अपने अपने जिला का मंतव्य दे ताकि प्रदेश नेतृत्व एक ठोस निर्णय लेते हुए राज्य सरकार पर दबाव बनाते हुए उनसे जो वादा चुनाव के समय किया था। उसे पूरा करने का एक डेड लाईन देने का निर्णय लिया जा सके। उसके बाद भी सरकार सभी को वेतनमान देने का निर्णय नहीं लेती है। तो जोरदार आंदोलन के लिए सूबे के 62 हजार पारा शिक्षक मजबूर होंगे और सारी जवाबदेही राज्य सरकार की होंगी।

### स्थानीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सुदूरवर्ती गांव का किया दौरा

**चंदवा।** प्रखंड के डुमरो पंचायत के सुदूरवर्ती गांव बेलगड़ा का दौरा चंदवा प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने एक टीम बनाकर की। बेलगाड़ा गांव के लोगों ने अपने गांव की अनेकों समस्या के बारे में टीम को जानकारी दी, 300 घर की आबादी वाले गांव में अभी तक आंगनबड़ी की सुविधा सरकार की ओर से नहीं दी गई है, जिससे यहां के लोगों में स्थानीय जन प्रतिनिधि के साथ साथ सरकार के विरोध में भारी रोष है। इस गांव में मूलभूत सुविधा नगण्य है। बेलगडा के ग्रामीणों ने चंदवा प्रखंड अध्यक्ष को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में गांव की अनेकों समस्या का विवरण है। मौके पर कांग्रेस नेता साजन कुमार, संजय गोप, मधु देवी, ईश्वर टाना भगत, नीलम देवी, सीता देवी, सुनीता देवी, निर्मल मुंडा, विकास मुंडा, पार्वती देवी, विनोद मुंडा, सिंपल मुंडा, राजेश गोप, तुलसी गोप, रोहित मुंडा, फूलकुमारी देवी, मंजू देवी, रीना देवी, नरेश गांझू, लहसन गांझु, राजमुनी देवी, सुरेंद्र यादव, संदीप महतो, लखन मुंडा, सजना गोप, चौथा गोप, निरासो देवी कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सरहुल पर्व पर प्रकृति की आराधना कर की सुख-समृद्धि की कामना

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखण्ड के खुरा पंचायत अंतर्गत बभंडीह ग्राम में बुधवार को प्रकृति की पूजा का महापर्व सरहुल धूमधाम व उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जुटे श्रद्धालुओं ने खुशहाली की कामना के साथ प्रकृति की पूजा अर्चना की। सरहुल पूजा के लिए सुबह से ही लोग पूजा स्थल में जुटने लगे थे। जहां पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए आदिवासी समाज के ग्रामीण और युवा ढोल और नगाड़े की थाप पर खूब थिरके। इस दौरान गांव के बैगा, पहान और पुजार की अगुवाई में प्रकृति की पूजा की गई। मौके पर अन्न का चढ़ावा करते हुए प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया गया। सरहुल पूजा के उपरांत उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। जहां उपस्थित स्थानीय गणमान्य लोगों ने सरहुल पर्व को परंपरा, संस्कृति और जीवन से जुड़ी प्रकृति पर्व बताते हुए कहा कि आदिवासी समाज के लोग प्रकृति से प्रेम करते है।

#### सामुदायिक पुलिसिंग के तहत फुटबॉल मैच व डायन कुप्रथा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# डायन कुप्रथा समाज के लिए अभिशाप : संतोष

**खबर मन्त्र संवाददाता**




डायन कुप्रथा को लेकर जागरूक करते कलाकार, पुरस्कृत करते एसडीपीओ संतोष मिश्र।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देशानुसार चंदवा थाना क्षेत्र के काली गांव में एकदिवसीय सामुदायिक पुलिसिंग के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता व डायन कुप्रथा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुर्मी टोला डूमारो, मालहन, बजरमरी फुटबॉल टीम ने भाग लिया। पहले मुकाबले में डुमारो ने बजरमरी को पेनाल्टी शूटआउट में हराया एवं कुरमीटोला ने मालहन को 2-1 से हराया। फाइनल मैच डुमारो और कुर्मिटोला के बीच खेला गया जिसमे कुर्मिटोला की टीम 1-0 विजयी हुई। प्रतिभागियों को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र एवं मेजर राजकुमार लकड़ा के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**डायन कुप्रथा के प्रति जागरूकता को लेकर हुआ नुक्कड़ नाटक :** फुटबॉल प्रतियोगिता के उपरांत डायन कुप्रथा के प्रति जागरूकता को लेकर कराया गया। नाटक-डायन प्रथा को लेकर नुक्कड़ नाटक कराया गया, जिसमें कलाकारों ने डायन प्रथा ने नुक्कड़ नाटक में डायन कुप्रथा समाज के लिए अभिशाप है अगर किसी की तबीयत खराब होती है तो उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाना चाहिए ना की किसी ओझा के पास। इसके बाद डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से मानव तस्करी और बाल मजदूरी को लेकर जागरूक किया गया। बड़े स्क्रीन के माध्यम से मानव तस्करी से संबंधित सत्य घटना पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। जिसमें बताया गया कि किस प्रकार से लोगों को प्रलोभन देकर मानव तस्करी एवं बाल मजदूरी के दलदल में धकेला जाता है। पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन का भी जागरूकता संदेश कार्यक्रम में चलाया गया, साथ ही रोड सेफ्टी पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, प्रभारी थानेदार विकाश कुमार, पुअनि दिव्यप्रकाश, सार्जेंट संतोष कुमार, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, मुखिया सुनीता खलखो, जतरु मुंडा, सब इंस्पेक्टर मो. आलम, समाजसेवी रोहित यादव, रंका टाना भगत, मुखदेव गोप, सुशील उरांव, रामविलास गोप काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


### वार्ड सदस्यों, रोजगार सेवक व ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित

**महुआडांड़।** प्रखंड के परहाटोली पंचायत सचिवालय भवन में बुधवार को परहाटोली मुखिया रिता खलखो की अध्यक्षता में पंचायत के सभी वार्ड सदस्यो रोजगार सेवक और ग्रामीणों के साथ विशेष बैठक आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत अंतर्गत चल रही, आम बागबानी, सिचाई कुप योजना, मेढबंदी, टीसीबी, दीदी बाड़ी समेत अन्य प्रकार की जन उपयोगी योजना के विषय में रोजगार सेवक चंदन कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जानकारी दिया। नरेगा वाच सदस्य अफसाना के द्वारा ग्राम एवं पंचायत के अंदर ग्रामीण मजदूरो का पलायन रोकने एवं इन्हे रोजगार से जोड़ने हेतु जनप्रतिनिधी वार्ड सदस्यों को जागरूक किया गया। वार्ड सदस्य, निलम रोश (डूमरडीह) ने खरीफ मौसम फसल धान की बुवाई की तैयारी को लेकर कच्ची नहर की मरम्मत के लिए मुखिया को आवेदन दिया।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में तीसरे दिन भी उमड़े मरीज

## तीसरे दिन 1197 मरीजों की हुआ रजिस्ट्रेशन, दो दिनों में मोतियाबिंद के 69 मरीजों का हुआ ऑपरेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चिकित्सा कार्यक्रम में मरीजों की उमड़ी भीड़।

**चंदवा।** इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान टोरी जंक्शन में 15 मई से 4 जून तक अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस लाइफ लाइन एक्सप्रेस के माध्यम से चल रहे निःशुल्क चिकित्सा कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को भी शिविर में जांच कराने वाले मरीजों का तांता लगा रहा जहां चंदवा समेत पूरे लातेहार जिला व दूसरे जिलों से भी सैकड़ो की संख्या में मरीज इलाज कराने पहुंचे। लाइफ लाइन की मेडिकल टीम के द्वारा मरीजों की जांच के साथ चिकित्सा परामर्श दिया गया व जिन मरीजों के आंखों की दिक्कत थी उन्हें चश्मा दिया। जांच के क्रम में 51 मोतियाबिंद के मरीज मिले उन्हें ऑपरेशन के लिए चयनित किया। जिनका ऑपरेशन गुरुवार को किया जाएगा। वहीं अबतक जांच में मिले मोतियाबिंद के 69 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीजों को चंदवा ब्लॉक में बने वार्ड में रखा गया। शिविर में बुधवार को 1197 मरीजों में जांच के लिये रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमे 1170 आंख, 27 स्त्री रोग के मरीज शामिल हैं। उसके पूर्व मंगलवार को कुल 1134 लोगो ने अपनी आंखों की जांच कराई थी वही पहले दिन सोमवार को 1264 मरिजो ने जांच कराया था। बता दें कि जिला प्रशासन के पहल से 15 मई से 4 जून तक सुपर स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस लाईफ लाईन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से उक्त मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है।

जिसमें आंख, कान, दांत, कटे-फटे होठ, मुड़े हुए पैर का उपचार, सर्जरी एवं ऑपरेशन किया जा रहा है। साथ स्त्री स्तन एवं ग्रीवा कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण किया जाएगा। लाईफ लाइन ट्रेन टोरी के प्लेट फॉर्म नंबर दो में लगा हुआ है, इसके अलावा सीएचसी चंदवा में मरीजों के निबंधन व उपचार के लिए कैम्प लगाया गया है।

### सहायक अध्यापक का आकस्मिक निधन

**बारियातू।** प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोनिया के सहायक अध्यापक (संप्रति पारा शिक्षक) रामखेलावन गंझु 42वर्ष की बिते मंगलवार शाम को आकस्मिक निधन हो गया। निधन की खबर मिलते ही दर्जनो सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर संघ द्वारा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं अंतिम संस्कार बुधबार को की गई। बारियातू के दर्जनों सहायक अध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अचानक आकस्मिक निधन के बाद सभी सहायक अध्यापक मर्माहत हो गए। मौके पर भीम प्रजापति, सुनील सिंह, राजेश यादव, अनिल कुमार सुमन, विनोद मिश्रा, राजेश गंजू, चेतू प्रसाद, सीआरपी ईश्वरी कुमार, शशि शेखर, रंजन, रमेश कुमार, रवि राम, विनय राम, अजय उरांव, बलराम गंजू,मनोज ठाकुर, शेखर यादव सहित दर्जनों की संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

## अभिजीत प्लांट से लोहा चोरी कर ले जा रहे दो चोर को पकड़ा, जेल



मो. काशिम।



मो. असरफ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधर पर चंदवा पुलिस की टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर अभिजीत प्लांट से लोहा चोरी कर ले जा रहे दो चोरों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए चोरों में मो. कासिम शेख पिता पतन शेख (शेखपुरा बिहार) व मो. असरफ पिता मो.असगर (मुर्शिदाबाद बंगाल) शामिल हैं। जिनके पास से पुलिस ने दो लूना व लगभग 135 किलो चोरी का लोहा बरामद हुआ है। पकड़े गए दोनो चोरों के विरूद्ध चंदवा थाना में कांड संख्या 111/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी थाना प्रभारी विकाश कुमार ने बताया कि बरामद लोहा को अभिजीत प्लांट के सीएचपी एरिया से चोरी कर लाया जा रहा था। जिसे सदाबर के पास से पकड़ा गया है।

बता दें कि चकला के बंद पड़े अभिजीत प्लांट के दिवालिया घोषित होने के बाद बैंक के कर्ज भुगतान को लेकर प्लांट को स्क्रैप घोषित कर कई चरणों मे स्क्रैप को नीलाम किया जा रहा है। विगत लगभग 6 माह से स्क्रैप कटिंग का काम शुरू होने के बाद से प्लांट से लोहा की चोरी जोरो पर है। सबसे खास बात यह है कि प्लांट से लोहा चोरी करने में दूसरे राज्य के चोर भी शामिल है व यहां के लोहा को लूट कर माला माल हो रहे हैं।

## लातेहार पुलिस लाइन में अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देते थाना प्रभारी

**बालूमाथ।** सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में अंडर 19 क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन लातेहार पुलिस लाइन में 10 जून से आयोजन किया जाना है। जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि ज़िले के सभी प्रखंड से 15 सदस्यीय टीम बनाकर लातेहार पुलिस लाइन में क्रिकेट खेलने के लिए भेजना है। जिसे ध्यान में रखते हुए बालूमाथ थाना क्षेत्र के 16 वर्ष से 19 वर्ष के इच्छुक क्रिकेट के खिलाड़ी थाना परिसर में आकर 18 मई 2023 तक संपर्क करें।

ताकि एक अच्छी क्रिकेट टीम बनाकर इस थाने से भेजा जा सके और वह टीम लातेहार पहुंचकर अच्छा खेलकर थाने का नाम रौशन करें। थाने से चयनित खिलाड़ियों को लातेहार पुलिस लाईन खेलने जाने से पहले अभ्यास के लिए पुलिस अधीक्षक के द्वारा क्रिकेट किट भी दिया जाएगा ताकि वह अपनी खेल का अभ्यास अच्छे से कर सके। अभ्यास के दौरान स्थानीय पुलिस के पदाधिकारी खेल मैदान में पहुंच कर खिलाड़ियों का चयन करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि खिलाड़ियों को खेलने के लिए किसी भी तरह की राशि नहीं देनी पड़ेगी। निःशुल्क यह खेल लातेहार पुलिस प्रशासन के द्वारा कराई जाएगी। बताते चलें कि जिले के सभी थाने से एक एक टीम चयन कर लातेहार पुलिस लाइन भेजनी है।

### मिशन लाइफ के तहत वन विभाग ने स्कूली बच्चों के बीच चलाया जागरूकता अभियान

**बरवाडीह।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण के लिए जीवन शैली कार्यक्रम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम को लेकर वन विभाग के वनरक्षी और अन्य कर्मियों के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के साथ-साथ कन्या मध्य विद्यालय, होरीलोंग मध्य विद्यालय समेत कई निजी विद्यालयों में जाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाने का काम किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को ऊर्जा बचाने, जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने, स्वतंत्र खाद्य प्रणालियों को अपनाएं जाने, अच्छी सेहत और बेहतर लाइफ स्टाइल को अपनाने के साथ ई कचरा कम करने को लेकर जागरूक करने का काम किया गया। वहीं स्कूली बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर इससे आसपास के गली मोहल्लों में जाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाने का भी काम किया गया। इस दौरान वनरक्षी रजनीश कुमार सिंह, इमरान अहमद समीर तिग्गा, शशि और सुभाष कुमार भूषण ने शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ.पवन गुप्ता, फिरोज अहमद और संतोष कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की श्रम विभाग एवं कौशल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




समीक्षा बैठक करते उपायुक्त व अन्य।

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में श्रम विभाग एवं कौशल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से श्रमिकों के लिए लाभकारी योजनाएं, प्रवासी श्रमिक, कौशल विकास, नियोजनालय से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने श्रम विभाग अंतर्गत संचालित श्रमिक ई-औजार सहायता योजना, साईकिल सहायता योजना, निर्माण श्रमिक सेफ्टि किट, मातृत्व प्रसुविधा सहायता योजना, झारखण्ड निर्माण कर्मकार मृत्यु, दुर्घटना सहायता, मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृति योजना, अंत्येष्टि सहायता, चिकित्सा सहायता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना, विवाह सहायता योजना, प्रवासी मजदूरों की संख्या तथा उनका रजिस्ट्रेशन, वापस गए। प्रवासी मजदूरों की संख्या, प्राप्त आवंटन, श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने सभी सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के माध्यम से आमजनों को जागरूक कराने का निर्देश दिया। जिससे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को दिया जा सके। बैठक में जिला श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बच्चे को चपेट में लेने के बाद स्कॉर्पियो ने पोल में मारी टक्कर, ड्राइवर फरार

## बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए किया गया रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दुर्घटनाग्रस्त वाहन व बिजली का पोल।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित पशुपालन विभाग के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर मनिका प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के स्कॉर्पियो वाहन ने दिन बुधवार की सुबह में एक युवक नीतीश कुमार यादव उम्र लगभग 17 वर्ष पिता कमलेश यादव घर भदईबथान (मनिका) को अपने चपेट में ले लिया और बच्चे को धक्का मारने के बाद स्कॉर्पियो सीधे जाकर बिजली के पोल से टकरा गई जिस कारण बिजली का पोल अपने स्थान से टूट कर स्कॉर्पियो पर ही जा गिरा और स्कॉर्पियो वाहन टूटे हुए बिजली के पोल में जाकर फंस गया। जिसके बाद वाहन चला रहा मुरारी ठाकुर नामक व्यक्ति घटनास्थल से अपनी जान बचाकर फरार हो गया। गनीमत रही कि बिजली की तार से स्कॉर्पियो में करंट नहीं लगा ग्रामीणों ने तुरंत बिजली ग्रिड से बिजली कटवाया। वहीं वाहन की चपेट में आने से युवक नीतीश कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद आसपास के ग्रामीणों की सहायता से घायल नीतीश कुमार को आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं दुर्घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल करते हुए वाहन को अपने कब्जे में लेकर मनिका थाना ले आए। मौके पर वाहन चला रहा मुरारी ठाकुर नामक ड्राइवर की भारी लापरवाही देखी गई वाहन की रफ्तार काफी तेज थी जिससे वाहन के चपेट में और भी कई लोग आ सकते थे लेकिन वाहन को बिजली के पोल से टकराने की वजह से बहुत ही बड़ी अनहोनी टल गई।

## मंत्री जोबा मांझी और विधायक रामचंद्र सिंह का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करतीं मंत्री जोबा मांझी।

**बरवाडीह।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड सरकार सह लातेहार जिला बीस सूत्री प्रभारी मंत्री श्रीमती जोबा मांझी ने पलामू से नेतरहाट जाने के क्रम में बेतला नेशनल पार्क में कुछ देर के लिए रुकी। इस दौरान उनके साथ मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह भी थे। जहां बेतला में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और बरवाडीह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी ने मंत्री जोबा मांझी और विधायक रामचंद्र सिंह का स्वागत बुके और फूल माला से किया। वहीं मंत्री जोबा मांझी ने कार्यकताओं के साथ बैठक कर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। वहीं प्रखण्ड की समस्याओं और चल रहे विकास कार्यों पर काफी देर चर्चा की।

इस दौरान कार्यकताओं ने उन्हें प्रखण्ड क्षेत्र की बिजली और पेयजल सहित अन्य कई ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए इसके निदान की मांग की। जहां मंत्री जोबा मांझी ने कार्यकताओं को आश्वस्त किया कि जल्द ही समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर झामुमो नेता देवनाथ सिंह खरवार, विजय सिंह, मोहम्मद कासिम अंसारी, अशोक कोरवा, फुल्लू यादव, कृष्णा, राधा उरांव सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों ने सोलर स्ट्रीट लाइट को किया क्षतिग्रस्त

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय करकट के प्रधानाध्यापक ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा विद्यालय में लगे सोलर स्ट्रीट लाईट क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दिये आवेदन के माध्यम से बताया है कि 16 मई मंगलवार को रात्रि में अज्ञात लोगों द्वारा विद्यालय परिसर में लगे चार सोलर स्ट्रीट लाइट को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इसकी जानकारी बुधवार को सुबह विद्यालय खुलने पर हुई। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में भी विद्यालय परिसर में लगे नलो एवं पाईप एवं बागवानी को क्षतिग्रस्त किया गया था जिसकी सूचना आवेदन के माध्यम से पूर्व में भी थाना को दी गई थी।

# 3 दिनों से लापता युवक का शव तोपचांची झील से बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपंचाची।** 3 दिनों से लापता युवक का शव तोपचांची झील में तैरता हुआ मंगलवार को पाया गया ।अपनी प्रेमिका से मिलने तोपचांची झील गए युवक का शव दो दिन बाद 16 मई की दोपहर झील से बरामद किया गया। युवक की शिनाख्त तोपचांची निवासी शेख मनीर के बेटे शेख इमरान (24) के रूप में हुई है। उसके कपड़े व जूते रविवार को तोपचांची झील किनारे पाए गए थे, जिसकी पहचान इमरान के परिजनों ने की थी। पुलिस जूते व कपड़े जब्त कर थाना ले गई थी। इसके बाद से ग्रामीण झील में उसकी खोज कर रहे थी। शव मिलने की सुचना पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ झील किनारे जुट गई। इधर, तोपचांची थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार,

## प्रेमिका से मिलने गया था तोपचांची झील



शेख इमरान शनिवार की रात अपनी प्रेमिका से मिलने घर से निकला था।

झील किनारे से कपड़े व जूते बरामद होने के बाद पुलिस ने इमरान के दो दोस्तों रूपेश कुमार व पंकज कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोस्तों ने बताया कि इमरान ने रात को फोन कर बुलाया था। कहा था कि उसे प्रेमिका से मिलने जाना है। इसके बाद दोनों ने उसे शनिवार की रात करीब 12 बजे झील के पास ले जाकर छोड़ दिया था। पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ कर सच्चाई जानने की कोशिश कर रही है।

## परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

इधर इमरान का शव मिलने के बाद आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर लापारवाही का आरोप लगाया है,कहा कि झील किनारे से इमरान का कपड़ा बरामद कर पुलिस थाने में ले जाकर सो गई। अगर समय पर गोताखोर को बुला कर झील में खोजबीन की गई होती, तो पहले ही सब कुछ पता चल जाता।

# सांसद ने एसवीएम में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** नेहरू युवा केंद्र, बोकारो के सहयोग से नगर के सेक्टर-3सी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आजादी के अमृत महोत्सव थीम पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित राज्य के स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के साथ-साथ देश के स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है।

स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनियां राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार करती है। केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा प्रकाशित न्यू इंडिया समाचार की इस महीने की प्रति भी उन्हें भेंट की गई।

## चंदनक्यारी में चलाया गया वाहन जांच अभियान

**बोकारो।** जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार के निदेर्शानुसार जिला परिवहन कार्यालय एवं यातायात पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से चंदनक्यारी स्थित इलेक्ट्रोस्टील परिसर के समीप जांच अभियान चलाया गया जिसमें बिना त्रिपाल लगे वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुमार्ना लिया गया। इसके अलावा बड़ी वाहनों के चालकों द्वारा सीट बेल्ट का इस्तेमाल, गति सीमा आदि की भी जांच की गई। वाहन चलाते वक्त मोबाइल फोन का प्रयोग करने वालों पर भी सख्ती की गई। साथ ही वाहन संचालकों को कड़ी हिदायत देते हुए वाहन अधिनियम का पालन करने को कहा गया। परिवहन विभाग द्वारा निर्देश दिया गया कि परमिट व अन्य प्रपत्र उपलब्ध न होने पर वाहनों को सीज कर परिवहन विभाग के नियम के अनुसार जुमार्ना किया जाएगा।

# दामोदर बचाओ आंदोलन बोकारो जिला की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो सर्किट हाउस में सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता एवं अभय कुमार मुन्ना के संचालन में आयोजित दामोदर बचाओ आंदोलन बोकारो जिला की बैठक में आंदोलन के अध्यक्ष सरयू राय ने कहा कि वर्ष 2004 में दामोदर के अस्तित्व को समझने के लिए जारी अभियान में आम लोगों की सहभागिता के कारण अभियान ने गति पकड़ा। दामोदर को प्रदूषित करने वाली अधिकतर सरकारी कंपनियां एवं उद्योग के ऊपर अंकुश लगाना संभव हुआ। अब दामोदर की सहायक नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता हेतु गंगा दशहरा के दिन बोकारो जिला के सभी निर्धारित 23 स्थलों पर आमजन, सम्मानित जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी लोगों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम करने की आवश्यकता है।

## उपायुक्त ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये निर्देश

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की गई। मौके पर एसपी चंदन कुमार झा, एडीसी सादात अनवर, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, डीटीओ संजीव कुमार, धनबाद सांसद प्रतिनिधि आर एन ओझा, बेरमो विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार, सहायक उत्पाद आयुक्त, डीपीआरओ राहुल कुमार भारती आदि उपस्थित रहे। उपायुक्त श्री चौधरी ने दो पहिया वाहन का सघन जांच कर नियम संगत कार्रवाई करने एवं चिन्हित स्थलों पर रंबल स्ट्रिप तथा रेडियम लाइट लगाने का निर्देश दिया।

## अवैध आरा मशीन पर वन प्रमंडल और दुगदा पुलिस की संयुक्त छापेमारी

**बेरमो।** बोकारो से वन प्रमंडल बोकारो द्वारा मंगलवार को भी दूसरे दिन दुगदा थाना पुलिस के सहयोग से दुगदा थाना क्षेत्र के चंदुआडीह एवं दुगदा बस्ती में अवैध ढंग से संचालित आरा मील में छापेमारी अभियान चला कर भारी मात्रा में लकड़ी व आरा मशीन को जब्त किया। छापेमारी का नेतृत्व वन प्रमंडल बोकारो के वनरक्षी रुद्र प्रताप सिंह कर रहे थे। अवैध आरा मिल के संचालक मौके से फरार हो गए। छापेमारी दल चंदुआडीह रोड़ साइड अवैध आरा मिल एवं दुगदा बस्ती में एक साथ छापेमारी की जहां से भारी मात्रा में कीमती लकड़ी बरामद किया।

# टांड़ बालीडीह में रुद्र महायज्ञ महोत्सव का हुआ शुभारम्भ



**बोकारो।** जैनामोड़ टांड़ बालीडीह में श्री श्री 108 पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ महोत्सव में पूजन-कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। महायज्ञ से न सिर्फ सनातन धर्म परंपरा को बल मिलता है, बल्कि वातावरण भी शुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि रुद्र महायज्ञ का फल तत्काल मिलता है। इस दौरान आयोजन समिति के लोगों ने श्री अग्रवाल को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

### विधायक पूर्णिमा ने 39 लाख की 12 योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

# विकसित झरिया की पहचान दिलाना प्राथमिकता : पूर्णिमा नीरज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** झरिया विधायक सह सचेतक श्रीमती पूर्णिमा सिंह द्वारा विभिन्न जगहों पर 39 लाख 9 सौ रुपए की लागत से 12 विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। उक्त सभी योजये विधायक मद से खर्च हुआ है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने आतिशबाजी व पुष्प हार से विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का गर्म जोशी से स्वागत किया । इस दौरान विधायक ने कहाकि जनता



से किया वादा निभा रहे है। साथ ही राज्य में विकासशील झरिया के रूप में पहचान दिलाने को लेकर प्रयासरत है। विकसित व खुशहाल होगा झरिया तो समाजिक उत्थान में सार्थक साबित होगा।

# सीएमपीडीआइ आरआइ 2 ने आश्रम को 2 लाख 80 हजार के 25 बेड किये भेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बुधवार को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम 'अपना घर'आसन डाबर, कदैया रोड, टुंडी स्थित आश्रम में सेंट्रल माइन प्लैनिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट, आर आई- 2, धनबाद ने अपने कॉपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत आश्रम को बहुत ही नितांत जरूरी 25 आधुनिक, कीड़ों से सुरक्षित, बेहद आरामदायक गद्देदार बेड प्रदान किया।

आश्रम में वृद्धजनों के पुराने बेड, फोल्डिंग खाँट काफी चरमराई और खराब स्थिति में हो गए थे इसी के संबंध में आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी के विशेष आग्रह पर सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट आर आई 2 के क्षेत्रीय निदेशक राजीव कुमार सिन्हा और उनकी पत्नी रानी कुमारी, महाप्रबंधक (खनन) रविंद्र नाथ सिंह, विभागाध्यक्ष( वित) डी.के. तिवारी, मैनेजर (कार्मिक एवं प्रशासन) जोली भट्टाचार्य, नोडल अधिकारी (सीएसआर) नवीन कुमार, उप प्रबंधक (पर्यावरण) कुमार वैभव, क्षेत्रीय निदेशक (पीए) बृजेश कुमार यादव, सीनियर क्लर्क दिलीप दत्ता, मणिलाल कुमार ने सीएमपीडीआई के कॉपोरेट सामाजिक दायित्व तहत आश्रम पहुंचकर 2 लाख 80 हजार कीमत की मजबूत, टिकाऊ एवं बेहतरीन बेड प्रदान किया एवं वृद्धजनों की सुध बुध ली। इस अवसर पर लालमणि प्रबंधन ने सभी



सीएमपीडीआई के अधिकारियों को शॉल ओढाकर, आश्रम का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर इस पुनीत कार्य के लिए सम्मानित किया। सेंट्रल माइन प्लैनिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट आर आई 2 धनबाद के क्षेत्रीय निदेशक राजीव कुमार सिन्हा ने कहा सीएमपीडीआई बहुत मजबूती के साथ लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के आदरणीय वृद्ध माताओं पिताओं को सेवा प्रदान करने के लिए खड़ा है। अभी सीएसआर के तहत इन्हें 25 बेड प्रदान किया गया है तथा भविष्य में सीएमपीडीआई के तरफ से और भी अनेक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। महाप्रबंधक रविंद्र नाथ सिंह ने कहा आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी एवं आश्रम मैनेजमेंट की टीम को वे हार्दिक बधाई देते हैं कि अपना घर व्यापार छोड़ के वृद्धों के सेवा के जुनून में इनकी खाने-पीने, रहने एवं सारी सुविधाओं की वस्तुओं की जुगाड़ में अनवरत लगे रहते हैं मानव सेवा सब की बात नहीं है यह ईश्वरीय देन ही है जो मानव के लिए इतना उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं सीएमपीडीआई यथासंभव लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम को भविष्य में मदद करते रहेगी।

डी.के. तिवारी विभागाध्यक्ष वित्त ने कहा हम सीएमपीडीआई टीम का आश्रम से एक गहरा नाता हो गया है और यहां कर सेवा करने के लिए हम सभी तत्पर रहते हैं। पहली बार आश्रम आई मैनेजर मैनेजर ,(कार्मिक एवं प्रशासन) जोली भट्टाचार्य ने कहा कि एकदम दुनिया से अलग जगह में आ गई हूं और वृद्ध जनों से नीला सच्चा अपनापन और आशीर्वाद बहुत ही अच्छा लगा। आश्रम की माताओं एवं पिताओं के साथ मिलन सुखद अनुभूति का शब्दों में व्याख्यान नहीं किया जा सकता। आश्रम में वृद्धजनों का खास रखने वाले ओमकार मिश्रा ने कहा आज आश्रम की वृद्धजनों के आराम सुविधा के लिए लिए बहुत खुशी का दिन है 25 नये बेड लगने से आश्रम का हर रूम सुंदर, साफ- सुथरा व्यवस्थित लग रहा है। पूरा दिन आश्रम में सीएमपीडीआई की टीम ने वृद्ध माता-पिताओं के साथ बिताया और बीते हुए इस पल को एक अच्छा दिन,अच्छा समय बताया और शीघ्र सेवा में उपस्थित होने का भावुकतापुर्ण कर रवाना हुए। आश्रम के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाजसेवी ओंकार मिश्रा और आश्रम के कोषाध्यक्ष अधिवक्ता प्रशांत वर्मा का सक्रिय योगदान था।

BEFORE THE EXECUTIVE MAGISTRATEAT DHANBAD

IAFFIDAVIT

I Chandr shekhar hajari son of Anand Ram Hajari, aged about - 43 years, by faith - Hindu, by occupation -business R/o.vill. Tllatand, katras Bazaar,p.s katras, District Dhanbad (Jharkhand), do hereby solemnly affirm on bath and declare as follows:-
1)That, I am an aadhar card holder having my Aadhar number is :-4094 1081 1742.
2)That, my son krishu Bhatt, aged about 13 years having his Aadhar card Number is 3602 9185 6554 in which his nomementioned as " Angel krishu Bhatt" wrongly in place of krishu bhatt and also father's name mention as chanbdra shekhar Bhatt in place of Chandra shekhar Hajari:
3)That, my son's actual and correct name is krishu Bhatt and my actual & correct name is " Chandra shekhar Hajari"
4)That, my name is required to be corrected as krishu Bhatt in place of Angel krishu Bhatt and my name is also required to be corrected as 'Chandra shekhar Hajari in place of ' Chandra shekhar Bhatt' in the Aashar card of my son.
5)That, I am affixing my passport size photograph on the top of this affidavitformy proper identification.
6)That, my a forementioned statements are true and correct to the best of my knowledge, information & belief,and I have concealed nothing in it.
7)That, I am swearing this affidavit to produce it before the Authority concerned for needful purpose.
netrest Dhanbad on :-29-04-2023

identified by sri:- S.S Tiwary, Advocate; Dhanbad.
Enrollment No. 475/08

## 15000 ग्रामीणों के सामने पानी की समस्या, धरना पर बैठे

**केंदुआ।** पानी की समस्या को लेकर भोला नाथ बसेरिया के ग्रामीणों ने ईस्ट बसुरिया क्षेत्र के विद्युत आपूर्ति को ठप कर बीसीसीएल प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15 -16 दिनों से बसरिया के पांच छह गांवों के हजारों लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। बसेरिया दास बस्ती में बीसीसीएल के गोंन्दुडीह खास कुसुंडा कोलियरी प्रबंधक के द्वारा एक समरसेबल पंप लगाकर बसेरिया दास बस्ती, यादव बस्ती, तिवारी बस्ती, रवानी बस्ती, मसाला पट्टी, पांच नंबर, चार नंबर आदि क्षेत्रों मे जला आपूर्ति किया जाता था।लेकिन पिछले 15, 16 दिनों से यह समरसेबल पंप खराब हो गया है। जिससे इन सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप है। जिससे यहां पर रह रहे हजारों लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

# लोगों को कोनार नदी में नया इंटेकवेल बना कर स्वच्छ पानी दिया जायेगा : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के साथ जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, पलिहारी गुरुडीह मुखिया सपना कुमारी, गोमिया मुखिया बलराम रजक व स्वांग उतरी मुखिया बिनोद विश्वकर्मा बुधवार को गोमिया प्रखंड के खम्हरा पंचायत स्थित कोनार नदी में नया इण्टेकवेल बनाने को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तेनुघाट के कार्यपालक अभियंता शशिशेखर सिंह,सहायक अभियंता शास्त्री शाह व जेई रोहित मंडल भी उपस्थित थे। निरीक्षण के पश्चात विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बताया कि गोमिया एवं पलिहारी गुरुडीह पंचायत के लोगों को जल्द ही कोनार नदी से स्वच्छ पानी पाइपलाइन द्वारा घर घर पहुंचाया जाएगा। इसके लिए कोनार



नदी में स्थल का निरीक्षण विभाग के पदाधिकारियों के साथ किया गया है। इसी स्थल पर नया इण्टेकवेल व पानी का नया मोटर हाउस बनाया जाएगा। वहीं पुराने पाइपलाइन को भी दुरुस्त किया जाएगा। कहा कि इसके लिए जल्द ही सर्वे व डीपीआर तैयार कर विभाग को भेजा जाएगा और उसके बाद प्रशासनिक स्वीकृति कराई जाएगी। विधायक ने बताया कि वे शुरू से हीं गोमिया एवं पलिहारी गुरुडीह पंचायत में कोनार नदी से पानी उपलब्ध कराने को लेकर डीएमएफटी की पहली बैठक में इस मामले को उठाया था और विधानसभा के सत्र में भी इस मुद्दे को कई बार उठाया। वहीं इस बारे में राज्य के मुख्यमंत्री एवं पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री से भी मिला। कहा कि मेरा मानना है कि जल्द ही इन दो पंचायतों के लोगों को कोनार नदी से स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा। जानकारी के अनुसार गोमिया एवं पलिहारी गुरुडीह पंचायत में अभी बोकारो नदी से पाइपलाइन द्वारा पानी सप्लाई किया जा रहा है। लेकिन लोगों की मांग है कि उन्हें कोनार नदी से ही पानी सप्लाई किया जाये।

## एक नजर में

### 85 टन अवैध कोयला लदे चार ट्रक जब्त

**सिंदरी।** धनबाद जिले के एक मात्र सीओ प्रमेश कुशवाहा ने झरिया अंचल क्षेत्र में अवैध खनन धंधेबाजों पर नकेल कस दी है। इसका परिणाम है कि लगातार छापेमारी और अवैध धंधेबाजों पर भारी क्षति के साथ विभिन्न थानों में केस दर्ज किया जा रहा है। सड़कों पर अवैध बालू व कोयले की गाड़ियाँ नगन्य हो गई हैं। इस धरपकड़ से अवैध धंधेबाजों में हड़कंप मच गया है। सेल चासनाला की टासरा प्रोजेक्ट में बुधवार को झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा ने लगभग 85 टन अवैध कोयला लदे चार ट्रकों सहित एक चालक मो इरफान को गौशाला ओपी पुलिस के हवाले किया।

### रोजगार लेकर होगा ऐतिहासिक आंदोलन

**कतरास।** बुधवार को छाताबाद में कैलुडीह छाताबाद स्थित एसटीजी डेको जेभी आउटसोर्सिंग कंपनी में 75प्रतिशत रोजगार की मांग को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन स्थानीय बेरोजगार युवकों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले किया। वहीं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मोहम्मद अताउल रहमान ने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री का साफ तौर पर निर्देश है कि किसी भी कंपनी में स्थानीय युवकों को 75प्रतिशत रोजगार देना है।

## पेज 1 का शेष

### सिद्धारमैया ही होंगे सीएम...

खास तौर से ग्रामीण कर्नाटक पर सिद्धारमैया की मजबूत पकड़ है। **कई कारणों से पिछड़े शिवकुमार :** शिवकुमार पर टैक्स चोरी का आरोप है। 2017 में दिल्ली में छापेमारी के दौरान उनके चार ठिकानों से 8.5 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। आइटी के रेडार पर नयी दिल्ली के सफदरजंग इन्क्लेव में खरीदे गए तीन फ्लैट भी थे। इनका शिवकुमार से कथित संबंध होने की बात आयीथी। इडी ने उनके खिलाफ जांच शुरू की और 3 सितंबर 2019 को पूछताछ के बाद मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में शिवकुमार को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया गया। शिवकुमार 50 दिन तक दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद रहे। 24 अक्टूबर 2019 को दिल्ली हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शिवकुमार की रिहाई हुई थी। शिवकुमार के खिलाफ सीबीआई ने भ्रष्टाचार निरोधी कानून के तहत आय से ज्यादा संपत्ति का केस दर्ज किया।

### बिहार में शराब...

बता दें कि बिहार के पटना से उड़ा ड्रोन छपरा में जाकर गायब हो गया था, जिसका अभी तक सुराग नहीं मिल पाया है। इस ड्रोन की कीमत करीब 60 लाख रुपये है, जो शराब धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लाया गया था। उत्पाद विभाग की ओर से 9 मई को पटना के दियारा इलाके से ड्रोन को उड़ाया गया था। छपरा के क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद गायब हो गया था। छपरा के तेलवा में आने के बाद पायलट से कनेक्श टूट गया था। इसके बाद से लापता चल रहा है।

### राज्य भर में तेज आंधी...

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावनाएं बन रही है, लेकिन इससे तापमान में असर नहीं देखा जायेगा। 21 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। पर तापमान में कमी की बात नहीं की गयी है। विभाग के अनुसार मुख्य रूप से बारिश उत्तर पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भाग में दर्ज की जायेगी। रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, दुमका, देवघर, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, साहेबगंज, धनबाद समेत अन्य जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। 19 तक मध्यम दर्जे की बारिश होगी। बारिश के साथ कुछ इलाकों में 30 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार से हवाएं चलेंगी। **18 जिलों का तापमान 40 डिग्री पार :** रांची : 39.8, जमशेदपुर: 43.3, डालटनगंज : 43.3, बोकारो : 40.5, देवघर : 41.5, गढ़वा : 42.1, गिरीडीह : 40.6, गोड्डा : 37.7, गुमला : 40.1, हजारीबाग : 38.5, खूंटी : 40.4, लातेहार : 40, लोहरदगा : 42.2, पाकुड़ : 41.0, रामगढ़ : 40, साहिबगंज : 41.2, सिमडेगा : 41.0, पश्चिमी सिंहभूम : 42.0।

### मददगारों की सूची बनी...

रेलवे कोयला साइडिंग में टीपीसी उग्रवादियों का वर्चस्व खत्म होने के बाद आपराधिक गिरोह की धमक को बढ़ाया। नक्सलियों की तरह अमन श्रीवास्तव का गिरोह लगातार अपनी गतिविधियां बढ़ाने लगा। रामगढ़ व हजारीबाग में सक्रिय अमन श्रीवास्तव का गिरोह लातेहार में रेलवे साइडिंग शुरू होने के बाद सक्रिय हुआ। गिरोह द्वारा पूर्व में प्रति रैक 50- 80 हजार रुपए का गुंडा टैक्स मांगा जाता था। कोयला कारोबार में प्रतिद्वंदिता के कारण भी अमन श्रीवास्तव की गतिविधियां चतरा, लोहरदगा, लातेहार, रांची में बढ़ चला था। रांची के खलारी स्थित केडी ओल्ड, पिस्का, चतरा का राजधर, लोहरदगा का बड़कीचापी, लातेहार का टोरी, वीरा टोली, कुसमाही, बालूमाथ, फुलबसिया के अलावा रामगढ़ का बड़काकाना, पतरातू और भुरकुंडा में स्थित रेलवे साइडिंग में जुड़े व्यवसायियों को पूर्व से धमकी दिया जाता था। **छह जिलों की पुलिस के लिए बना था चुनौती :** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव झारखंड के रांची, रामगढ़, चतरा, लोहरदगा, हजारीबाग और लातेहार जिले की पुलिस के लिए चुनौती बन गया था। अमन श्रीवास्तव गिरोह द्वारा जहां व्यवसायियों से रंगदारी वसूली जा रही है, वहीं रंगदारी नहीं देने पर वाहनों में आगजनी और जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। अमन श्रीवास्तव पिछले 8 वर्षों से आतंक का पर्याय बना हुआ था।

### लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी समेत...

आतंकवाद रोधी एजेंसी ने राज्य पुलिस बलों के साथ मिलकर तड़के ही परिसरों और संदिग्धों से जुड़े अन्य स्थानों पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक छापेमारी अभी भी जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, एनआईए ने पिछले साल तीन मामले दर्ज किए थे, जिनमें आरोप लगाया गया था कि आतंकवादी संगठन और विदेश में मौजूद उनके समर्थक लक्षित हत्याओं और हिंसक आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने के लिए भारत के उत्तरी राज्यों में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह भी सामने आया था कि आतंकवादियों, नशीले पदार्थों के तस्करों और माफियाओं का नेटवर्क अवैध हथियारों तथा गोला-बारूद का निर्माण एवं आपूर्ति करने वाले एक व्यापक अंतरराज्यीय गिरोह के माध्यम से सीमा पार हथियारों, विस्फोटकों और आईईडी सहित अन्य आतंकवादी साजोसामान की तस्करी में सक्रिय है। अधिकारियों के अनुसार, एनआईए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत विभिन्न आपराधिक गिरोहों के 19 सदस्यों, दो हथियार आपूर्तिकर्ताओं और नेटवर्क से जुड़े एक फाइनेंसर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### इमरान के घर छिपे हैं...

मिलिट्री कोर्ट तय करेगी सजा : मीर से जिन्ना हाउस पर हमले से जुड़ा सवाल भी पूछा गया। उनका कहना था कि जिन्ना हाउस पर हमले को आसानी से रोका जा सकता था। लेकिन मुख्यमंत्री ने पुलिस को हथियार प्रयोग करने से रोक दिया था। ताकि खूनखराबे को रोका जा सके। जिन्ना हाउस जो कि कोर कमांडर का आधिकारिक घर है, उस पर हमले के दौरान कई प्रदर्शनकारी घर के अंदर लोगों के संपर्क में थे। मीर ने आगे कहा कि सरकार ने फैसला किया है कि सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने वालों का ट्रायल मिलिट्री कोर्ट में होगा। **सेना आगबबूला, लटकी गिरफ्तारी की तलवार :** इमरान खान बुरी तरह फंस गए हैं और अब उनके राजनीतिक भविष्य पर खतरा मंडराने लगा है। इमरान खान पर पाकिस्तानी सेना अब आर्मी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कर सकती है। इस कानून के तहत दोषी पाये जाने पर मौत की सजा का भी प्रावधान है। पाकिस्तान में 9 मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद देशभर में हिंसा हुई थी। उनके समर्थकों ने संवेदनशील सैन्य ठिकानों में तोड़फोड़ की थी। भारी नुकसान पहुंचाया। रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय जनरल हेडक्वार्टर, लाहौर में कोर कमांडर हाउस, जिन्ना हाउस लाहौर, रेडियो पाकिस्तान के पेशावर कार्यालय और देश भर में अन्य सरकारी और राज्य संस्थान कार्यालयों और इमारतों पर हमले किये गये थे।

स्पीड न्यूज

## सैन्य जानकारी साझा करने के मामले में दो गिरफ्तार

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने देश की रक्षा तैयारियों की जानकारी विदेशी एजेंसियों को मुहैया कराने के आरोप में एक पत्रकार विवेक रघुवंशी और उसके सहयोगी पूर्व नेवी कमांडर आशीष पाठक को ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

## डीयू में पेटेंट पर 3 महीने का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने एक नयी पहल करते हुए समय की मांग के अनुरूप पेटेंट पर एक सर्टिफिकेट कोर्स सर्टिफिकेट कोर्स ऑन पेटेंट की शुरुआत की है। कोर्स का शुभारंभ विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज के अकादमिक परिषद हॉल में बुधवार को किया गया।

## 27वीं बार एवरेस्ट फतह कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

**काठमांडू।** नेपाल के कामिरिता शेरपा ने 27वीं बार बुधवार की सुबह माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की। उन्होंने माउंट एवरेस्ट फतह कर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शेरपा 54 साल के हो गये हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने क्वाड की बैठक टाली

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में अगले सप्ताह प्रस्तावित क्वाड देशों की बैठक टाल दी गयी है। आस्ट्रेलिया ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बैठक में न आने के फैसले की वजह से यह फैसला किया है। चार प्रमुख देशों भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के संगठन क्वाड की बैठक अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित थी।

# पीएलआइ योजना 2.0 को मिली मंजूरी

## केंद्रीय कैबिनेट का फैसला : 2430 करोड़ रुपये निवेश प्राप्ति की संभावना

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आइटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआइ) को मंजूरी दे दी है। इस पर 17 हजार करोड़ रुपये का बजटीय परिव्यय होगा। कार्यक्रम की अवधि 6 वर्ष है। इससे 2,430 करोड़ रुपये के निवेश प्राप्ति की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आइटी हार्डवेयर के लिए पीएलआइ स्कीम 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। इसमें लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पीसी, सर्वर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर डिवाइस शामिल हैं।


मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि पीएलआइ योजना इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, मोबाइल और टेलीकॉम उपकरणों के उत्पादन के क्षेत्र में सफल रही है। इससे इन क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ा है और भारत इनका बढ़ा निर्यातक बना है। उन्होंने कहा कि अब सरकार आइटी हार्डवेयर क्षेत्र के लिए भी योजना लेकर आयी है। इससे इस क्षेत्र का उत्पादन 3.35 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ेगा। क्षेत्र को 2,430 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा और प्रत्यक्ष तौर पर 75 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं, अप्रत्यक्ष तौर पर 2 लाख से ज्यादा रोजगार पैदा होंगे।

सरकार के अनुसार भारत सभी वैश्विक बड़ी कंपनियों के लिए एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभर रहा है। बड़ी आइटी हार्डवेयर कंपनियों ने भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में दिलचस्पी दिखायी है। यह देश के भीतर अच्छी मांग वाले मजबूत आइटी सेवा उद्योग द्वारा समर्थित है। अधिकांश बड़ी कंपनियां भारत में स्थित घरेलू बाजारों की आपूर्ति करना चाहती हैं और साथ ही भारत को एक निर्यात केंद्र बनाना चाहती हैं।

## खरीफ सीजन के लिए 1.08 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सीजन में यूरिया के लिए 70 हजार करोड़ रुपये और डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के लिए 38 हजार करोड़ रुपये सहित कुल 1.08 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों में संशोधन के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि दुनिया भर में उर्वरकों के दाम बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसानों को नुकसान से बचाने के लिए सरकार सब्सिडी दे रही है।

## निरहुआ-आम्रपाली का गाना 'तू अइला हमरा जिंनगी में' ने तोड़े सारे रिकार्ड



**जुबली स्टार** व सांसद दिनेशलाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे स्टारर गाना 'तू अइला हमरा जिंनगी में' रिकार्ड ब्रेकर साबित हो रहा है। इस गाने ने भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के सभी रिकार्ड ब्रेक कर दिये हैं। गाने को पहले ही दिन महज 10 घंटे में 2.5 मिलियन लोगों ने देख लिया है। भोजपुरी के किसी भी गाने को इतने कम समय में इतनी बार नहीं देखा गया है। यह एक रोमांटिक गाना है, जिसमें आम्रपाली दुबे और दिनेशलाल निरहुआ का हार्ट टचिंग केमेस्ट्री नजर आ रही है। 'तू अइला हमरा जिंनगी में' फिल्म माई प्राउड ऑफ भोजपुरी का खूबसूरत गाना है। इस गाने को वर्ल्ड वाइड रेकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल से रिलीज किया गया। इस फिल्म को मंगलवार (16 मई) को ही जियो सिनेमा पर स्ट्रीम किया गया था, जिसे खूब सारे व्यूज मिले हैं। 'तू अइला हमरा जिंनगी में' को स्निग्द्धा सरकार ने अपनी सुरीली आवाज दी है, जबकि प्यारेलाल यादव ने इसके गीत लिखे हैं। प्रसिद्ध संगीतकार रजनीश मिश्रा ने इस गाने को संगीतबद्ध किया है। रजनीश मिश्रा ने एक बार फिर से अपने इस खूबसूरत संगीत से ना सिर्फ भोजपुरी के ग्राफ को एक नयी ऊंचाई दी है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि भोजपुरी सिनेमा में भी अच्छी चीजें बन सकती है और ऑडियंस उसे खूब पसंद भी करती है।

# विवान को ओलंपियाड ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज में चतुर्थ स्थान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल के कक्षा तृतीय के विवान जैन ने इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। ज्ञान में लोगों की आयु नहीं देखी जाती, इसे विवान जैन ने चरितार्थ किया है। विवान ने इंटरनेशनल स्तर पर चतुर्थ जोनल रैंक प्रथम तथा स्टेट रैंक में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा बढ़ायी है और अपने ज्ञान का परिचय दिया है। विद्यालय की डायरेक्टर (एकेडमिक) रंजना स्वरूप एवं प्रिंसिपल जसमीत कौर ने विवान को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर उसकी उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम, मेहनत, लगन, धैर्य, आशावादी और समय का सदुपयोग करने की जरूरत होती है। विवान की इस उपलब्धि पर समस्त शारदा ग्लोबल परिवार ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## 2024 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थवयवस्था : संयुक्त राष्ट्र

**नयी दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। मजबूत घरेलू मांग की बदौलत भारतीय अर्थव्यवस्था के कैलेंडर वर्ष 2024 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र ने जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊंची ब्याज दरों तथा कमजोर बाहरी मांग की वजह से देश के निवेश और निर्यात पर दबाव बना रहेगा। संयुक्त राष्ट्र की 2023 के मध्य तक वैश्विक आर्थिक स्थिति और संभावनाएं शीर्षक वाली ये रिपोर्ट मंगलवार को यहां जारी की गयी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो कैलेंडर वर्ष 2023 में 5.8 फीसदी और 2024 में 6.7 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर्ज करेगी। हालांकि, ऊंची ब्याज दरों और कमजोर बाहरी मांग से 2023 में देश के निवेश और निर्यात पर दबाव बना रहेगा।

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर आगबबूला इमरान पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजनीति में अब इमरान खान के भविष्य को लेकर सवालिया निशान लगने लगे हैं। पाकिस्तान में 9 मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की इस्लामाबाद हाइकोर्ट में गिरफ्तारी के बाद हिंसा, झड़प और अराजकता देखी गयी। इमरान की पार्टी पीटीआइ के समर्थकों ने देश भर में संवेदनशील सैन्य ठिकानों में तोड़फोड़ की और उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया। लगभग 72 घंटे तक चली हिंसा में रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय जनरल हेडक्वार्टर, लाहौर में कोर कमांडर हाउस, जिन्ना हाउस लाहौर, रेडियो पाकिस्तान के पेशावर कार्यालय और देश भर में अन्य सरकारी और राज्य संस्थान कार्यालयों और इमारतों पर हमले किये गये।

पाकिस्तानी सेना ने अब हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है। जीएचक्यू

### कठिन हो सकते हैं आने वाले दिन

रावलपिंडी में आयोजित कोर कमांडरों के सम्मेलन के एक विशेष सत्र के दौरान, थल सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर को 9 मई से हिंसा की घटनाओं और भीड़ के हमलों के बारे में जानकारी दी गयी। पाकिस्तानी सेना के कमांडरों ने इन घटनाओं पर अपनी पीड़ा व्यक्त की। कोर कमांडर्स कांफ्रेंस में इस बात पर सहमत हुई कि भविष्य में यदि 9 मई की तरह प्रयास दोहराये जाते हैं, तो कोई संयम नहीं दिखाया जायेगा। सशस्त्र बलों ने हमलों को विदेश समर्थित और आंतरिक रूप से सैन्य प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक / निजी संपत्तियों के खिलाफ उकसाया करार दिया। जनरल मुनीर की सेना ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ और उसके नेता इमरान खान का नाम लिये बिना, उनके द्वारा उकसाए गये उनके समर्थकों को गिरफ्तार करने की ओर इशारा किया है, जिसके कारण सैन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ हमले हुए हैं, और उनके खिलाफ मुकदमा शुरू किया गया है। सेना ने कुछ मामलों में आर्मी एक्ट और ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट भी शुरू करने का फैसला किया है। लाहौर में अपने जमान पार्क निवास से इस्लामाबाद के लिए रवाना होने से पहले 9 मई को अपने बयान में, उन्होंने सैन्य प्रतिष्ठान पर एक बार फिर से चेतावनी दी थी कि अगर उन्हें गिरफ्तार करने का कोई प्रयास किया जाता है, तो परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। अब, जब सेना कानूनी मामलों के साथ इसका जवाब देने के लिए तैयार है, तो इमरान खान के आने वाले दिन कठिन होने वाले हैं। उन्हें बुक और ट्रायल किया जा सकता है। किसी भी संदर्भ के तहत, अगर इमरान खान के खिलाफ मामला दर्ज किया जाता है और उन पर किसी भी अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जाता है, तो आजीवन कारावास या मृत्युदंड का सामना करना पड़ सकता है।

## वाणिज्य की खबरें

### लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली।** वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई थी, लेकिन दिन के कारोबार के दौरान बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार लगातार लुढ़कता चला गया। हालांकि, आखिरी 2 घंटे के कारोबार में खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली भी की, पर बाजार लाल निशान में ही बंद हुआ। दिन भर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.60 प्रतिशत और निफ्टी 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज लगातार दूसरे दिन गिरावट के कारण निवेशकों को करीब 90 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। बीएसइ सेंसेक्स 371.83 अंक की कमजोरी के साथ 61,560.64 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी आज 104.75 अंक की कमजोरी के साथ 18,181.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# जब तक शरीर में प्राण रहेगा, बिहार आते रहेंगे : बाबा बागेश्वर

एजेंसी

### पटना में पांच दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन




**पटना।** बाबा बागेश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 13 मई को पटना आये थे। नौबतपुर के तरेत पाली मठ में उनके पांच दिवसीय हनुमंत कथा को सुनने लिए देश के कोने कोने से लोग पहुंचे। बुधवार (17 मई) को उनके कार्यक्रम का समापन हो गया। इसके बाद वे पटना एयरपोर्ट से मध्य प्रदेश चले गये। बिहार से वापस जाने के दौरान बागेश्वर बाबा ने कहा, जबतक शरीर में प्राण रहेगा बिहार आते रहेंगे।

बिहार वासियों पर बागेश्वर बाबा की दीवानगी सिर चढ़कर बोलती रही। 13 मई से पहले से ही भक्तों के पटना पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। वैसे, बागेश्वर बाबा के बिहार दौरे पर जमकर सियासत भी हुई। राजद ने जहां विरोध का ऐलान किया था, वहीं भाजपा ने भी मोर्चा संभालते हुए हर कदम पर बागेश्वर सरकार का समर्थन किया। बिहार में बागेश्वर बाबा को मिले प्रेम का ही नतीजा है कि उनके और भी कई कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर बागेश्वर धाम कमेटी विचार कर रही है। लोगों की ओर से मिले अथाह स्नेह का नतीजा रहा कि बागेश्वर बाबा ने जाते-जाते वापस आने का ऐलान भी कर दिया। पंडित धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा के दर्शन के लिए 13 मई को पटना एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में भक्तों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसद मनोज तिवारी ने खुद बागेश्वर बाबा को गाड़ी ड्राइव कर होटल पनाश तक पहुंचाया। पटना से सटे नौबतपुर प्रखंड के तरेत पाली मठ पर बाबा के कार्यक्रम में आम जनता के साथ ही वीआइपी लोग भी पहुंचे। तरेत पाली मठ के परिसर में 5 दिनों तक हनुमंत कथा और प्रवचन चलता रहा। धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के लिए भक्त सिर्फ बिहार से ही नहीं, बल्कि देश के दूसरे राज्यों और नेपाल से भी पहुंचे थे। इस दौरान भक्तों ने दिव्य दरबार में अपनी अर्जी भी दी और बाबा ने उनकी समस्याओं का निदान किया। भोजपुरी सिनेमा जगत के दो बड़े सितारे भी बागेश्वर बाबा से मिलने पहुंचे थे। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह और सीने स्टार पवन सिंह ने बागेश्वर बाबा के दरबार में हाजिरी लगायी। इस दौरान अक्षरा ने बाबा बागेश्वर को अपनी सुरीली आवाज में भजन गाकर भी सुनाया।

























# श्री बागेश्वर धाम



अरविन्द पाण्डेय

**श्रीबागेश्वर धाम का समर्थन** : श्री बागेश्वर धाम एक सिद्ध तीर्थ है जहां श्री हनुमान जी महाराज की सजीव प्रतिमा विराजित है..

पटना के समीप तरेत पाली मठ के हनुमंत कथा में 50 लाख लोगों ने शिरकत की। आखिर कौतूहल स्वाभाविक है संत धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के बारे में।

श्रीहनुमान जी महाराज के कृपापात्र संत श्री धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री जी वहीं के साधक हैं और सनातन धर्म की निरंतर विश्वव्यापी सेवा कर रहे हैं..

संत श्री शास्त्री अपनी सभाओं में जिन अतिंद्रिय कार्यों का आश्चर्य मूलक प्रदर्शन करते हैं उन कार्यों को करने वालों को आजकल सारे विश्व में विज्ञान की भाषा में मेंटलिस्ट और मांइड रीडर आदि कहा जाता है...

भारत में नकुल शनाय,डॉ कुर्तो पारेख, राहुल खरबंदा, सुहानी शाह आदि प्रसिद्ध मेंटलिस्ट हैं जो अपने कार्यक्रमों में इस तरह के चामत्कारिक प्रदर्शन करते हैं।

हां, मेंटलिस्ट जो प्रदर्शन करते हैं उसे वे घोषित रूप से ईश्वरीय कृपा नहीं कहते किंतु जब कोई आध्यात्मिक साधक वही प्रदर्शन करता है तो वह उसे अपने इष्टदेव द्वारा प्रदत्त कृपा के रूप में घोषित करता है..यही अंतर है..

यहां यह जान लेना चाहिए कि मेंटलिस्ट को भी ऐसे प्रदर्शन के पहले कठिन अभ्यास या साधना करनी पड़ती है..

तो संत श्री शास्त्री के कार्यक्रमों में अपार जनसमूह एकत्र होने से स्वाभाविक रूप से उन पर सनातन धर्म द्रोहियों का आक्रमण प्रारंभ होना था जो प्रारंभ भी हो चुका है क्योंकि वे स्वयं को अंग्रेजी में मेंटलिस्ट नहीं कहते, वे स्वयं को श्री हनुमान जी महाराज का कृपा पात्र कहते हैं..

कुछ दिन पूर्व उनका नागपुर में प्रवचन का कार्यक्रम था.. 7 दिन के कार्यक्रम की समाप्ति के बाद जब वे वहां से प्रस्थान कर चुके तो महाराष्ट्र की एक संस्था के प्रतिनिधि ने उन्हें चैलेंज किया कि यदि वे उस संस्था की शर्तों के अनुरूप कुछ चमत्कार जैसा कार्य करके दिखाएं तो उन्हें 30 लाख रुपए की राशि पुरस्कार में दी जाएगी अन्यथा उनके विरुद्ध मुकदमा किया जाएगा।

संत श्री धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री जी का नागपुर में पांच दिनों तक प्रवचन होता रहा किंतु जब उनका प्रवचन समाप्त हुआ और वे वहां से प्रस्थान कर गए तो एक संस्था के प्रतिनिधि ने उनके विरुद्ध महाराष्ट्र नरबलि, अमानवीय कुप्रथा,अघोरी एवं कालाजादू उन्मूलन अधिनियम 2013 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करने के लिए आवेदन दिया और मीडिया में समाचार प्रकाशित कराया कि श्री शास्त्री जी ने उनकी चुनौती को स्वीकार नहीं किया और नागपुर से चले गए.. यह तो इसी तरह हुआ कि कोई व्यक्ति किसी हार्ट सर्जन को कहे कि तुम मेरे सामने हार्ट सर्जरी करके दिखाओ तो 50 लाख रुपए पुरस्कार देगें नहीं तो फर्जी डॉक्टर होने का मुकदमा करेंगे।

जिस अधिनियम में उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने का मिथ्या प्रवाद प्रसारित किया गया उसमें नरबलिअमानवीय कुप्रथा, अघोरी और काला जादू के आचरण, सहयोग, विज्ञापन आदि के लिए दंड का प्रावधान है.. इसी अधिनियम की धारा 12 में अनेक उदाहरण देकर धार्मिक, पांथिक प्रसार प्रचार या यहां तक कि जैन धर्म वालों के केशलुंचन आदि प्रथाओं को अपराध की श्रेणी से बाहर माना गया है..

इस अधिनियम की अनुसूची में काला जादू, अघोरी क्रिया आदि का विस्तृत सूचीकरण है और केवल उन्हीं अनुचित क्रियाओं के लिए ही अधिनियम की धारा 5 के अंतर्गत नियुक्त सतर्कता अधिकारी मुकदमा दर्ज करा सकता है..

किंतु, सोशल मीडिया पर मिथ्या प्रवाद प्रचारित किया गया कि संत श्री धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री के विरुद्ध मुकदमा हो गया, वे नागपुर छोड़कर चले गए, आदि आदि..



**ऐसे मिथ्याप्रवादों से बचने की आवश्यकता है..**

कम से कम मुझे उनके कार्यक्रमों को टीवी पर देखने के बाद नहीं ऐसा नहीं प्रतीत हुआ कि संत श्री धीरेंद्रकृष्ण शास्त्री जी द्वारा इस अधिनियम के किसी प्रावधान का कभी उल्लंघन किया गया है!

हां, वे अत्यंत प्रखरता प्रगल्भता के साथ हिंदू धर्म अर्थात सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति का व्याख्यान और प्रसार करते हैं।

वर्तमान का सत्य यह है संत श्री धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री की प्रवचन सभाओं में हजारों श्रद्धालु जाते हैं कथा श्रवण का लाभ लेते हैं। उन्हें स्वामी रामदेव जैसे विश्वप्रसिद्ध योग साधकों और लब्धप्रतिष्ठ संतों का सान्निध्य, सम्मति और सहमति प्राप्त है. उनके द्वारा उपदिष्ट धार्मिक विधियों का अनुपालन करने से हजारों श्रद्धालुओं को लाभ की अनुभूति हुई है.. वे सनातन धर्म अर्थात हिंदू धर्म के विश्वव्यापी प्रसार और प्रचार में निरंतर निरत हैं.. वे एक प्रगल्भ और प्रखर हिंदू प्रवक्ता हैं जिन्हें इस समय सारे विश्व में श्रद्धा के साथ सुना जा रहा है.. महाराष्ट्र की संस्था द्वारा किए गए परिवाद पर मुकदमा दर्ज होगा या नहीं यह महाराष्ट्र के कानून द्वारा नियुक्त सतर्कता अधिकारी के विवेक पर निर्भर है और भविष्य के गर्भ में है। किंतु, संप्रति श्री हनुमान जी महाराज के कृपापात्र संत श्री धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री का यश निरंतर वर्धमान और प्रखर होता जा रहा है और वे हिंदुओं के लोकप्रिय प्रवचन पुरोधा के रूप में अग्रगामी हैं झ इस समय यही सत्य है।

**(लेखक चर्चित पुलिस अधिकारी और सनातन धर्म के मर्मज्ञ हैं।)**

# गुप्त तपस्या का केंद्र रही है नर्मदा



सुधीर कुमार

**पुण्यसलिला** मेकलसुता मां नर्मदा, जिनके पुण्य प्रताप से हर कोई परिचित है। वैसे तो आमतौर अनेक नदियों से कोई न कोई कथा जुड़ी हुई है, लेकिन मां नर्मदा इनमें सबसे भिन्न हैं। यह एकमात्र ऐसी नदी है जिसका पुराण है। यह एकमात्र ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। बड़े-बड़े ऋषि मुनि नर्मदा के तटों पर गुप्त तप करते हैं। मान्यता है कि एक बार क्रोध में आकर इन्होंने अपनी दिशा परिवर्तित कर ली और चिरकाल तक अकेले ही बहने का निर्णय लिया। ये अन्य नदियों की तुलना में विपरीत दिशा में बहती हैं। इनके इस अखंड निर्णय की वजह से ही इन्हें चिरकुंआरी कहा जाता है। यहां हम आपको नर्मदा मैया से जुड़े कुछ ऐसे तथ्यों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनके बारे में जानना संभव नहीं होता। पुराणों में ऐसा बताया गया है कि इनका जन्म एक 12 वर्ष की कन्या के रूप में हुआ था। समुद्र मंथन के बाद भगवान शिव के पसीने की एक बूंद धरती पर गिरी जिससे मां नर्मदा प्रकट हो गईं। इसी वजह से इन्हें शिवसुता भी कहा जाता है। चिरकुंआरी मां नर्मदा के बारे में कहा जाता है कि चिरकाल तक मां नर्मदा को संसार में रहने का वरदान है। ऐसा उल्लेख मिलता है कि भगवान शिव ने मां रेवा को वरदान दिया था कि प्रलयकाल में भी तुम्हारा अंत नहीं होगा। अपने निर्मल जल से तुम युगों-युगों तक इस समस्त संसार का कल्याण करोगी। मध्य प्रदेश के खूबसूरत स्थल अमरकंटक अनूपपुर से मां नर्मदा का उद्गम स्थल है। यहां ये एक छोटी-सी धार से प्रारंभ होकर आगे बढ़ते हुए विशाल रूप धारण कर लेती हैं। यह स्थान अद्भुत दृश्यों के लिए भी जाना जाता है। इसी जगह पर मां रेवा का




विवाह मंडप आज भी देखने मिलता है। पुराणों के अनुसार अपने प्रेमी सोनभद्र से क्रोधित होकर ही इन्होंने उल्टा बहने का निर्णय लिया और गुस्से में अपनी दिशा परिवर्तित कर ली। सोनभद्र और सखी जोहिला ने बाद में इनसे क्षमा भी मांगी, किंतु तब तक नर्मदा दूर तक बह चुकी थी। अपनी सखी के विश्वास को खंडित करने की वजह से ही जोहिला को पूज्यनीय नदियों में स्थान नहीं दिया गया है।

सोन नदी या नद सोनभद्र का उद्गम स्थल भी अमरकंटक ही है। वैसे तो मां नर्मदा को लेकर अनेक मान्यताएं हैं लेकिन ऐसा बताया जाता है कि जो भी भक्त पूरी निष्ठा के साथ इनकी पूजा व दर्शन करते हैं उन्हें ये जीवनकाल में एक बार दर्शन अवश्य देती हैं। जिस प्रकार गंगा में स्नान का पुण्य है उसी प्रकार नर्मदा के दर्शन मात्र से मनुष्य के कष्टों का अंत हो जाता है। अन्य नदियों से विपरीत नर्मदा से निकले हुए पत्थरों को शिव का रूप माना जाता है। ये स्वयं प्राणप्रतिष्ठित होते हैं अर्थात नर्मदा के पत्थरों को प्राण प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता नहीं होती। इसी कारण देश में ही नहीं विदेशों में भी नर्मदा से निकले हुए पत्थरों की शिवलिंग के रूप में सर्वाधिक मान्यता है। ऐसी पुरातन मान्यता है कि गंगा स्वयं प्रत्येक साल नर्मदा से भेंट एवं स्नान करने आती हैं। मां नर्मदा को मां गंगा से भी अधिक पवित्र माना गया है कहा जाता है कि इसी वजह से गंगा हर साल स्वयं को पवित्र करने नर्मदा के पास पहुंचती हैं।

**(लेखक शिक्षाविद, काउंसलर हैं।)**

# ब्रह्म मुहूर्त में जागने ध्यान योग का अतिरेक लाभ



नागेन्द्र सिंह

**बदलती** जीवनशैली में हम देर से सोने और देर से जागने को आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा मानने लगे हैं, परन्तु हमेशा से ही अच्छी सेहत पाने के लिए रात को जल्दी सोना और सुबह जल्दी जागने की बात कही गई है। देर से सोना और देर से उठना दोनों ही आदतें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं। यही कारण है कि हमारी प्राचीन परम्पराओं में सुबह उठने का समय भी तय किया गया है यह है 'ब्रह्म मुहूर्त', यानि कि रात्रि का अंतिम प्रहर या सूर्योदय से लगभग डेढ़ घंटे पहले का समय।दिल और दिमाग दोनों के लिए बेहतर

सुबह जल्दी उठना हमारे लिए किसी दवा से कम नहीं है, ये आदत जीवन में आई हर स्वास्थ्य समस्या का अंत सकारात्मक प्रभाव से करेगी। जल्दी उठने की आदत डालेंगे तो इम्यून सिस्टम मजबूत होगा, जिससे रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और आप बीमार नहीं पड़ेंगे। वैज्ञानिक शोधों से यह साबित हो चुका है कि जल्दी उठना दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे दिमाग की कोशिकाएं सक्रिय रहती हैं, जिससे दिमाग तेज होता हैं और याददाश्त अच्छी बनी रहती हैं। ब्रह्म मुहूर्त में सत्वगुण की होती है अधिकता

हमारे शास्त्रों में भी ब्रह्म मुहूर्त में जागने को ही सही बताया गया है,तभी तो प्राचीन काल में ब्रह्म मुहूर्त में गुरुओं द्वारा अपने शिष्यों को वेदों एवं शास्त्रों का अध्ययन करवाया जाता था। संसार के प्रसिद्ध साधक, बड़े-बड़े विद्वान और दीर्घजीवी मनुष्य सूर्योदय के पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में उठकर ही दैनिक कार्यों की शुरुआत करते थे। ऋग्वेद में कहा गया हैं कि जो मनुष्य सुबह उठता हैं, उसकी आयु लंबी होती हैं। ब्रह्म मुहूर्त में तम एवं रजो गुण की मात्रा बहुत कम होती हैं तथा इस समय सत्वगुण का प्रभाव अधिक होता हैं, इसलिए इस काल में बुरे मानसिक विचार भी सात्विक और शांत हो जाते हैं।



## ब्रह्म मुहूर्त के बारे में क्या कहता है आयुर्वेद

आयुर्वेद के अनुसार इस समय में बहने वाली वायु चन्द्रमा से प्राप्त अमृत कणों से युक्त होने के कारण हमारे स्वास्थ्य के लिए अमृत तुल्य होती है, यह वीरवायु कहलाती हैं। इस समय भ्रमण करने से शरीर में शक्ति का संचार होता है और शरीर कांतियुक्त हो जाता है। हम प्रात? सोकर उठते हैं तो यही अमृतमयी वायु हमारे शरीर को स्पर्श करती हैं। इसके स्पर्श से हमारे शरीर में तेज, बल शक्ति, स्फूर्ति एवं मेधा का संचार होता है, जिससे मन प्रसन्न व शांत होता है। इसके विपरीत देर रात तक जागने से और सुबह देर तक सोने से हमें यह लाभकारी वायु प्राप्त नहीं हो पाती, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है।

## ब्रह्म मुहूर्त में जागने का वैज्ञानिक सच

अनेक शोधों के अनुसार प्रात?काल ब्रह्म मुहूर्त के समय हमारा वायुमंडल काफी हद तक प्रदूषण रहित होता है। इस समय दिन के मुकाबले वातावरण में प्राणवायु ऑक्सीजन की मात्रा भी अधिक होती है। सुबह-सुबह की शुद्ध वायु हमारे तन-मन को स्फूर्ति और ऊर्जा से भर देती है। फेंफड़ों की शक्ति बढ़ती है, जिससे रक्त शुद्ध होता है। यही वजह है कि इस समय में की गई सैर एवं व्यायाम, योग व प्राणायाम शरीर को निरोगी रखते हैं। इसके अलावा पक्षियों की चहचाहट से सुबह का माहौल खुशनुमा हो जाता है, जिससे हमारा तन-मन प्रफुल्लित होकर तरोताजा हो जाता है।

## दिनचर्या होगी ठीक तो मिलेगी सफलता

सुबह जल्दी उठना दिनचर्या का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि जल्दी उठने से दिन भर के कार्यों और योजनाओं को बनाने का हमें पर्याप्त समय मिल जाता है। न ऑफिस में देर से पहुंचने और न ही बच्चों की स्कूल बस छूटने की समस्या होती है। हर कार्य पूर्व नियोजित ढंग से पूर्ण होता है, जिससे दिमाग में कोई तनाव नहीं होता है, अपनी रूचि के कार्यों को करने का भी समय मिल जाता है। ब्रह्म मुहूर्त में जागने वाला व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहकर सुखी और समृद्ध हो सकता है। जल्दी उठकर हम अपनी व्यस्त जीवन शैली में से भी अपने करीबी रिश्तेदार और मित्रों के लिए समय निकाल पाएंगे, नतीजा रिश्तों को मजबूती मिलेगी।

# भगवान शिव की पुत्री अशोक सुंदरी



जीवीएस शास्त्री

**भगवान** शिव की एक पुत्र का नाम अशोक सुंदरी था। हालांकि महादेव की और भी पुत्रियां थीं जिन्हें नागकन्या माना गया- जया, विषहर, शामिलबारी, देव और दोतलि। अशोक सुंदरी को भगवान शिव और पार्वती की पुत्री बताया गया इसीलिए वही गणेशजी की बहन है। इनका विवाह राजा नहुष से हुआ था। पद्मपुराण अनुसार अशोक सुंदरी देवकन्या हैं। दरअसल, माता पार्वती के अकेलेपन को दूर करने हेतु कल्पवृक्ष नामक पेड़ के द्वारा ही अशोक सुंदरी की रचना हुई थी। एक बार माता पार्वती विश्व में सबसे सुंदर उद्यान में जाने के लिए भगवान शिव से कहा। तब भगवान शिव अपनी पत्नी पार्वती को नंदनवन ले गए। वहां माता को कल्पवृक्ष से लगाव हो गया और वे उस वृक्ष को लेकर कैलाश आ गईं। कल्पवृक्ष मनोकामना पूर्ण करने वाला वृक्ष है। पार्वती ने अपने अकेलेपन को दूर करने हेतु उस वृक्ष से यह वर मांगा कि उन्हें एक कन्या प्राप्त हो। तब कल्पवृक्ष द्वारा अशोक सुंदरी का जन्म हुआ। माता पार्वती ने उस कन्या को वरदान दिया कि उसका विवाह देवराज इंद्र जैसे शक्तिशाली युवक से होगा। इसी वरदान के असर के कारण एक बार अशोक सुंदरी अपनी दासियों के साथ नंदनवन में विचरण कर रही थीं तभी वहां हुंड नामक राक्षस का आया। जो अशोक सुंदरी की सुंदरता से मोहित हो गया और उसने अशोक सुंदरी के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा। लेकिन अशोक सुंदरी ने अपने वरदान और विवाह के बारे में बताया कि उनका विवाह नहुष से ही होगा। यह सुनकर राक्षस ने कहा कि वह नहुष को मार डालेगा। ऐसा सुनकर अशोक सुंदरी ने राक्षस को शाप दिया कि जा दुष्ट तेरी मृत्यु नहुष के हाथों ही होगी। यह सुनकर वह राक्षस घबरा गया। तब उसने राजकुमार नहुष का अपहरण कर लिया। लेकिन नहुष को राक्षस हुंड की एक दासी ने बचा लिया। इस तरह महर्षि वशिष्ठ के आश्रम में नहुष बड़े हुए और उन्होंने हुंड का वध किया। इसके बाद नहुष तथा अशोक सुंदरी का विवाह हुआ हुआ। विवाह के बाद अशोक सुंदरी ने ययाति जैसे वीर पुत्र तथा सौ रुपवती कन्याओं को जन्म दिया। ययाति भारत के चक्रवर्ती सम्राटों में से एक थे और उन्हीं के पांच पुत्रों से संपूर्ण भारत पर राज किया था। उनके पांच पुत्रों का नाम था-

1.पुरु, 2.यदु, 3.तुर्वस, 4.अनु और 5.द्रुहु। इन्हें वेदों में पंचनंद कहा गया है।

# दक्षिण का द्वारिका केरल का गुरुवायूर मंदिर




पीएम मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद केरल के दौरे पर गए थे। जहां पर उन्होंने केरल के त्रिशूर जिले के गुरुवयूर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की। गुरुवयूर मंदिर लगभग 5000 साल पुराना मंदिर है। आइए जानते हैं गुरुवयूर मंदिर का महत्व और खास बातें....

- गुरुवयूर मंदिर के देवता भगवान गुरुवायुरप्पन हैं जो कृष्ण भगवान का बालरूप के रूप में इनकी पूजा की जाती हैं।

- गुरुवयूर मंदिर को भूलोका वैकुंठम के नाम से भी जाना जाता है, जिसका मतलब होता है पृथ्वी पर भगवान विष्णु का वास।

- गुरुवयूर मंदिर को दक्षिण का द्वारका कहा जाता है। यहां पर कृष्ण भगवान के बालरूप के दर्शन होते हैं।

- केरल के इस मंदिर में गैर-हिन्दुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाती है।

- पौराणिक कथा के अनुसार इस मंदिर यह मंदिर गुरु बृहस्पति और वायु देवता से सम्बंधित है।

- बृहस्पति देव को भगवान कृष्ण की एक तैरती प्रतिमा मिली। बृहस्पति देव ने वायु देवता के साथ मिलकर कलयुग में मानवों की सहायता के लिए इस मंदिर में भगवान की स्थापना की थी।

- ऐसी मान्यता है इस मंदिर में भगवान कृष्ण की द्वापर युग में श्री कृष्ण द्वारा प्रयोग की गयी थी।

- आजादी से पूर्व अन्य मंदिरों की तरह इस मंदिर में भी हरिजनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध था। बाद में गांधी जी के आंदोलन से इस मंदिर में हरिजनों को प्रवेश की करने और पूजा करने की अनुमति मिली।

- गुरुवयूर मंदिर में पारंपरिक वेशभूषा में ही प्रवेश किया जा सकता है।